

- राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रहे प्रधानमंत्री : ममता बनर्जी - 7



- एलपीजी में 20 प्रतिशत डीएमई मिलाने से हर साल बचेंगे 34,200 करोड़ रुपये - 10



- राजनीति में दिखावा जरूरी इसलिए कभी-कभी हमें शर्मिंदगी भरे काम भी करने पड़ते हैं : ट्रंप - 11



- मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को एक और साल का अनुबंध दिया गया - 12


आज का मौसम
39.0° अधिकतम तापमान
24.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.42
सूर्यास्त 06.40

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया 07:27 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 20 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 72, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


# विपक्ष का आचरण द्रौपदी चीरहरण जैसा
# नारी सम्मान के खिलाफ अक्षम्य पाप: योगी

## नारी शक्ति वंदन संशोधन बिल पारित नहीं होने देने पर विपक्ष पर बोला तीखा हमला

- सीएम बोले, कांग्रेस, सपा, टीएमसी डीएमके समेत इंडी दलों को कभी माफ नहीं करेगी नारी शक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को पारित नहीं होने देने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने विपक्ष के आचरण की तुलना महाभारत के द्रौपदी चीरहरण प्रसंग से करते हुए इसे नारी सम्मान के खिलाफ अक्षम्य पाप बताया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन का यह व्यवहार देश की नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी।

भाजपा के राज्य मुख्यालय में रविवार को पत्रकार से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके जैसे दलों ने हर बार इन प्रयासों का विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने संसद में गैर-जिम्मेदाराना आचरण करते हुए महिलाओं को उनका अधिकार मिलने से रोकने का षड्यंत्र किया। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2023 में पारित अधिनियम को 2034 के बजाय वर्ष 2029 से लागू करने के लिए संशोधन प्रस्तावित किया था।

इसके तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए सीटें बढ़ाने का प्रावधान किया गया था, ताकि किसी भी राज्य या वर्ग के अधिकार प्रभावित न हों। इसके बावजूद विपक्ष ने सहयोग नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण की मांग संविधान की भावना के विपरीत है। उन्होंने इस संदर्भ में डॉ. भीमराव आंबेडकर और सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके सहित इंडी गठबंधन के दलों ने जिस प्रकार का रवैया अपनाया, वह लोकतंत्र के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण है।



भाजपा के राज्य मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी।

### शाहबानो प्रकरण के समय मौन क्यों थे

योगी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में सरकार गंभीर थी और इसे वर्ष 2029 से लागू कराने के लिए संशोधन लाया गया था, लेकिन विपक्ष ने राजनीतिक कारणों से इसका विरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि जो दल आज मुस्लिम महिलाओं की बात करते हैं, वे शाहबानो प्रकरण के समय मौन थे और ट्रिपल तलाक कानून का भी विरोध करते रहे हैं, जो उनके दोहरे चरित्र को दर्शाता है।

### योगी ने गिनाई महिला सशक्तीकरण योजनाएं

योगी ने महिला सशक्तीकरण के लिए कई योजनाओं का उल्लेख किया। इनमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत शामिल हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा रहा है। प्रदेश में लाखों महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक गतिविधियों में भाग ले रही हैं। इन प्रयासों से महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भागीदारी में वृद्धि हुई है।

# आधी रात 15 जिलों के डीएम बदले

- यूपी में बड़े प्रशासनिक फेरबदल में 40 आईएएस अफसरों के तबादले
- आगरा के डीएम अरविन्द मलप्पा बंगारी मुख्यमंत्री के विशेष सचिव बने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार ने रविवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए करीब 40 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में करीब 15 जिलों के जिलाधिकारियों को बदला गया है। खास तौर पर आगरा के डीएम अरविन्द मलप्पा बंगारी को मुख्यमंत्री का विशेष सचिव बनाया गया है। सूची के अनुसार गौरांग राठी को उन्नाव जिलाधिकारी से झांसी, इंद्रजीत सिंह को विशेष सचिव उर्जा से सुलतानपुर, कुमार हर्ष को सुलतानपुर से बुलंदशहर, अन्नपूर्णा गर्ग विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग को श्रावस्ती, आलोक यादव को झांसी से शामली, अरविंद कुमार को शामली से सहारनपुर, नितिन गौड़ को हापुड़ से अमरोहा, अभिषेक गोयल को हमीरपुर, सरनीत कौर को बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशक पद से रायबरेली, निधि गुप्ता वत्स को अमरोहा से फतेहपुर, घनश्याम मीना से जिलाधिकारी उन्नाव, अंजनी कुमार सिंह को मैनपुरी से लखीमपुर खीरी, डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी को औरेया से मैनपुरी, बृजेश कुमार विशेष सचिव को औरेया, मनीष बंसल को सहारनपुर से आगरा, अरविंद मलप्पा बांगरी को आगरा से विशेष सचिव मुख्यमंत्री, नितीश कुमार प्रबंध निदेशक आगरा से प्रबंध निदेशक यूपी पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अलावा जिलाधिकारी बुलंदशहर श्रुति को प्रबंध निदेशक आगरा लगाया गया है।

आशुतोष निरंजन प्रतीक्षारत को परिवहन आयुक्त, किंजल सिंह को परिवहन आयुक्त से सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, दुर्गा शक्ति नागपाल जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी से मंडलायुक्त, देवीपाटन मंडल। शशि भूषण लाल सुशील मंडलायुक्त, देवीपाटन से प्रमुख सचिव, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम। आलोक कुमार द्वितीय अपर मुख्य सचिव, MSME को इस प्रभार से मुक्त किया गया है। वहीं रविन्दर सिंह जिलाधिकारी फतेहपुर से विशेष सचिव, ऊर्जा विभाग एवं निदेशक, यूपीनेडा। मृदुल चौधरी जिलाधिकारी, झांसी से विशेष सचिव, पर्यटन विभाग एवं निदेशक, पर्यटन। अश्विनी कुमार पाण्डेय जिलाधिकारी, श्रावस्ती से निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण। हर्षिता माथुर जिलाधिकारी, रायबरेली से निदेशक, बाल विकास एवं पुष्टाहार। अनीता वर्मा सिंह विशेष सचिव, उच्च शिक्षा से विशेष सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग। सचिन कुमार सिंह सीडीओ, अमेठी से अपर निदेशक, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद, लखनऊ। बसंत अग्रवाल अपर जिलाधिकारी, हाथरस से निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा योजना। सौम्या पाण्डेय अपर श्रमायुक्त से हटाकर निदेशक, इएसआई के प्रभार से मुक्त किया गया। साथ ही जुनैद अहमद सीडीओ, झांसी से अपर श्रमायुक्त, कानपुर नगर। हिमांशु गौतम सीडीओ, हापुड़ से उपाध्यक्ष, झांसी विकास प्राधिकरण। मुकेश चन्द्र सीडीओ, बहराइच से उपाध्यक्ष, हापुड़। केशव कुमार सीडीओ, बदायूं से कुलसचिव, डॉ० राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ भेजा गया है। जबकि श्रुति शर्मा संयुक्त मजिस्ट्रेट, देवरिया से सीडीओ, हापुड़। गामिनी सिंगला संयुक्त मजिस्ट्रेट, सुल्तानपुर से सीडीओ, बदायूं। सुनील कुमार संयुक्त मजिस्ट्रेट, आजमगढ़ से सीडीओ, बहराइच। पूजा साहू संयुक्त मजिस्ट्रेट, चित्रकूट से सीडीओ, अमेठी। रामेश्वर सुधाकर संयुक्त मजिस्ट्रेट गाजीपुर से सीडीओ झांसी भेजा गया है।

## टब में डूबकर 2 साल की बच्ची की मौत

**अमृत विचार, निगोहां।** नगराम के गढ़ा गांव में रविवार सुबह खेल-खेल में दो वर्षीय बच्ची की बाथरूम में पानी भरे टब में डूबने से मौत हो गई। गढ़ा गांव के टेढिया मोहल्ला निवासी मजदूर सोनू रावत ने बताया कि सुबह आठ बजे के करीब सब लोग घर पर थे। उनकी पत्नी किचन में चाय बना रही थी। इसी बीच उनकी छोटी बेटी तान्या खेलते हुए बाथरूम में रखें पानी से भरे टब के करीब पहुंचकर गिलास धोने लगी। गिलास धोते समय तान्या पानी से भरे टब में मुंह के बल गिर गई। पानी में डूबने से मासूम की मौत हो गई। काफी देर बाद जब सोनू की पत्नी बाथरूम में गयी तो तान्या को पानी में डूबा देखा। चींख सुनकर परिजन दौड़े। आनन-फानन में टब से बच्ची को निकालकर नगराम सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।



## ब्रीफ न्यूज

### बोकारो में मालगाड़ी का डिब्बा कार से टकराने के बाद पटरी से उतरा

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में रविवार को लेवल क्रॉसिंग पर मालगाड़ी का एक डिब्बा कार से टकराने के बाद पटरी से उतर गया। अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्घटना बोकारो थर्मल पुलिस थाना (बीटीपीएस) अंतर्गत ओवरब्रिज के पास हुई, जब मालगाड़ी दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी) ऊर्जा संयंत्र से निकल रही थी। मामले में जांच की जा रही है। ट्रेन से टक्कर के बाद कार कुछ दूरी तक घिसटती रही, जिसके बाद ट्रेन रुक गई।

### ड्रोन आयात रिश्वत मामले में वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एक अन्य निजी कंपनी के लिए ड्रोन आयात की सुविधा प्रदान करने के बदले पर 2.5 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में एक प्रमुख कॉरपोरेट समूह के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत माथुर और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के मुख्यालय, नई दिल्ली में 'एयरवर्दीनेस डायरेक्टरेट' के उप महानिदेशक मुदावथ देवुला को गिरफ्तार किया। आरोपी डीजीसीए के अधिकारी ने एक निजी एयरोस्पेस कंपनी के लिए डीजीसीए के पास लंबित आवेदनों की मंजूरी और संबंधित आदेश जारी करने के बदले में निजी व्यक्तियों से अनुचित लाभ की मांग की थी।

# पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाका, 23 की गई जान

विरुधुनगर, एजेंसी

तमिलनाडु के विरुधुनगर के निकट स्थित एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में 23 से अधिक श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह विस्फोट वाचकारपत्ती पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत कट्टनरपत्ती में मुथुमानिकम के स्वामित्व वाली 'वनजा' पटाखा फैक्टरी में हुआ। पुलिस और अग्निशमन अधिकारियों के अनुसार, घायल हुए 8 लोगों की हालत नाजुक है और उनका विरुधुनगर सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज जारी है।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस पटाखा निर्माण इकाई को नागपुर स्थित पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) से लाइसेंस मिला हुआ है। परिसर में 100 से अधिक श्रमिक काम कर रहे थे। ऐसा माना जा रहा है कि विस्फोट बरामदे वाले क्षेत्र में हुआ, जहां श्रमिक कच्चे माल से पटाखों को अंतिम रूप दे रहे थे। विस्फोट का प्रभाव इतना भीषण था कि तीन कमरे मलबे में तब्दील हो गए और आसपास की कई इमारतें को भारी नुकसान पहुंचा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने अब तक 23 शव बरामद किए हैं।

**तमिलनाडु की घटना**

- विरुधुनगर में हुआ हादसा, छह गंभीर, 100 से अधिक मजदूर कर रहे थे काम
- भीषण विस्फोट से तीन कमरे मलबे में तब्दील, आसपास की कई इमारतें को भारी नुकसान

### पटाखे फटते रहने से बचाव में आई बाधा

सूत्रों के अनुसार, अग्निशमन और बचाव कर्मियों ने कई घंटों तक आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन शुरुआती विस्फोट के काफी देर बाद भी पटाखे फटते रहने के कारण बचाव अभियान में काफी बाधा आई। आशंका है कि मलबे के नीचे और भी श्रमिक फंसे हो सकते हैं। यह घटना इस क्षेत्र में इस वर्ष की सबसे घातक औद्योगिक दुर्घटना है।

### बचाव अभियान को दो मंत्री मौके पर मौजूद

इसी बीच, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपना दुख व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए दो मंत्रियों को घटनास्थल पर भेजा है। स्टालिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विरुधुनगर जिले के कट्टनरपत्ती में पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में कई लोगों की मौत की खबर से गहरा दुख हुआ है।

## गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुले, चारधाम यात्रा शुरू



**देहरादून।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ खोल दिए गए। इसके साथ ही रविवार से उत्तराखंड की चारधाम यात्रा 2026 का भी शुभारंभ हो गया है। धार्मिक परंपराओं के अनुसार रविवार को मां गंगा की उत्सव डोली भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर से चलकर गंगोत्री धाम पहुंची। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा व अभिषेक के साथ दोपहर 12:15 बजे गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए।

# ईडी ने कोलकाता पुलिस उपायुक्त और अन्य व्यवसायी के परिसरों पर मारे छापे

- कार्रवाई अपराधी व उससे संबंधित गिरोह के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत की गई

**कोलकाता।** ईडी ने धन शोधन मामले की जांच के तहत रविवार को कोलकाता पुलिस के उपायुक्त शांतनु सिन्हा बिस्वास और एक स्थानीय व्यवसायी के कोलकाता स्थित परिसरों पर छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी की यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल में एक अपराधी और उससे संबंधित गिरोह के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत की गई। बालीगंज क्षेत्र स्थित बिस्वास के आवास सहित उनसे संबंधित दो परिसरों और सन एंटरप्राइज नामक कंपनी के प्रबंध निदेशक जॉय कामदार के एक परिसर पर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत छापा मारा गया। कामदार को अधिकारियों द्वारा पूछताछ के लिए स्थानीय ईडी कार्यालय ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल और कोलकाता पुलिस कल्याण समिति के मुख्य समन्वयक और नोडल अधिकारी बिस्वास अपने परिसर में मौजूद नहीं थे।

यह कार्रवाई बिस्वजीत पोद्दार उर्फ 'सोना पप्पू' नामक एक स्थानीय अपराधी के खिलाफ धन शोधन के मामले से जुड़ी है। उस पर हत्या के प्रयास और वसूली के आरोपों में कई मामले दर्ज हैं।

# युद्धविराम के दो दिन शेष ईरान नहीं खोलेगा होर्मुज

काहिरा/तेहरान, एजेंसी

- कहा- होर्मुज से हमारे जहाज नहीं निकले तो किसी के नहीं गुजरने देंगे, 2 और जहाज वापस लौटाए

ईरान ने अपने बंदरगाहों की नाकेबंदी जारी रहने तक होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर रोक लगाने के फैसले पर और कड़ा रुख अपना लिया है। अमेरिकी नाकाबंदी और ईरान के कड़े रुख के बीच मध्यस्थ युद्धविराम की अवधि बढ़वाने की कोशिश कर रहे हैं, जो बुधवार को खत्म हो जाएगी।

नाकेबंदी के कारण पाकिस्तान की मध्यस्थता में हो रही कोशिशें जटिल हो गई हैं और अब सवाल खड़ा हो गया है कि दो हफ्ते का संघर्षविराम आगे बढ़ पाएगा या नहीं। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबाफ ने शनिवार देर रात कहा, जब हमारे खुद के जहाज होर्मुज जलडमरुमध्य से नहीं गुजर सकते तो दूसरों को भी इस रास्ते से गुजरने देना असंभव है। अमेरिका के साथ बातचीत में ईरान के मुख्य वार्ताकार गालिबाफ ने अमेरिकी नाकाबंदी को अज्ञानता के कारण लिया गया एक नासमझी भरा फैसला बताया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अब भी शांति चाहता है, लेकिन अमेरिका पर गहरा अविश्वास बना हुआ है। गालिबाफ ने कहा, अभी भी बड़े मतभेद बरकरार हैं, और कुछ बुनियादी मुद्दे अब तक हल नहीं हुए हैं। रविवार को भी ईरान ने दो और जहाज को होर्मुज से लौटा दिया।

### भारतीय टैंकर ने होर्मुज को सुरक्षित पार किया

**नई दिल्ली।** भारत के ध्वज वाले एक तेल के टैंकर ने होर्मुज को सुरक्षित पार कर लिया। भारतीय टैंकर ने इस तनाव ग्रस्त जलमार्ग को ऐसे समय पार किया है, जब दो अन्य भारतीय जहाजों को गोलीबारी के बाद वापस लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था और भारत ने वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता को ईरान के साथ साझा किया था। पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों पर सरकार द्वारा दी गई अद्यतन जानकारी के मुताबिक, कच्चे तेल से भरा टैंकर देश गरिमा 18 अप्रैल को रणनीतिक जलमार्ग को पार कर गया और 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचने की उम्मीद है। इस जहाज पर 31 भारतीय नाविक सवार थे।

### अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल आज पहुंचेगा पाकिस्तान

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को कहा कि अमेरिकी वार्ताकार सोमवार को ईरान के साथ बातचीत के लिए पाकिस्तान पहुंचेंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

# डिजिटल अरेस्ट से बचाएगा सीबीआई का चैटबॉट अभय

नई दिल्ली, एजेंसी



- लोगों को जारी किए गए नोटिस की प्रामाणिकता को सत्यापित करने में करेगा मदद

सीबीआई डिजिटल अरेस्ट से लोगों को बचाने के लिए सोमवार को एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित चैटबॉट 'अभय' की शुरुआत करेगी, जो लोगों को जारी किए गए नोटिस की प्रामाणिकता को सत्यापित करने में मदद करेगा।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने अपने संस्थापक निदेशक के सम्मान में सोमवार को 22वें डी पी कोहली स्मारक व्याख्यान का आयोजन किया है और इसी अवसर पर सीजेआई सूर्यकांत चैटबॉट 'अभय' की औपचारिक शुरुआत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधान न्यायाधीश 'साइबर अपराध की चुनौतियां - पुलिस और न्यायपालिका की भूमिका' विषय पर व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर वह सराहनीय सेवा के लिए 24 पदक भी प्रदान करेंगे। सीबीआई के प्रवक्ता ने कई मामलों में यह सामने आया है कि सीबीआई अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करने वाले ठगों ने एजेंसी की ओर से जारी किए गए फर्जी नोटिस दिखाकर जनता को धमकाया है, उन्हें 'डिजिटल अरेस्ट' किया है और इस दौरान करोड़ों रुपये की उगाही की है।

**सुप्रीम आदेश**

कोर्ट ने सड़क सुरक्षा पर देशभर के लिए जारी किए निर्देश, कहा- एक भी व्यक्ति की जान जाना, नागरिकों की रक्षा करने में राज्य की विफलता को दर्शाता है

# खतरे के कॉरिडोर बन रहे एक्सप्रेस-वे, नए ढाबों पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में सड़क सुरक्षा मजबूत करने के लिए कई निर्देश जारी करते हुए कहा है कि प्रशासनिक सुस्ती या बुनियादी ढांचे की कमियों के कारण एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने कहा कि देश की सड़कों की कुल लंबाई का केवल दो प्रतिशत राष्ट्रीय राजमार्ग हैं लेकिन सड़क हादसों में होने वाली मौत की कुल संख्या में इनकी हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है।

पीठ ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, एनएचएआई और राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को सड़कें अधिक सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए। पीठ ने कहा कि अवैध रूप से वाहन खड़ा करना या दुर्घटना संभावित स्थलों जैसे टाले जा सकने वाले खतरों के कारण एक भी व्यक्ति की जान जाना, नागरिकों की रक्षा करने में राज्य की विफलता को दर्शाता है। कोर्ट ने 13 अप्रैल के अपने आदेश में कहा, भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिया गया जीवन का अधिकार जीवन को केवल गैरकानूनी तरीके से छीने जाने के विरुद्ध गारंटी नहीं देता, बल्कि राज्य पर यह सकारात्मक दायित्व भी डालता है कि वह ऐसा सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करे, जहां मानव जीवन सुरक्षित रहे और उसका सम्मान हो। पीठ ने राजस्थान के फलोदी और तेलंगाना के रंगारेड्डी में दो और तीन नवंबर, 2025 को हुई सिलसिलेवार सड़क दुर्घटनाओं में 34 लोगों की मौत के बाद दर्ज किए गए स्वतः संज्ञान मामले में यह आदेश पारित किया। इन दुर्घटनाओं के लिए प्रणालीगत लापरवाही और विनाशकारी बुनियादी ढांचागत विफलताओं को जिम्मेदार ठहराया गया है।

### आर्थिक या प्रशासनिक बाधा मानव जीवन की शुचिता से अधिक महत्वपूर्ण नहीं

पीठ ने कहा कि न्यायालय इस बात को दोहराता है कि कोई भी आर्थिक या प्रशासनिक बाधा मानव जीवन की शुचिता से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकती और यहां दी गई सख्त समयसीमा इस संवैधानिक दायित्व की तात्कालिक आवश्यकता को दर्शाती है। उसने निर्देश दिया कि राजमार्ग पर वाहनों को कहीं भी खड़ा या रोका नहीं जाएगा। उन्नत यातायात प्रबंधन प्रणाली (एटीएमएस) के जरिये राज्य पुलिस को सतर्क किया जाएगा, जीपीएस आधारित तस्वीरों को साक्ष्य बनाया जाएगा जिनमें समय दर्शाया होगा और एकीकृत ई-चालान प्रणाली का इस्तेमाल होगा। निर्देशों का पालन एनएचएआई, राज्य पुलिस और राज्य परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मी करेंगे। संबंधित जिलों के जिला मजिस्ट्रेट मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करेंगे, जिसमें सभी एजेंसियों द्वारा नियमित निरीक्षण और गश्त का प्रावधान होगा। आदेश की तारीख से 60 दिन के भीतर इन निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

### व्यावसायिक ढांचे के निर्माण व अन्य संचालन पर तत्काल रोक लगाई

महत्वपूर्ण निर्देशों में से एक निर्देश यह है कि किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग के मार्ग अधिकारी क्षेत्र में किसी नए ढाबे, भोजनालय या व्यावसायिक ढांचे के निर्माण अथवा संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। पीठ ने निर्देश दिया, जिला मजिस्ट्रेट सात अगस्त, 2025 की मानक संचालन प्रक्रिया और सीएनएच अधिनियम में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 60 दिन के भीतर सभी नए या मौजूदा अनधिकृत ढांचों को हटाना सुनिश्चित करें। अदालत ने कहा कि कोई भी विभाग, प्राधिकरण या स्थानीय निकाय राजमार्ग सुरक्षा क्षेत्र के भीतर स्थित किसी स्थल के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की पूर्व अनुमति के बिना कोई लाइसेंस, अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) या व्यापार मंजूरी न दे और न ही उसका नवीनीकरण करे। ऐसे सभी मौजूदा लाइसेंस की 30 दिन के भीतर समीक्षा की जाए।

# सदियों के आक्रमणों के बावजूद सनातन आस्था अडिग

## लखनऊ से 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा' की मुख्यमंत्री योगी ने की शुरुआत, सांस्कृतिक चेतना का दिया संदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

• प्रदेश से 1000 से अधिक श्रद्धालु सोमनाथ धाम के लिए विशेष ट्रेन से रवाना

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश' की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सदियों के आक्रमणों के बावजूद भारत की सनातन आस्था अडिग रही है और आज भी मजबूती से आगे बढ़ रही है। "जैसे आत्मा अजर-अमर है, वैसे ही सनातन आस्था भी अमर पथ का प्रतीक है," उन्होंने कहा।

गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने बार-बार भारत की संस्कृति और आस्था पर प्रहार किए, लेकिन वे इसे न तो तोड़ सके और न झुका पाए। सोमनाथ मंदिर पर हुए हमलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बर्बरता के बावजूद सनातन धर्म की शक्ति अक्षुण्ण रही और आज "यतो धर्मस्ततो जयः" के भाव के साथ पुनः शिखर पर स्थापित हो रही है।

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्र भारत में सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार को सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रतीक बताते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ. राजेंद्र प्रसाद के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बाधाओं के बावजूद सरदार पटेल के दृढ़ संकल्प से मंदिर का पुनर्निर्माण संभव हुआ।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनर्जागरण नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। अयोध्या में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर सहित तीर्थों के विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब काशी की जीवंतता, अयोध्या की मर्यादा, मथुरा-वृंदावन की भक्ति और प्रयागराज की समरसता एक साथ दिखाई देती है।


लखनऊ के गोमतीनगर रेलवे स्टेशन से सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के तहत यात्रियों को विशेष ट्रेन से रवाना करते मुख्यमंत्री योगी।

उन्होंने बताया कि इस यात्रा के तहत प्रदेश से 1000 से अधिक श्रद्धालु गुजरात स्थित सोमनाथ धाम के लिए विशेष ट्रेन से रवाना हो रहे हैं। यह यात्रा देश को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, महापौर सुषमा खर्कवाल, मंत्री डॉ. संजय निषाद, विधायक डॉ. नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, एमएलसी पवन चौहान, मुकेश शर्मा, लालजी प्रसाद निर्मल व अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात मौजूद रहे।

### अयोध्या का नाम आते ही गूंजता है 'जय श्री राम'

सीएम योगी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक अभियान नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक अयोध्या में भव्य राम मंदिर की कल्पना कठिन थी, लेकिन आज देश-दुनिया में "जय श्री राम" का उद्घोष गूंज रहा है। अयोध्या का नाम सुनते ही हर भारतीय के मन में श्रद्धा उमड़ पड़ती है और वहां जाने की इच्छा जाग उठती है।

# श्रद्धालु बोले, सोमनाथ यात्रा से पूरी हुई वर्षों पुरानी इच्छा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

• श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री योगी का आभार जताया

**अमृत विचारः** प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने वर्षों से लंबित उनकी आस्था से जुड़ी इच्छा को सोमनाथ यात्रा से पूरा किया है।

प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ से 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा (उत्तर प्रदेश) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शंखनाद और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुरू हुई इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

मुजफ्फरनगर के सतीश कुमार भावुक होते हुए बोले कि वर्षों से बाबा सोमनाथ के दर्शन की इच्छा थी, लेकिन कभी अवसर नहीं मिला। इस पहल से उनका सपना साकार हुआ है। वहीं बरेली की बिंदु इशिका सिंघानिया ने कहा कि यह यात्रा केवल दर्शन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति को जोड़ने का माध्यम है, जिससे युवा पीढ़ी अपनी परंपराओं से जुड़ सकेगी। आजमगढ़ के अनंत तिवारी ने इसे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि पहले साधन न होने के कारण लोग तीर्थ यात्रा नहीं कर पाते थे, लेकिन अब सभी को समान अवसर मिल रहा है। मेरठ के अनंत राणा ने भी पहली बार सोमनाथ दर्शन के अवसर को ऐतिहासिक बताते हुए सरकार का आभार जताया।

## न्यूज ब्रीफ

### 15 मेडिकल कॉलेजों को 625 करोड़ रुपये मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों को बड़ी राहत देते हुए वेतन मद में 625 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह स्वीकृति अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत मानक मद-31 (सहायता अनुदान-सामान्य/वेतन) में प्रदान की गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव चंद्र शेखर मिश्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह धनराशि फेज-1 के पांच, फेज-2 के आठ मेडिकल कॉलेजों के साथ जौनपुर और बलरामपुर मेडिकल कॉलेज को दी जाएगी। इस फैसले से प्रदेश के कुल 15 स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों को लाभ मिलेगा। बजट पाने वाले मेडिकल कॉलेजों में अयोध्या, बस्ती, बहराइच, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, एटा, फतेहपुर, गाजीपुर, हरदोई, मीरजापुर, प्रतापगढ़, सिद्धार्थनगर, देवरिया, जौनपुर तथा बलरामपुर के मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।

### शराब पीकर ड्यूटी करने पर वार्ड बॉय निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बांदा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विसंडा में वार्ड बॉय द्वारा शराब के नशे में ड्यूटी करने और अधिकारियों के प्रति अमर्यादित व्यवहार करने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो 10 अप्रैल को वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित वार्ड बॉय सुशील कुमार के निलंबन के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बांदा ने तत्काल प्रभाव से उसे निलंबित कर दिया। बताया गया कि प्रभारी चिकित्साधिकारी ने पहले कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने पर यह कार्रवाई की गई। मामले की जांच के लिए समिति गठित कर दी गई है।

### मातृशक्ति को पीएम मोदी के कार्यक्रम की कमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** वाराणसी में 28 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा ने सक्रियता तेज कर दी है। रविवार को प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर मंथन किया और इसकी कमान पूरी तरह मातृशक्ति को सौंप दी। बैठक में महानगर और जिला इकाइयों के साथ जनसंपर्क अभियान, बूथ स्तर तक जिम्मेदारियों के निर्धारण और कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। खास बात यह रही कि महिला सहभागिता को केंद्र में रखते हुए महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को अहम जिम्मेदारियां दी गईं। उन्होंने जोर दिया कि यह आयोजन न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि महिला नेतृत्व और सामर्थ्य का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

### महिला रेल कर्मियों ने देखा जंगल सफारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कर्मचारी कल्याण निधि के तहत कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के लिए एक दिवसीय निशुल्क जंगल सफारी का आयोजन किया। कार्यक्रम में गोंडा और बलरामपुर की 18 महिला रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने दुर्लभ वन्यजीवों और वनस्पतियों का अवलोकन कर प्रकृति के करीब समय बिताया।

# राहत : तकनीकी जांच तक पुराने मीटर बदलने पर फिलहाल रोक

## ऊर्जा मंत्री ने समीक्षा बैठक कर जारी किए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

• स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मिलेगा पांच स्तरीय एसएमएस अलर्ट और 45 दिन कनेक्शन न काटने का फैसला

**अमृत विचारः** प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर बढ़ते विवाद के बीच योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश में पुराने मीटरों को स्मार्ट/प्रीपेड मीटर से बदलने की प्रक्रिया फिलहाल रोक दी गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शक्ति भवन, लखनऊ में अधिकारियों के साथ रविवार को समीक्षा बैठक के बाद यह निर्देश जारी किए।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं का बैलेंस शून्य होने पर भी अधिकतम तीन दिन तक या दो किलोवाट भार तक 200 रुपये के नेगेटिव बैलेंस की सीमा तक बिजली आपूर्ति बाधित नहीं की जाएगी। साथ ही हाल में लगे मीटरों के लिए 15 दिन की कन्वर्जन अवधि और उसके बाद 30 दिन यानी कुल 45 दिन तक किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। सबसे बड़ा फैसला यह लिया गया कि तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदलने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। स्मार्ट मीटर की गुणवत्ता की जांच के लिए चार सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है, जो 10 दिन में अपनी रिपोर्ट देगी।

उपभोक्ताओं को समय रहते जानकारी देने के लिए पांच स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू की जाएगी। इसके तहत बैलेंस 30% होने पर पहला, 10% पर दूसरा, बैलेंस खत्म होने पर तीसरा, डिस्कनेक्शन से एक दिन पहले चौथा और कटने के बाद पांचवां संदेश भेजा जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में किसी भी स्थिति में बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। साथ ही बिल भुगतान के बाद तुरंत बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए 24×7 व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण के लिए टोल फ्री नंबर 1912, आधिकारिक वेबसाइट और व्हाट्सएप चैटबॉट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर से जुड़ी जानकारी के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

# नारी शक्ति वंदन विधेयक पर सियासी संग्राम

## 33 प्रतिशत आरक्षण बिल गिरने पर महिला नेताओं ने जताया कड़ा विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पारित न होने के बाद प्रदेश में सियासत गरमा गई है। भाजपा की महिला नेताओं और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने विपक्षी दलों पर महिलाओं का हक छीनने का आरोप लगाते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है।

महिला नेताओं का कहना है कि यह विधेयक लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़ा था, लेकिन विपक्ष ने इसे पारित नहीं होने दिया। इसे नारी विरोधी कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष की यह राजनीति आगामी चुनावों में उसे भारी पड़ेगी।

प्रदेश सरकार की मंत्री बेबी रानी मौर्य ने तीखा सवाल उठाते हुए कहा कि क्या सिर्फ डिम्पल यादव को ही संसद में जाने का अधिकार है? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया है।

मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिसमें तीन तलाक जैसी कुप्रथा से मुक्ति भी शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने का समय आया, तो विपक्ष ने बाधा डाल दी।

मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि विपक्ष का मूल स्वभाव ही विकास कार्यों में अड़ंगा लगाने का रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं को आरक्षण मिलने से सशक्त भारत का सपना साकार होता, जिसे विपक्ष नहीं चाहता।

भाजपा विधायक अदिति सिंह ने कहा कि संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से देश के विकास को नई गति मिलेगी, लेकिन परिवारवाद की राजनीति करने वाले दल इसका विरोध कर रहे हैं।

### काला दिवस के रूप में जाना जाएगा 17 अप्रैल : अन्नपूर्णा देवी

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला और 17 अप्रैल को "काला दिवस" बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए व्यापक कार्य किए गए हैं, लेकिन विपक्ष ने राजनीतिक कारणों से विधेयक का विरोध किया।

भाजपा राज्य मुख्यालय पर मुख्यमंत्री योगी से पहले उन्होंने कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा सार्थक रही, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके सहित विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाई। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि इन दलों ने हमेशा की तरह इस बार भी विधेयक को लटकाने, भटकाने और अटकाने की राजनीति अपनाई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश की महिलाएं अब अधिक जागरूक और सशक्त हो चुकी हैं तथा हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी दर्ज करा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों के खिलाफ खड़े होने वालों को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगी।


प्रेस कांफ्रेंस में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

# नई पीढ़ी की महिलाएं भाजपा के झांसे में नहीं आने वाली

## महिला आरक्षण बिल पर सपा प्रमुख ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक में हार के बाद भाजपा में बौखलाहट और हताशा है। चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि जब बीती रात 8 बजे प्रधानमंत्री के संबोधन की खबर आई, तो सबको लगा कि शायद किसी महिला को प्रधानमंत्री बनाने का ऐतिहासिक ऐलान होगा, लेकिन हाथ सिर्फ मायूसी हाथ लगी।


सपा प्रमुख अखिलेश यादव

पार्टी मुख्यालय में सपा प्रमुख कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा यह पार्टी पहले लोगों को बांटती है और फिर उन्हें डराकर अपने पाले में लाने की कोशिश करती है, लेकिन अब यह भय का खेल जनता के बीच नहीं चलने वाला। भाजपा पुरानी सोच वाली महिलाओं को तो शायद वे गुमराह कर लें, लेकिन आज के दौर की जागरूक और पढ़ी-लिखी महिलाएं समझ चुकी हैं। 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के नाम पर वह अपनी मनमानी करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष विशेषकर उत्तर प्रदेश में सपा का विरोध प्रायोजित षड्यंत्र के तहत कर रही है। भाजपा के दूषित और भ्रामक प्रचार तंत्र के जवाब धरना-प्रदर्शन के बजाय सपा की महिलाओं और कार्यकर्ताओं को संयम से काम लेना चाहिए और धरना-प्रदर्शन से बचना चाहिए।

### चाय पिलाने वाले को भेंट किए पीतल के बर्तन

**अमृत विचार :** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फतेहपुर में जिस चाय वाले के यहां पर चाय पी थी। उस चाय वाले शेषमन यादव को सपा कार्यालय में पीतल के बर्तन भेंट किए। चाय दुकान चलाने वाले शेषमन ने बताया कि अखिलेश भैया के दुकान पर आने के बाद 16 अप्रैल को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अधिकारी आए और पूछा कि एल्युमिनियम के बर्तन में चाय क्यों बनाते हो ? उन्होंने दुकान बंद करने की चेतावनी दी थी। दुकान चलाना मुश्किल कर दिया था। साथ ही कहा कि यह सरकार गरीबों को परेशान कर रही है।

# महिला आरक्षण बिल पर अखिलेश यादव के बयान भ्रामक : पंकज चौधरी

**अमृत विचार, लखनऊः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान को पूरी तरह भ्रामक, विरोधाभासी और जनता को गुमराह करने वाला बताया ।

उन्होंने कहा कि जिस विषय पर सपा प्रमुख खुद स्पष्ट नहीं हैं, उस पर देश को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। एक ओर वे महिला आरक्षण का समर्थन करने की बात करते हैं, तो दूसरी ओर उसी से जुड़े प्रावधानों और प्रक्रियाओं का विरोध करते हैं। यह दोहरी राजनीति सपा की पुरानी पहचान रही है। चौधरी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को सशक्त करने के ऐतिहासिक कार्य का विरोध कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने किया। आज जब महिलाओं को उनका अधिकार मिलने वाला था, तब विपक्ष ने अनर्गल बयानबाजी कर उसकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगाने का काम किया। उन्होंने कहा कि परिसीमन और जनगणना जैसी संवैधानिक प्रक्रियाओं को राजनीतिक चश्मे से देखना दुर्भाग्यपूर्ण है। सपा द्वारा इन्हें लेकर भ्रम फैलाना उनके राजनीतिक दिवालियापन को दर्शाता है।



# हैदराबाद से पाकिस्तानी हैंडलर्स तैयार कर रहे आतंक का नेटवर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

• एटीएस व बिजनौर पुलिस कर रही मास्टरमाइंड समेत तीन अन्य आरोपियों की तलाश

**अमृत विचारः** देश में हिंसात्मक गतिविधियों और सांप्रदायिक दंगे भड़काने की साजिश रच रहे एक संगठित नेटवर्क का एटीएस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि दुबई और दक्षिण अफ्रीका में बैठे युवक पाकिस्तानी हैंडलर्स के निर्देश पर इस गिरोह का संचालन कर रहे थे, जबकि हैदराबाद से इसका नेटवर्क सक्रिय रूप से संचालित हो रहा था।

एटीएस ने 3 अप्रैल को लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के पास से साकिब, अरबाब, विकास और लोकेश को गिरफ्तार किया था। इसके बाद हापुड़ पुलिस ने अजीम राणा को दबोचा, जबकि बिजनौर पुलिस ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका से दिल्ली पहुंचे आरोपी मैजुल को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया। अब तक इस मामले में सात आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। मुख्य आरोपी आकिब और उसका साथी आजाद समेत तीन आरोपियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है और उनकी तलाश जारी है।

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए युवाओं को भड़काकर उन्हें देशविरोधी और आतंकी गतिविधियों से जोड़ने का काम कर रहे थे। आरोपियों के पास से बरामद सात मोबाइल फोन में आगजनी, विस्फोट और हथियारों के प्रदर्शन से जुड़े कई आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं। एक वीडियो में मुख्य आरोपी आकिब एके-47 और हैंड ग्रेनेड के साथ दिखाई दिया, जिसे सोशल मीडिया पर साझा किया गया था।

एटीएस की जांच में हैदराबाद कनेक्शन भी उजागर हुआ है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों के तार पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के नेटवर्क से जुड़े हैं। अजीम राणा के माध्यम से हैदराबाद में संपर्क स्थापित किए गए थे, जहां से नेटवर्क को दिशा मिल रही थी। इसके अलावा, कुछ आरोपी सैलून में काम करते हुए युवाओं को जोड़ने और उन्हें भड़काने का काम कर रहे थे।

मामले में एटीएस और अन्य केंद्रीय एजेंसियां लगातार पूछताछ कर नेटवर्क की गहराई तक पहुंचने में जुटी हैं।

### डिप्थीरिया-टिटनेस से बचाव को टीडी टीकाकरण अभियान आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** डिप्थीरिया और टिटनेस जैसे गंभीर संक्रामक रोगों से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रदेश में सोमवार से 30 अप्रैल तक स्कूल-आधारित टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में संचालित होगा। राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि डिप्थीरिया के मौसमी खतरे को देखते हुए 20, 21, 23, 24, 27 और 28 अप्रैल को विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान कक्षा 1 के बच्चों को डीपीटी-2 बूस्टर, कक्षा 4 व 5 के बच्चों को टीडी-10 तथा कक्षा 10 व 11 के छात्रों को टीडी-16 का टीका लगाया जाएगा।

पहल | 6 जिलों के 50 केंद्रों पर 39 हजार अभ्यर्थियों ने दी सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा

# एआई निगरानी और ओएमआर स्कैनिंग से हुई पारदर्शी परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से सहायक आचार्य की लिखित पुनर्परीक्षा शनिवार और रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। 16 विषयों की यह परीक्षा प्रदेश के छह जिलों आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी के 50 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हुई। एआई निगरानी और प्रयागराज में ओएमआर स्कैनिंग के पायलट प्रोजेक्स से पारदर्शिता की नई पहल सामने आई।


पुनर्परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार।

परीक्षा सुबह 9:30 से 11:30 बजे और दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक आयोजित की गई। आयोग ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी केंद्रों की निगरानी की।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने स्वयं प्रयागराज के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। यहां पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एक अभिनव प्रयोग के तहत पांच केंद्रों पर ओएमआर शीट की स्कैनिंग परीक्षा समाप्त होते ही परीक्षार्थियों और कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति में कराई गई। इस प्रक्रिया की समीक्षा भी अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर की। दो दिनों में कुल 39,192 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। 18 अप्रैल को 19,718 परीक्षार्थी और 19 अप्रैल को 19,474 परीक्षार्थी शामिल हुए।

### मदरसा बोर्ड परीक्षा में 18.29 फीसद बढ़े विद्यार्थी

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं की संख्या में 18 .29 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में जहां 68,423 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, वहीं इस बार 80,933 परीक्षार्थी शामिल हुए। यानी कुल 12,510 छात्रों की बढ़ोतरी हुई है। मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षाएं 9 फरवरी को प्रदेशभर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई थीं। आंकड़े यह भी बताते हैं कि रीक्षा को नकलविहीन और निष्पक्ष बनाने के लिए इस बार व्यापक इंतजाम किए गए थे। मदरसा शिक्षा परिषद के अनुसार, परीक्षा परिणाम मई माह में जारी किए जाने की तैयारी अंतिम चरण में है।

# महिलाओं को गन्ना समिति परिसर में मिलेगा मुफ्त स्थान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

• दो विभागों के बीच एमओयू, स्वयं सहायता समूह खोलेंगे प्रेरणा कैंटीन व मार्केटिंग सेंटर

**अमृत विचारः** अब गन्ना सहकारी समितियों के परिसरों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए निशुल्क स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल के तहत महिलाएं 'प्रेरणा कैंटीन' और अपने उत्पादों के प्रदर्शन व बिक्री के लिए मार्केटिंग सेंटर संचालित कर सकेंगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बीच इस संबंध में एमओयू साइन किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. के अनुसार, गन्ना समितियां अपने परिसरों में उपलब्ध खाली स्थान को महिलाओं के समूहों को देंगी। शुरुआती दो वर्षों तक इन स्थानों के लिए कोई किराया नहीं लिया जाएगा। इसके बाद भी महिलाओं को केवल 50 प्रतिशत किराया ही देना होगा, जो जिला प्रशासन द्वारा तय सर्किल रेट के अनुसार निर्धारित होगा।




# सड़क जाम कर छह घंटे हंगामा, वाहन में तोड़फोड़

## बाराबंकी के दो युवक व एक महिला नौकरी के लिए ले गए थे तमिलनाडु, हादसे में हुई युवक की मौत, परिजन जा रहे हत्या का आरोप

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** महिंगवा के युवक की तमिलनाडु के तिरुप्पत्तूर में सड़क हादसे में मौत हो गई। साथ ले जाने वालों पर हत्या का आरोप लगाकर परिजन और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर छह घंटे तक हंगामा किया। पथराव कर एक वाहन के शीशे भी तोड़ दिए। सूचना पर पीएसी के साथ कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत कराया। परिवार के साथ लाने पर असमर्थता जताने पर पुलिस टीम चेन्नई भेजी गई है। परिजन ने महिला समेत जिन तीन पर आरोप लगाया है, उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

महिंगवा क्षेत्र के रमपुरवा निवासी सौरभ (25) को 10 अप्रैल को बाराबंकी के पिलहटी गांव निवासी अखिलेश, उसका साथी कमलेश और प्रीति काम दिलाने के लिए तमिलनाडु ले गए थे। कई दिन संपर्क न होने पर परिवारवालों ने खोजबीन शुरू की।





सड़क पर रस्सी बांधकर जाम लगाए लोग और भीड़ को समझाकर शांत कराने का प्रयास करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

- पुलिस ने महिला समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

15 अप्रैल को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इंस्पेक्टर रामकुमार गुप्ता ने बताया कि छानबीन में पता चला कि 12 अप्रैल को सौरभ की जौलारपेट्टई रेलवे जंक्शन तिरुप्पत्तूर तमिलनाडु में ट्रेन हादसे में मौत हो गई।

हादसे को हत्या बता रहे परिजन और व ग्रामीणों ने रविवार को कुम्हरांवा चौराहे पर रस्सियां बांधकर सड़क जाम कर दी। कुछ लोगों ने एक पिकअप पर पथराव कर शीशा तोड़ दिया। प्रदर्शन के चलते करीब 6 घंटे तक यातायात बाधित रहा। सूचना पर पीएसी समेत महिंगवां, इटौंजा, बीकेटी, सैरपुर और महिला थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। बीकेटी के सहायक पुलिस आयुक्त ज्ञानेंद्र सिंह ने स्थिति संभालने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण आरोपी महिला की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। मृतक की मां मनोरमा का आरोप है कि जिन लोगों के साथ बेटा गया था, उन्हीं लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। शनिवार रात भी मां मनोरमा व अन्य ग्रामीणों ने थाने पर हंगामा किया था। पुलिस ने तिरुप्पत्तूर में मिले एक शव की तस्वीर दिखाई तोपरिवार में अफरा-तफरी मच गई। परिवारजन का कहना है कि दूसरे राज्य से शव लाना उनके लिए संभव नहीं है। पुलिस आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही। प्रदर्शन में सपा के जिला पंचायत सदस्य अरुण रावत सहित कई लोग शामिल रहे। इंस्पेक्टर राम कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन हादसे का प्रतीत हो रहा है। परिवारजन के आरोपों के आधार पर जांच की जा रही है।

### विधायक ने की आर्थिक मदद, टिकट की कराई व्यवस्था

- कुम्हरावां चौराहे पर प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक योगेश कुमार शुक्ला भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को तमिलनाडु जाने के लिए 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता और आने-जाने के टिकट की व्यवस्था कराई। साथ ही उच्च स्तर पर संपर्क कर तमिलनाडु पुलिस व रेलवे के सहयोग से शव को जल्द गांव लाने की प्रक्रिया तेज कराने का आश्वासन दिया।

# प्रेमी संग गेस्ट हाउस में आई महिला का लटका मिला शव

**अमृत विचार:** हजरतगंज के नरही स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में रविवार को एक महिला का शव संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला। महिला की मौत की जानकारी मिलते ही हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से छानबीन की। छानबीन में पता चला कि महिला अपने प्रेमी के साथ रविवार सुबह गेस्ट हाउस में आई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हैदर अली कैनाल बुद्ध विहार कॉलोनी निवासी अनिल कश्यप की पत्नी रानी कश्यप (32) रविवार सुबह प्रेमी रजत सिंह निवासी पार्क रोड विधायक निवास के पास रहने वाले के साथ नरही के एक निजी गेस्ट हाउस आयी थी। वहां दोनों कमरा नंबर 104 में रुके थे। वहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद रजत वहां से चला आया। गेस्ट हाउस के कमरे में किसी काम के लिए कर्मचारी ने रानी को फंदे से लटका देखा तो वह चीख पड़ा। हजरतगंज पुलिस मौके पर पहुंची।

## न्यूज ब्रीफ

### फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ:** काकोरी के ग्राम बेलवा में विमल (18) ने आम के बाग में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन में पता चला कि युवक शराब पीने का आदी था। मृतक की मां ने बताया कि वे कोई कार्रवाई नहीं चाहते थे। जिसके चलते शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### दो वारंटी धरे गए

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगराम पुलिस ने कई सालों से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी शिवा निवासी ग्राम बखतखेडा पतौना और महेश निवासी पतौना का रहने वाला है। एसओ नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि आरोपी दहेज प्रताड़ना के माले में फरार चल रहे थे। दोनों के खिलाफ नगराम थाने में तीन-तीन मामले दर्ज हैं।

### बंद घरों में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** चिनहट के क्रिस्टल व्यू अपार्टमेंट में 25 मार्च को हुई चोरी की घटना का खुलासा पुलिस ने किया। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और सर्विलांस की मदद से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवर व 1.50 लाख रुपये नकदी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी दिन में सामान बेचने के बहाने रेकी करते थे। इसके बाद देर रात को बंद मकान को निशाना बनाते थे। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में तेलीबाग के नटखेड़ा पानी टंकी के पास का रहने वाल हिमांशु थारू और हुसैनगंज के पुराना किला निवासी सुशांत गुप्ता शामिल है। पुलिस के मुताबिक 25 मार्च को क्रिस्टल व्यू अपार्टमेंट निवासी ओमजी श्रीवास्तव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि उनके ससुर के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने जेवर व नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। अपार्टमेंट के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो आरोपियों की तस्वीर सामने आई। पुलिस ने आरोपियों को को शिवशान्ति इन्क्लेव के पास से दबोचा। आरोपियों के पास से अंगूठियां, चेन, कंगन, बाली, नथ, पायल, कमरबंद सहित अन्य आभूषण और 1.50 लाख नकद बरामद किया है।

# विकासनगर अग्निकांड में अफवाह फैलाने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दो दिन पहले दर्ज हुई थी रिपोर्ट, विकासनगर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार:** रिंग रोड विकासनगर स्थित झुग्गी बस्ती अग्निकांड के संबंध में सांप्रदायिक रुप देने की कोशिश और भ्रामक सूचना प्रसारित करने वाले को गिरफ्तार कर लिया गया है। विकासनगर पुलिस ने दो दिन पहले एफआईआर दर्ज किया था। आरोपी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

एसओ विकासनगर आलोक कुमार सिंह के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी सुधाकर त्रिपाठी मूलतः चित्रकूट के पहाड़ी का रहने वाला है। वह विकासनगर सेक्टर-11 में रहता है। एसओ के मुताबिक 15 अप्रैल को विनायकपुरम सेक्टर-12 स्थित झुग्गी बस्ती में आग लग गई।

इस मामले को सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और एक्स पर इसे गलत तरीके से प्रस्तुत कर भ्रामक और सांप्रदायिक पोस्ट फैलाए जाने की जानकारी मिली। मामले में 17 अप्रैल रिपोर्ट दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से भ्रामक खबरें फैलाई। आरोपी को रविवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

# कार रूकवाकर युवक पर हमले का प्रयास

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ दिनदहाड़े गाड़ी रुकवा कर जानलेवा हमले के प्रयास का मामला सामने आया है। बंथरा के ड्रीम ग्रीन सिटी निवासी प्रियांशु ने टाटा सफारी वाहन सवार 2 अज्ञात युवकों के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रियांशु ने बताया कि 1 अप्रैल को वे कार से एयरपोर्ट लिंक रोड से गोमती नगर शहीद पथ की ओर जा रहे थे। इसी बीच सफारी (यूपी 32 एफयू 7575) सवार दो अज्ञात लोगों ने ओवरटेक कर उनकी कार रोक ली। गाली-गलौज कर कार से बाहर खींचने का प्रयास करते हुए हमला करने की कोशिश की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बीच सड़क पर खराब हुआ कंटेनर, लगा लंबा जाम

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचारः** बंथरा कस्बे में रविवार शाम करीब 7 बजे एक कंटेनर के बीच सड़क पर खराब हो जाने से भीषण जाम की स्थिति पैदा हो गई। कंटेनर लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहा था और कस्बे के मुख्य तिराहे के पास अचानक खराब हो गया, जिससे लखनऊ से कानपुर जाने वाली कानपुर रोड की पटरी पूरी तरह बाधित हो गया। बीच सड़क पर कंटेनर खड़े होने के कारण वाहनों की रफ्तार थम गई। खासतौर पर यू-टर्न लेने वाले वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

स्थिति यह हो गई कि वाहन एक-एक कर ही निकल पा रहे हैं, जिससे लंबा जाम लग गया। जाम की लंबाई करीब डेढ़ किलोमीटर तक पहुंच गई और लोगों को कस्बा पार करने में आधे घंटे से अधिक का समय लग गया। सूचना मिलने पर बंथरा पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था संभालते हुए वाहनों को धीरे-धीरे निकलवाना शुरू किया। साथ ही खराब कंटेनर को हटाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन काफी मशक्कत के बावजूद उसे तुरंत हटाया नहीं जा सका। जाम के चलते लोग काफी परेशान दिखे। कुछ वाहन चालक जल्दबाजी में अपनी गाड़ियां विपरीत दिशा से निकालने लगे, जिससे स्थिति और अधिक अव्यवस्थित हो गई। पुलिस ने लोगों को समझाकर यातायात सामान्य करने का प्रयास किया।



लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बंथरा में लगे जाम में फंसे वाहन।

# पार्टी से लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महाराजगंज निवासी युवक गोमतीनगर में बुआ के घर रहता था

**अमृत विचार:** गोसाईंगंज इलाके में पार्टी से देर रात घर वापस जाने के लिए पैदल सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की सूचना गोसाईंगंज पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने जेब में मिले मोबाइल से परिजन को सूचना देकर शिनाख्त करायी।

मूल रूप से महाराजगंज जिले के दमकी गांव के रहने वाले प्रत्यूष पांडे (34) गोमतीनगर स्थित पत्रकार पुरम में बुआ सुमन पांडे के घर पर रहकर एक बैंक में काम करता था। कुछ समय पहले उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी। इस समय नौकरी की तलाश कर रहे थे। मामा डीएन पांडे ने बताया कि भांजा शनिवार रात गोसाईंगंज स्थित कासिमपुर बिरुवा इलाके के एक निजी कॉलेज (टीडीएल) के हॉस्टल में दोस्तों के साथ पार्टी में गया था देर रात लगभग 1:30 बजे वह से घर लौटते समय हाईवे पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने प्रत्युष को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची गोसाईंगंज पुलिस ने मोबाइल की मदद से सूचना दी। इकलौते बेटे की मौत की खबर सुनकर मां गीता देवी बेसुध हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिवारवालों के सुपुर्द कर दिया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

- अमृत विचार, लखनऊ : गोसाईंगंज में रविवार सुबह शौच के लिए जा रहे मजदूर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। बसरहिया गांव निवासी धीरज वर्मा (45) मजदूरी करता था। बड़े भाई नीरज ने बताया कि करीब पांच साल पहले धीरज की पत्नी घर छोड़कर चल गई थी। तब से धीरज परेशान रहता था। रविवार सुबह धीरज शौच के लिए गांव के बाहर गया था। रेलवे लाइन पार करते वक्त वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा देखकर ग्रामीण दौड़े। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और धीरज की शिनाख्त की। गोसाईंगंज इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि परिवारवालों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

# फर्जी कागज पर दूसरी शादी करने वाला जालसाज हुआ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस ने आरोपी को प्रयागराज से किया गिरफ्तार

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर दूसरी शादी करने वाले जालसाज को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पहली पत्नी के जीवित रहते फर्जी कागज पर दूसरी शादी करने की एफआईआर दर्ज थी। पुलिस ने आरोपी को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। देर शाम को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक गोमतीनगर स्थित यूपी-112 मुख्यालय में कार्यरत नेहा सिंह ने 18 सितंबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

बताया कि संदीप कुमार ने पहली पत्नी के रहते उनसे धोखाधड़ी कर शादी की। पीड़िता के गर्भवती होने के दौरान आरोपी ने मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी। विवेचना के दौरान पुलिस टीम शुक्रवार देर रात को आरोपी की तलाश में प्रयागराज गई। आरोपी को उसके ग्राम पड़ौना, थाना उतरांव स्थित घर से शनिवार को स्थानीय पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह प्लाटिंग का काम करता है। अपने शौक पूरे करने के लिए उसने खुद ही फर्जी दस्तावेज तैयार कर दूसरी शादी की थी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# हाई सिक्योरिटी नंबर के बिना नहीं बनेगा पीयूसी सर्टिफिकेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) के बिना वाहनों का पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल (पीयूसी) सर्टिफिकेट जारी नहीं किया जाएगा। ये नियम 1 अप्रैल 2019 से पहले रजिस्टर्ड वाहनों पर लागू है। इसके बाद के वाहनों में एचएसआरपी लगी होती है। आरटीओ के अनुसार 31 मार्च 2019 तक रजिस्टर्ड 20.50 लाख निजी वाहनों में केवल 6.72 लाख (32.80 प्रतिशत) में ही एचएसआरपी लगी है। कामर्शियल वाहनों में 90,375 में 35,820 (39.63 प्रतिशत) में एचएसआरपी लग चुकी है। पहले एचएसआरपी न लगवाने पर 5,000 रुपये का जुर्माना था। अब पीयूसी के वाहन चलाने पर 10,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। वाहन मालिक बुक माय एचएसआरपी पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आरटीओ प्रवर्तन प्रभात पाण्डेय ने कहा कि जल्द ही अभियान चलाकर पुरानी नंबर प्लेट लगे वाहनों का चालान किया जाएगा।

# बाजारखाला में फिर मांझे से बुजुर्ग का कटा गला, लगे टांके

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हैदरगंज फ्लाईओवर की घटना वीडियो वायरल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट और मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद भी पुलिस प्रशासन मांझे की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। बाजारखाला स्थित हैदरगंज इलाके में रविवार को मांझे से बाइक सवार 62 वर्षीय हरिशंकर यादव का गला कट गया। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

पारा हंसखेड़ा निवासी हरिशंकर यादव रविवार दोपहर वह बाइक से ऐशबाग में अपनी बहन के घर जा रहे थे। इस बीच हैदरगंज फ्लाईओवर के पास मांझा उनके गले में फंस गया। खिंचाव से कट लग गया। बाइक अनियंत्रित हुई और वह गिरते हुए बचे। ब्रेक मारकर किसी तरह गाड़ी को संभाला। गले पर दो इंच के घाव लगने से वे खून से लथपथ हो गए। राहगीरों ने आनन-फानन में गले पर रुमाल बांधा। राहगीरों की मदद से हरिशंकर यादव को अस्पताल ले जाया गया।

इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश सिंह ने बताया कि अभी तक थाने में किसी ने कोई सूचना नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज किया जाएगा। वायरल वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है। पीड़ित हरिशंकर ने बताया कि उन्होंने हेल्मेट लगा रखा था। मांझा हेल्मेट से लेकर गर्दन में फंस गया था। अगर हेल्मेट न लगा होता तो गले के साथ चेहरा भी उनका कट सकता था।

### पहले भी हुए हैं हादसे

- **04 अप्रैल :** वीआईपी रोड पर मांझे से रेलकर्मी अवधेश का गला और उंगली कटी।
- **29 मार्च :** एनेक्सी भवन के पास मांझे से नगर निगम जोन-आठ के राजस्व निरीक्षक राजा भइया और मलिहाबाद भाजपा कार्यकर्ता की गर्दन कटी।
- **22 मार्च :** वजीरगंज के गोलागंज में मांझे से छह वर्षीय अबीरा फातिमा का गला और उंगली कटी।
- **18 मार्च :** पुरनिया फ्लाईओवर पर नवमी लाल उर्फ राम नयन कला का गला और चेहरा कटा। पत्नी का पैर टूट गया और बेटी भी घायल।
- **05 मार्च :** हुसैनगंज ओवरब्रिज पर मांझे से पशु पालकर्मी राम खिलावन व प्रणव यादव घायल।
- **25 फरवरी :** नक्खास ओवर ब्रिज पर केजीएमयू के रेजिडेंट डॉक्टर दीपक गुप्ता घायल।
- **22 फरवरी :** हसनगंज रामाधीन इंटर कॉलेज के पास मांझे से कटा युवक का गला।
- **14 फरवरी :** हुसैनगंज ओवरब्रिज पर पत्नी व बेटी संग जा रहे मो. मुशर्रफ की गर्दन कटी।
- **13 फरवरी :** कैंट में ध्रुव नारायण पांडेय कैंट इलाके में मांझे से घायल हुए।
- **08 फरवरी :** ठाकुरगंज में मांझे से पोर्टर गुड्डू की नाक कटी।
- **08 फरवरी :** नाका फ्लाईओवर पर मांझे की चपेट में आने के मुकेश की भौं कटी।
- **08 फरवरी :** हीवेट रोड पर मांझे से छात्र आकिब घायल।

गड़बड़ी | ऑडिट में वर्ष 2020-21 में 56 व 2021-22 में 10 प्रकरण मिले

# मनरेगा के 66 कार्यों में 90 लाख का हिसाब नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- माल के प्रकरण ज्यादा, सम्बंधित सचिवों से की जाएगी वसूली

**अमृत विचार :** जिले में वर्ष 2020-21 और 2021-22 में कराए गए विकास कार्यों में सबसे अधिक मनरेगा में धांधली की गई। इन दोनों वर्षों में सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा निदेशालय ने ऑडिट करके 66 कार्य पकड़े हैं, इनमें करीब 90 लाख रुपये के कार्य और भुगतान का हिसाब नहीं है। ये धनराशि प्रधान और सचिवों से वसूली जाएगी।

मनरेगा में सबसे अधिक प्रकरण माल ब्लॉक के हैं। ग्राम पंचायतों में कार्य और उनमें करोड़ों रुपये के भुगतान के अभिलेख नहीं है। लेखा परीक्षक टीम को प्रधान व सचिव द्वारा कैशबुक, डे बुक, भुगतान रजिस्टर, मनरेगा कार्य आवेदन पंजीकरण पंजिका, जॉब कार्ड पंजिका, रोजगार पंजिका, एफटीओ पंजिका, सामग्री क्रय, भुगतान संबंधित बिल बाउचर, मस्टर रोल, प्राकलन व माप पुस्तिका, निर्माण कार्य पंजिका समेत अन्य अभिलेख नहीं दिए गए हैं।



इसके लिए ऑडिट टीम ने कई बार संबंधित विभाग से पत्राचार किया। अभिलेख न मिलने पर कार्य और भुगतान की पुष्टि नहीं हो पाई। संबंधित प्रधान और सचिवों पर वित्तीय अनियमितता मानकर वसूली की कार्रवाई शुरू हो गई। कई सचिव सेवानिवृत्त हो गए हैं तो कई प्रोन्नत होकर दूसरे दूसरी जगह तैनात हैं। इनसे वसूली करना मुश्किल है। जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार गोंड ने बताया कि संबंधित सचिवों को वसूली के नोटिस जारी किए हैं।

# प्रीपेड किए जाएं पोस्ट पेड 70 हजार मीटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ में राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की जांच के लिए बनी चार सदस्यीय तकनीकी समिति को 10 दिन ही देने पर सवाल उठाया है। परिषद का तर्क है कि जटिल विषय के लिए इतना समय काफी कम है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जांच पूरी होने तक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने पर रोक का परिषद ने स्वागत किया है। परिषद ने लगभग 70 लाख उपभोक्ताओं प्रीपेड पोस्टपेड में वापस करने की मांग की है। परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी ने 1 अप्रैल- से प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त होने के बावजूद प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं।

# ऑनलाइन पोर्टल से ही जारी होंगी डिजिटाइज अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- जिला प्रशासन का पोर्टल शुरू

**अमृत विचार :** डिजिटाइज अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां अब केवल ऑनलाइन पोर्टल से जारी की जाएंगी। 15 अप्रैल से जिला प्रशासन ने यह व्यवस्था लागू कर दी है। अभिलेखों की अब भौतिक प्रतियां जारी नहीं की जाएंगी। जिलाधिकारी विशाख जी के निर्देशन में "लखनऊ भूलेख (lucknowbhulekh.in)" का शुभारंभ किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से अब नागरिक खसरा, खतौनी, चकबंदी सहित अन्य राजस्व अभिलेख ऑनलाइन देख सकेंगे तथा डिजिटल हस्ताक्षर युक्त प्रमाणित प्रतियों के लिए घर बैठे आवेदन कर सकेंगे। जारी की गईं प्रमाणित प्रतियां न्यायालय, बैंक एवं अन्य शासकीय कार्यों में पूरी तरह मान्य होंगी।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) शुभी सिंह ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत लखनऊ के कुल 898 ग्रामों के भूमि अभिलेख पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए हैं। अब तक कुल 11,049 अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है, जिसमें लगभग 22,51,696 पेज शामिल हैं।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बताया कि पोर्टल में नागरिकों की सुविधा के लिए विस्तृत मास्टर डेटा मॉड्यूल भी उपलब्ध कराया गया है, जिसके अंतर्गत तहसीलों, परगनों, ग्रामों एवं उनके राजस्व मानचित्रण की जानकारी उपलब्ध है। नागरिक तहसीलवार, परगनावार तथा तहसील-परगना के संयोजन के आधार पर ग्रामों की सूची देख सकते हैं। साथ ही तहसीलवार लेखपालों की सूची एवं तैनाती विवरण भी उपलब्ध है।

# पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, 44 एएसपी के तबादले

## श्रेष्ठा को एटीएस लखनऊ व मेरठ में तैनात नवीना शुक्ला को एएनटीएफ ऑपरेशन लखनऊ बनाया गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रविवार देर रात जारी की गई तबादला सूची

**अमृत विचार:** प्रदेश में कानून-व्यवस्था को चाक चौबंद रखने को लेकर योगी सरकार ने रविवार देर रात एएसपी स्तर के 44 प्रांतीय पुलिस अधिकारियों (पीपीएस) का ट्रांसफर किया है। शासन ने देर रात सूची जारी कर दी है।

अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर मनोज कुमार गुप्ता को पीटीसी सीतापुर, चित्रकूट में तैनात अरविंद कुमार वर्मा द्वितीय को हमीरपुर, सुल्तानपुर में तैनात एएसपी अखंड प्रताप सिंह को 32वीं वाहिनी पीएसी झांसी का उप सेनानायक, लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात एसीपी से प्रमोट एएसपी को सुल्तानपुर, देवरिया से हरिराम यादव को एडीसीपी प्रयागराज कमिश्नरेट, सीआईडी मेरठ की सेक्टर अधिकारी अलका को एडीसीपी आगरा, उप सेनानायक 06वीं वाहिनी पीएसी मेरठ आलोक दुबे को एएसपी सीआईडी सेक्टर मेरठ, बागपत से श्रेष्ठा को एएसपी एटीएस लखनऊ व सीआईडी मुख्यालय से मुकेश प्रताप सिंह को एटा 43वीं वाहिनी पीएसी का उप सेनानायक बनाया गया है।

इसी तरह वूमेन पॉवर लाइन लखनऊ से एएसपी हितेंद्र कृष्ण को सीआईडी मुख्यालय, श्रावस्ती से एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम को विधि प्रकोष्ठ पुलिस मुख्यालय प्रयागराज, सीतापुर पीटीसी से चंद्रकेश सिंह को श्रावस्ती, मथुरा एएसपी यातायात को इटावा 28वीं वाहिनी पीएसी का उप सेनानायक, मुरादाबाद से राजेश कुमार तिवारी को एएसपी यातायात मथुरा, सर्तकता अधिष्ठान लखनऊ से अभय कुमार मिश्र को एडीसीपी गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर से एसएन वैभव पांडेय को सर्तकता अधिष्ठान लखनऊ, सीआईडी सेक्टर बरेली से उमेश कुमार यादव को सीआईडी सेक्टर प्रयागराज, 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ के उप सेनानायक रफीक अहमद को सीआईडी सेक्टर गोरखपुर, एडीसीपी गाजियाबाद सलोनी अग्रवाल को पीएसी 44वीं वाहिनी मेरठ का उप सेनानायक के पद पर भेजा गया है।

साथ ही अलीगढ़ से वरुण कुमार सिंह को एडीसीपी गाजियाबाद, एसीपी से प्रमोट स्वतंत्र कुमार सिंह को गौतमबुद्धनगर में ही एडीसीपी, कानपुर देहात से संजय वर्मा को एएसपी साउथ बलिया, मेरठ में तैनात एएसपी नवीना शुक्ला को एएनटीएफ ऑपरेशन लखनऊ, संतोष कुमार सिंह को मेरठ से एएसपी क्राइम इटावा, शाहजहांपुर से निष्ठा उपाध्याय को सीआईडी सेक्टर बरेली, मुजफ्फरनगर से रामआशीष यादव को एडीसीपी लखनऊ, धर्मेंद्र कुमार यादव प्रथम को बाराबंकी पीएसी से 25वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली, 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर में तैनात सहायक उप सेनानानयक तनु उपाध्याय को उप सेनानायक, सहायक सेनानानयक प्रयागराज 42वीं वाहिनी पीएसी उदय प्रताप सिंह प्रथम को वहीं पर उप सेनानायक बनाया गया है।

वहीं, एसीओ सेक्टर मेरठ इरफान नासिर खान को पीटीएस सुल्तानपुर, सीआईडी मुख्यालय लखनऊ से मोनिका यादव को यूपीपीसीएल मध्यांचल लखनऊ, ईओडब्ल्यू सेक्टर मेरठ समीक्षा यादव को उप सेनानायक 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी, अभिसूचना मेरठ वंदना शर्मा को ईओडब्ल्यू मुख्यालय और डीएसपी से प्रमोट ओजस्वी चावला को स्टॉफ आफिसर एडीजी जोन आगरा, अभिनव यादव प्रथम को 02वीं वाहिनी एसएसएफ गोरखपुर से उप सेनानायक 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़, 03वीं वाहिनी एसएसएफ प्रयागराज के सहायक सेनानायक के पद से प्रमोट प्रेम प्रकाश यादव को उप सेनानायक, एसटीएफ में तैनात डीएसपी से प्रमोट अवनीश्वर चंद्र श्रीवास्तव और दीपक कुमार सिंह प्रथम को एएसपी एसटीएफ, पीटीएस सुल्तानपुर से देवेंद्र सिंह प्रथम को 39वीं वाहिनी पीएसी मिर्जापुर का उप सेनानायक, सर्तकता अधिष्ठान लखनऊ से अशोक कुमार वर्मा द्वितीय को सीआईडी सेक्टर आफिसर कानपुर, चंदौली से स्नेहा तिवारी को एडीसीपी कानपुरनगर, मेरठ से अभिषेक तिवारी को एएसपी ग्रामीण मैनपुर और एएसपी राघवेंद्र कुमार मिश्र को उप सेनानायक 06वीं वाहिनी पीएसी मेरठ बनाया गया है। इसके अलावा सीआईडी लखनऊ से प्रयागराज कमिश्नरेट के पद पर भेजे गए एएसपी चिरंजीव मुखर्जी का ट्रांसफर निरस्त कर दिया गया है।

# सखी एप से नहीं जुड़ पाए स्वयं सहायता समूह

- महाराजगंज, बरेली, गाजीपुर, उन्नाव और मुरादाबाद की प्रगति सर्वाधिक खराब

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह संगठित नहीं हो पाए हैं। समूहों को ग्राम संगठन और संकुल स्तरीय संघ से जोड़ने के लिए सखी एप (लोकोश) पर मैप करने में कई जिलों की प्रगति खराब है। इस कारण समूह को धनराशि निर्गत नहीं हो पा रही है।

मिशन के तहत गांव-गांव संचालित समूहों के माध्यम से महिलाएं घर बैठे बड़ा-छोटा काम करके आजीविका चलाती हैं। इन समूह को और बेहतर व हाईटेक बनाने के लिए ग्राम पंचायत और ब्लॉक स्तर पर संगठित करना है। पहले समूहों को लोकोस एप पर मैपिंग करके ग्राम संगठन से जोड़ना है। इसके बाद ग्राम संगठन को संकुल स्तरीय संघ से जोड़ना है। मिशन स्तर पर समीक्षा की गई तो ग्राम संगठन में हाथरस, गाजीपुर, ललितपुर, महाराजगंज, बलिया, शाहजहांपुर, सीतापुर आदि जिलों की प्रगति बेहद खराब मिली। जबकि संकुल स्तरीय संघ में महाराजगंज, बरेली, गाजीपुर, उन्नाव और मुरादाबाद की प्रगति सर्वाधिक खराब मिली। इस कारण समूहों को मिशन द्वारा सीआईएफ की धनराशि निर्गत करना संभव नहीं हो पा रहा है। मिशन से मिलने वाली धनराशि से ही समूहों का संचालन होता है। भुगतान के लिए समूहों का ग्राम संगठन और संकुल स्तरीय संघ से 100 फीसद मैप होना जरूरी है। मिशन निदेशक ने 100 फीसद लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश दिए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जनगणना ड्यूटी से कुछ श्रेणी के शिक्षकों को छूट देने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में प्रस्तावित जनगणना में कुछ श्रेणियों के कर्मचारियों को ड्यूटी से छूट देने की मांग की गई है। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने सरकार से मानवीय आधार पर राहत देने का आग्रह किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी और महासचिव दिलीप चौहान ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और शिक्षक हमेशा इसे जिम्मेदारी से निभाते हैं, लेकिन विशेष परिस्थितियों में संवेदनशील निर्णय जरूरी है। उन्होंने मेडिकल अवकाश पर चल रहे कर्मचारियों, दिव्यांगजनों, गर्भवती महिलाओं और ऐसे दंपति, जिनमें दोनों सरकारी सेवा में हों, उनमें से एक को ड्यूटी से छूट देने की मांग की है। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है, ताकि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य के साथ मानवीय पहलुओं का भी संतुलन बना रहे।

### संदिग्ध हालात में महिला की मौत

**अमृत विचार, हरदोई : शाहाबाद** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बुध बाजार में एक 57 वर्षीय महिला की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साजिदा (57) पुत्री अंसार रविवार की शाम को अचानक तबीयत खराब हुई तो परिजन तत्काल सीएचसी लाये जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### समोसा खाने से बिगड़ी युवक की तबीयत

**अमृत विचार, भरखनी, हरदोई :** पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम हथौड़ा निवासी विजय बहादुर की समोसा खाने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि विजय बहादुर ने माननगला स्थित एक दुकान से समोसा खरीदा था। समोसा खाने के कुछ ही देर बाद उसे उल्टी, पेट दर्द और चक्कर आने की शिकायत होने लगी। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तुरंत एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है। इस मामले में स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

### पत्नी के मायके जाने से आहत युवक ने दी जान

**अमृत विचार, हरदोई :** लोनार थाना क्षेत्र में पत्नी के मायके चले जाने से आहत एक युवक ने पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि केहरीपुरवा मजरा गंगौली निवासी 30 वर्षीय संतोष पुत्र हरीशचंद्र अंबाला में नौकरी करता था। वहीं उस पर छेड़छाड़ का आरोप लगा था, जिसके बाद उसे जेल जाना पड़ा। इस घटना के बाद उसकी पत्नी मंजू अपनी बेटी के साथ मायके चली गई और वापस नहीं लौटी। परिजनों के अनुसार, कोर्ट में मामला चलने के बाद संतोष को लोक अदालत से राहत मिली और वह गांव लौट आया। उसने पत्नी को कई बार घर लौटने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं मानी। भाई सतीश ने बताया कि पत्नी के दूर चले जाने से संतोष मानसिक रूप से परेशान था।

# उधारी मांगी तो जेठ ने बहू को मारी गोली

## हरदोई में मझिला के कोरिगवां गांव का मामला, बेटे ने थमाया था तमंचा

संवाददाता, हरदोई



मेडिकल कॉलेज में भर्ती शिवानी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जेठ ने घर से निकल कर जा रही बहू को तमंचे से गोली मार दी। तमंचा उसके बेटे ने ही थमाया था। दरअसल जेठ ने 50 हजार रुपये उधार लिए थे। वही मांगने पर वह हमलावर हो गया। एएसपी/सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण ने इस बाबत पूछताछ की। उन्होंने बताया कि हमलावर पिता और उसके बेटे को हिरासत में ले लिया गया है। जांच की जा रही है। बताया गया है कि मझिला थाने के कोरिगवां दीपू पुत्र रामभरोसे दिल्ली में नौकरी करता था। उसने पिछले साल गांव में अपना मकान बनाया। उसी दौरान चचेरे बड़े भाई ब्रजेश पुत्र भगन्नू ने उससे 50 हजार रुपये उधार लिए थे। दीपू ने बताया कि वह रुपये मांग रहा था लेकिन ब्रजेश बराबर टरकाता रहा। रुपये मांगने पर ब्रजेश और उसके बेटे उमेश ने 9 अप्रैल को उसकी और उसकी 25 वर्षीय पत्नी शिवानी के अलावा उसके चार साल के बेटे दिव्यांशु की पिटाई कर दी थी जिसकी शिकायत करने पर पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। दीपू ने बताया कि शनिवार को उसकी पत्नी शिवानी ने रुपये मांगे थे तब भी ब्रजेश काफी लाल-ताल हो गया था। शाम को शिवानी घर से निकल कर जा रही थी। उसी बीच ब्रजेश अपने बेटे उमेश के साथ उसके पीछे पहुंचा। उमेश ने हाथ में तमंचा थमाया और ब्रजेश ने गोली चला दी जो शिवानी के दाहिने हाथ में लगी। उसे सीएचसी पिहानी से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। एएसपी/सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण ने बताया कि हमलावर ब्रजेश और उमेश को हिरासत में ले लिया गया है। दी गई तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# कथित किराए की कोख से जन्मे बच्चे को बेचने के मामले में नोटिस जारी

## महोना के निजी अस्पताल से दो दिन में मांगा गया जवाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वीडियो वायरल होने पर जांच के लिए टीम गठित

**अमृत विचार :** इटौंजा-महोना क्षेत्र में एक निजी अस्पताल से जुड़ा कथित किराए की कोख का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो में कथित रूप से किराए की कोख से जन्मे बच्चे को दूसरे दंपत्ति को बेचने की बातचीत होती दिखाई दे रही है।

वायरल वीडियो में दलाल और अन्य लोगों के बीच बच्चे के सौदे को लेकर बातचीत होने का दावा किया जा रहा है, जिसे गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीक्षक डॉ. किसलय बाजपेई ने बताया कि नगर पंचायत महोना स्थित एक निजी अस्पताल से जुड़ा यह मामला सामने आया है। अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर सभी संबंधित दस्तावेजों सहित स्पष्टीकरण मांगा गया है।

साथ ही निष्पक्ष जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित कर दी गई है। टीम जल्द ही संबंधित अस्पताल में छापेमारी कर साक्ष्य जुटाएगी और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया जांच में यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अस्पताल के साथ शामिल अन्य सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चेदानी से चार किलो का ट्यूमर निकाला, दी नई जिंदगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अवंतीबाई महिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने किया सफल ऑपरेशन

**अमृत विचार :** वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय (डफरिन) के चिकित्सकों ने बच्चेदानी में पनप रहे ट्यूमर को निकालकर महिला को नई जिंदगी देने में सफलता हासिल की है। निकाले गए ट्यूमर का वजन करीब चार किलोग्राम है।

लखनऊ निवासी 55 वर्षीय किरन को पिछले कुछ महीनों से पेट दर्द और सांस फूलने की समस्या हो रही थी। साथ ही उनका पेट लगातार बढ़ रहा था, जिससे वह देखने में गर्भवती प्रतीत होने लगी थीं। परिजनों ने मार्च माह में उन्हें अस्पताल की ओपीडी में दिखाया, जहां जांच के बाद करीब 32 सप्ताह के गर्भ के आकार के ट्यूमर की पुष्टि हुई।

अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ज्योति मेहरोत्रा ने बताया कि परिजनों की सहमति मिलने के बाद शनिवार को जटिल सर्जरी की गई, जिसमें मरीज की बच्चेदानी के साथ ट्यूमर और दोनों अंडेदानी को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। यह ऑपरेशन डॉ. रेनू पंत, डॉ. सौलत रिजवी, डॉ. तरन्नुम और डॉ. संजय दोहरे की टीम ने किया। सफल ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत स्थिर है और वह स्वस्थ्य हो रही हैं। चिकित्सकों के अनुसार, समय पर जांच और उपचार से इस तरह की जटिल बीमारियों का सफल इलाज संभव है।

### बस पलटने से हेल्पर की मौत, चालक पर केस

**अमृत विचार, बिलग्राम, हरदोई:** थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर बस पलटने से हेल्पर की मौत हो गई। सैयदबाड़ा निवासी सुधीर 15 अप्रैल को बस में हेल्पर के रूप में कार्य कर रहे थे। बताया गया कि बेहटा बुजुर्ग से आ रही बस को चालक गौरव कुशवाहा चला रहा था। रात करीब 8:45 बजे तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे सुधीर बस के नीचे दब गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के भाई सुनील कुमार की तहरीर पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पीएम मोदी के आगमन को लेकर परखी तैयारी

संवाददाता, मल्लावां/हरदोई



पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित गंगा एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन कार्यक्रम और जनसभा को लेकर यूपीड़ा के सीईओ दीपक कुमार के साथ एडीजी प्रवीण कुमार, कमिशनर विजय विश्वास पंत और डीआईजी किरण ने जिलाधिकारी अनुनय झा और एसपी अशोक मीणा के साथ बैठक कर स्थल की व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लिया।

मल्लावां-मेहंदीघाट रोड पर टोल प्लाजा श्यामपुर के पास प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन समारोह संभावित 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा होना है। रविवार को सभी विभागों के अधिकारियों का जमावड़ा देखने को मिला। यूपीड़ा के सीईओ दीपक कुमार से टोल प्लाजा के पास प्रकाश व्यवस्था, सजाने और सवारने को लेकर कमिशनर विजय विश्वास पंत और एडीजी प्रवीण कुमार के साथ तैयारी की। कार्यक्रम स्थल से लेकर मंच के आस पास के एरिया को बराबर किया जा रहा है। एक्सप्रेस-वे पर हवाई पट्टी का भी निरीक्षण किया गया। सफाई व्यवस्था को लेकर सेकड़ो सफाईकर्मी लगे हुए है।

### फसलों और खेतों को लेकर किसान चिंतित

कार्यक्रम स्थल के आसपास के एरिया में खड़ी मक्का की फसल को किसानों स्वयं तोड़ रहे हैं ताकि उनकी फसल उनके घरों तक सुरक्षित पहुंच सके। किसानों के खेतों में होने वाले कार्यक्रम से फसलों के उचित मुआवजे और खेतों की मेड़ को लेकर चिंता की लकीरें बनी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फंदे से लटक कर महिला ने की खुदकुशी

**अमृत विचार, हरदोई :** साण्डी थाना क्षेत्र में एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना उस समय हुई जब वह अपनी जेठानी के साथ घर में खाना बना रही थी।

बताया गया कि बघराई गांव निवासी मनोज ने पिछले साल फरवरी में प्रेम-प्रसंग के चलते 20 वर्षीय डाली से शादी की थी। रविवार को घर के अन्य सदस्य खेत पर थे, जबकि डाली और उसकी जेठानी शिल्पी घर में थीं। शिल्पी के अनुसार, दोनों रसोई में खाना बना रही थीं। इसी बीच डाली अचानक वहां से उठकर कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक आवाज देने पर जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो शिल्पी ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने कमरे में झांककर देखा तो डाली का शव दुपट्टे से फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत



सचिन (फाइल फोटो)

**अमृत विचार, हरदोईः** कछौना क्षेत्र में लखनऊ-पलिया हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत हो गई। हादसा गोल्डेन ढाबे के पास हुआ, जहां काम से लौट रहे 25 वर्षीय सचिन पुत्र बाबूलाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया गया कि सचिन सण्डीला में मजदूरी कर देर शाम बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सीएचसी कछौना पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी मंजू और दो बेटे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।

**बदहाली** | खेलो इंडिया के तहत जैतूपुर में साढ़े चार करोड़ की लागत से बनना है मल्टीपरपज हॉल, आठ माह से बजट का इंतजार

# खिलाड़ियों के सपनों को नहीं लगे पंख, अधूरा पड़ा स्टेडियम

संवाददाता, रायबरेली



जैतूपुर में निर्माणाधीन स्टेडियम। अमृत विचार



निर्माणाधीन स्टेडियम का अधूरा पड़ा मल्टीपरपज हॉल। अमृत विचार

**अमृत विचारः** खिलाड़ियों के सपनों को साकार करने के लिए सरकार की ओर से योजनाओं की घोषणा तो कर दी जाती है, लेकिन धरातल पर लाने के लिए हकीकत से ज्यादा कागजों पर काम होता है। जी हां यह भले ही सुनने में अजीब लग रहा हो, लेकिन होता कुछ ऐसा ही है। वर्तमान सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है, वहीं जिम्मेदारों की शिथिलता के चलते खामियाजा उभरते खिलाड़ियों को भुगतना पड़ रहा है।

हम बात करे जिले के स्टेडियम की तो सिर्फ एक ही मोतीलाल नेहरू स्टेडियम है। वहीं दूसरा प्रस्तावित स्टेडियम और मल्टीपरपज हाल समय सीमा समाप्त हो जाने के बाद भी अधूरा पड़ा है। जिले के प्रतिष्ठित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आधुनिक सुविधाओं से लैस बैडमिंटन हॉल बनकर पूरी तरह तैयार हो चुका है, लेकिन विडंबना यह है कि खिलाड़ियों को अब तक इसमें खेलने की अनुमति नहीं मिल पाई है। लाखों रुपये की लागत से बने इस हॉल का उद्घाटन और उपयोग शुरू न होना स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए बड़ी निराशा का कारण बन गया है। स्थानीय बैडमिंटन खिलाड़ियों का कहना है कि वे लंबे समय से इस हॉल के शुरू न होने से अभ्यास के लिए उन्हें निजी हॉल या खुले मैदान का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उनकी तैयारी प्रभावित हो रही है।

> बजट के बाबत उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया है। बजट मिलते ही आगे का कार्य शुरू करा दिया जाएगा। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।
>
> –धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम, जिला क्रीड़ा अधिकारी, रायबरेली

जानकारी के अनुसार, हॉल का मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है। इसमें कोर्ट, लाइटिंग, और अन्य सुविधाओं की राह में बजट रोड़ा बना हुआ है। इससे स्टेडियम का इंतजार बढ़ता जा रहा है। वैसे जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों के अभाव में वे आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। यदि यह हॉल शुरू हो जाए, तो जिले के युवा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं की तैयारी का मौका मिल सकता है। स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों का कहना है कि यदि समय रहते बजट जारी नहीं किया गया, तो अब तक किए गए निर्माण कार्य को नुकसान हो सकता है।

### निर्माण की गुणवत्ता पर भी उठ रहे सवाल

क्षेत्र में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साढ़े चार करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। अब तक 119 .73 लाख रुपये ही अवमुक्त किए गए हैं। इसके बाद से बजट नहीं दिया गया। इसके चलते पिछले आठ महीने से निर्माण कार्य ठप पड़ा है। सबसे खास बात स्थानीय लोग निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि संबंधित ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। उनका कहना है कि स्टेडियम परिसर में बैडमिंटन हॉल का ढांचा तो तैयार कर लिया गया है, लेकिन खिड़कियां, फर्श और अन्य आवश्यक उपकरणों का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। निर्माण कार्य रुकने से न केवल भवन की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है, बल्कि स्थानीय खिलाड़ियों और युवाओं को भी सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है।

### बसपा सरकार में स्टेडियम का बना था प्रस्ताव

वैसे तो स्टेडियम निर्माण को लेकर 2021 में शासन से प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। इसके बाद 2024 में बजट मंजूर किया गया। चार फरवरी 2025 को पूर्ण होने की तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन अभी तक अधूरा है। हकीकत में इसको लेकर बसपा सरकार 2009 में तत्कालीन खेल मंत्री ने घोषणा की थी। इसके बाद सपा सरकार बनने पर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। भाजपा सरकार में स्थानीय विधायक अदिति सिंह ने प्रमुखता से उठाया, जिसके बाद बजट स्वीकृत हो सका।

### बेटे के बाद हत्यारोपी पिता भी जेल भेजा गया

**अमृत विचार, हरदोईः** मल्लावां कोतवाली क्षेत्र में युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी के बाद उसके पिता को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना 13 अप्रैल की शाम गढ़ी रसूलपुर गांव की है, जहां शिल्पी पुत्री रामरहीस कुशवाहा घर से कूड़ा फेंकने निकली थी। इसी दौरान गांव का ऋषभ द्विवेदी मौके पर पहुंचा और फावड़े से हमला कर उसकी हत्या कर दी। बताया गया कि आरोपी ने एकतरफा प्रेम के चलते यह कदम उठाया था। मामले की सूचना मिलते ही एसपी अशोक कुमार मीणा, एएसपी और सीओ मौके पर पहुंचे थे। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के पिता प्रमोद कुमार ने भी उसका सहयोग किया था, जिसके बाद दोनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने 15 अप्रैल को मुख्य आरोपी ऋषभ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं रविवार को एसआई शिवाकांत पांडेय और कांस्टेबल अमित की टीम ने उसके पिता प्रमोद कुमार को भी पकड़ लिया।

# लूट की कोशिश के दौरान मारपीट, युवक की मौत

## खरगूपुर क्षेत्र के खनवापुर गांव में हुई घटना, तीन पर केस

खरगूपुर, गोंडा

वारदात

- संजय की मौत से गम में बदली शादी की खुशियां

**अमृत विचार :** खरगूपुर थाना क्षेत्र के खनवापुर गांव में बीती रात लूट की कोशिश के दौरान हुई मारपीट में एक युवक की मौत हो गई, जबकि खेत में भूसा बनवा रहे किसान चाकू लगने से घायल हो गए। पुलिस ने मृतक सहित तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, खनवापुर निवासी देवी प्रसाद शुक्ल (38) अपने खेत में मशीन से भूसा बनवा रहे थे। इसी दौरान चौखड़िया गांव निवासी संजय चौबे (23), परसरामपुर अहिरन पुरवा के दीपक यादव और खनवापुर के प्रशांत तिवारी वहां पहुंचे और उनसे पैसे छीनने लगे। विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई।

इस दौरान देवी प्रसाद के हाथ में चाकू लग गया, जिससे वह घायल हो गए। वहीं संजय चौबे को भी गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर पहुंचाया, जहां डॉ. श्वेता त्रिपाठी ने संजय को मृत घोषित कर दिया। घायल देवी प्रसाद की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर कर दिया गया। मृतक की मां राजपति ने बताया कि उनके बड़े बेटे अजय का 27 अप्रैल को तिलक और 5 मई को विवाह तय है। छोटे बेटे संजय की मौत से परिवार में खुशी का माहौल मातम में बदल गया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि घायल देवी प्रसाद की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ लूट के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## इकलौते बेटे ने दी जान माता-पिता बेसुध

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक का शव गांव से कुछ दूर पेड़ पर फंदे से लटका मिला। इकलौते बेटे को खोकर माता पिता बेसुध हो गए।

मोहब्बतपुर मजरे मिठवारा निवासी इंद्रजीत गौतम (27) मजदूरी करता था। घर में पिता राम प्रकाश व मां लज्जावती के भरण-पोषण का वही सहारा था। उसका विवाह थाना रामपुर मथुरा जिला सीतापुर क्षेत्र में मामी की पुत्री से हुआ था। दोनों से एक तीन वर्षीय पुत्री है। शादी के कुछ माह बाद ही इंद्रजीत से अनबन होने पर पत्नी मायके चली गयी। बाद में रिश्तेदारों के समझाने पर दोनों साथ रहने लगे। दो वर्ष पूर्व पत्नी पुत्री को लेकर मायके चली गई। रविवार सुबह करीब पांच बजे खेत में पानी लगाने जा रहे लोगों ने गांव से कुछ दूर एक पेड़ से लटकता युवक का शव देखा। लोगों ने शव की पहचान इंद्रजीत के रूप में की।

# ब्राह्मण व क्षत्रिय एक-दूसरे के पूरक

बोले बृजभूषण

- सवर्ण आर्मी ने आयोजित किया परशुराम जन्मोत्सव पर कार्यक्रम

संवाददाता, पयागपुर (बहराइच)



परशुराम जन्मोत्सव में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का स्वागत करते आयोजक।

**अमृत विचार।** सवर्ण आर्मी के तत्वावधान में स्थानीय जूनियर हाई स्कूल के मैदान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। सवर्ण आर्मी चीफ सर्वेश पांडेय के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह मंच पर पहुंचे। फूल-मालाओं के बीच उनका जोरदार स्वागत किया गया।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अपने भाषण की शुरुआत रामचरितमानस की कालजयी चौपाई "जब जब होई धरम कै हानी, बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी" से की। उन्होंने भगवान परशुराम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परशुराम जी ने हमेशा कमजोरों, शोषितों और पीड़ितों की रक्षा के लिए अपना फरसा उठाया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि भगवान परशुराम ने केवल अत्याचारी 'हैहय वंश' के क्षत्रियों का 21 बार संहार किया था, न कि संपूर्ण क्षत्रिय जाति का। उन्होंने कहा, भगवान परशुराम ने भीष्म पितामह, गुरु द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे महायोद्धाओं को शिक्षा दी थी। पूर्व सांसद ने वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य पर प्रहार करते हुए कहा कि आज समाज में वैमनस्यता फैलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज किसी का हक नहीं मारता, वह स्वाभिमानी है और मांग कर नहीं, मेहनत कर कमाता है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण व क्षत्रिय एक-दूसरे के पूरक हैं।

## उल्टी गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार

**कानपुर, अमृत विचार।** बर्रा पुलिस ने चंदौली के उल्टी गैंग की तीन महिलाओं समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में फत्तेपुर मोड़ के पास पकड़ा, जबकि अन्य को दामोदर नगर से दबोचा गया। आरोपी आटो में उल्टी करके सवारियों का ध्यान भटकाते और बैग, पर्स पार कर देते। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि 23 मार्च को गैंग ने उल्टी का बहाना करके खूशबू के गले से मंगलसूत्र पार किया था। शनिवार रात आरोपी दामोदर नगर के पास खड़े थे, सूचना पर घेराबंदी की। आरोपी चंदौली की माला, नंदनी, रिंकू और प्रिंस के रूप में हुई। अभिषेक आटो लेकर फरार हो गया। फत्तेपुर मोड़ के पास पुलिस ने आटो रोकने का प्रयास किया। इस पर अभिषेक ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में आरोपी बाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

# नेपाली सुरक्षाकर्मियों पर लगा अमानवीय व्यवहार का आरोप

रूपईडीहा (बहराइच)

जनता में रोष

**अमृत विचार।** भारत-नेपाल सीमा पर इन दिनों नेपाली सुरक्षा बलों द्वारा जांच के नाम पर आम नागरिकों के साथ कथित अमानवीय व्यवहार किए जाने के आरोप सामने आए हैं। सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों ने इस मामले को लेकर नाराजगी जताते हुए नेपाल सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भारत और नेपाल के बीच रोटी-बेटी का संबंध सदियों पुराना है। लाखों भारतीय बेटियां नेपाल में तथा नेपाली बेटियां भारत में विवाह के माध्यम से जुड़ी हुई हैं। यही कारण है कि यह सीमा अन्य देशों की सीमाओं की तरह नहीं, बल्कि मित्रता और आपसी विश्वास की सीमा मानी जाती है। सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग दोनों देशों के बीच आवागमन करते हैं। नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोग वर्षों से अपनी रोजमर्रा की जरूरतों का सामान भारतीय बाजारों से खरीदते रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार नई सरकार के गठन के बाद सीमा पर तैनात कुछ सुरक्षा कर्मियों के व्यवहार में बदलाव देखने को मिला है। आरोप है कि जांच के दौरान महिलाओं द्वारा खाने-पीने की वस्तुएं और दैनिक उपयोग का सामान ले जाने पर उसे जब्त कर लिया जाता है। स्थानीय नेपाली नागरिकों ने अपनी सरकार से मांग की है कि भारत जैसे मित्र देश के साथ साझा सीमा पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को आम लोगों के साथ मित्रतापूर्ण भाषा और मानवीय व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए जाएं।

## पति सोता रहा, पत्नी ने फंदे से लटक दी जान

**कानपुर, अमृत विचार :** नर्वल में पार्टी से लौटी विवाहिता ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी, जबकि उसी कमरे में पति गहरी नींद में सोता रहा। बेटे के रोने की आवाज सुनकर जब पति उठा और लाइट जलाई तो पत्नी को फंदे से लटका देखकर सन्न रह गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की।

पनौरी गांव निवासी दीपक सिंह प्राइवेट नौकरी करते है। परिवार में 30 वर्षीय पत्नी राधा व एक बेटा गौरविक है। दीपक ने बताया की 2019 में उसकी शादी हुई थी। शनिवार को ताऊ के बेटे मोहित की शादी की सालगिरह थी, इसलिए बाहर पार्टी मनाने गए थे। वहां से देर रात घर लौटे। देर रात पत्नी ने उठकर साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तड़के जब बेटा रोने लगा तो उनकी नींद टूटी। लाइट जलाकर देखा तो पत्नी का शव पंखे से लटका पाया।

# तलाक का नोटिस मिलने पर युवक ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इकलौते बेटे का शव फंदे से लटका देख मची चीख-पुकार

**अमृत विचार।** बर्रा में तलाक का नोटिस आने से परेशान युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घरेलू कलह के चलते पत्नी काफी समय से मायके में रह रही थी। एकलौते बेटे का शव फंदे से लटका देखकर मां बेसुध हो गई। पुलिस जांच-पड़ताल की व फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

विश्व बैंक निवासी 30 वर्षीय रोशन लाल प्राइवेट नौकरी करते थे। भांजे रोशन ने बताया कि मामा का मामी किरन से कई सालों से विवाद चल रहा था। इस कारण मामी करीब छह माह से मायके में रह रही है। इस बीच कई बार मामा उन्हें लेने गए, लेकिन मामी ने आने से मना कर उन्हें भगा दिया। हाल ही में तलाक का नोटिस आने पर मामा परेशान रहने लगे थे। शनिवार रात ड्यूटी से घर आए और खाना खाकर कमरे में सोने चले गए।

रविवार सुबह जब देर तक कमरे से बाहर नहीं निकले तो नानी राजवती ने आवाज दी। कोई जवाब न मिलने पर दरवाजा धकियाया, लेकिन अंदर से बंद था। इस पर पड़ोसियों की मदद से कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो शव फंदे से लटका देखकर नानी बेसुध होकर गिर पड़ीं। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया पत्नी से विवाद के चलते तनाव में युवक ने सुसाइड किया है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## अग्निकांड पीड़ितों की मदद को आगे आए पीयूष

**लखनऊ, अमृत विचार :** राजधानी के विकास नगर क्षेत्र में बीती 15 अप्रैल को झुग्गी झोपड़ियों में लगी भीषण आग से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश उपाध्यक्ष पीयूष सोमानी आगे आए हैं।

आग लगने की सूचना मिलते ही पीयूष सोमानी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने आग से बेघर हुए लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित की गई और उनकी समस्याएं सुनी गईं। पीयूष सोमानी ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पार्टी पूरी तरह से पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रशासन से भी मांग की कि प्रभावित लोगों के पुनर्वास और मुआवजे की उचित व्यवस्था की जाए ताकि वे जल्द से जल्द सामान्य जीवन में लौट सकें।

# सीतापुर में तालाब में डूबने से दो भाइयों की मौत

हादसा

बिसवां, सीतापुर

**अमृत विचार :** मानपुर इलाके की ग्राम पंचायत बन्नी खरेला में रविवार दोपहर दो भाइयों की तालाब के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। काफी प्रयास के बाद दोनों के शवों को बाहर निकाला गया। इस घटना से गांव में मातम का माहौल है।

भनवापुर निवासी अर्पित (13) पुत्र शिवकुमार पिछले कुछ दिनों पहले अपनी मानपुर थानाक्षेत्र स्थित रमईपुर ननिहाल आया था। बताते हैं कि दोपहर बाद अर्पित अपने ममेरे भाई कपिल (12) के साथ घर से निकलकर घूमते हुए पड़ोस गांव बन्नीखरेला पहुंचा। यहां दोनों लोग तालाब में नहाने लगे। बताते हैं कि नहाते समय दोनों गहरे पानी की ओर चले गए और डूबने लगे। दोनों को डूबता देख नजदीक खड़े बच्चों ने चीख पुकार की। आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक दोनों पानी में डूब चुके थे। ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद दोनों को तालाब से बाहर निकाला लेकिन तब तक अर्पित और कपिल दम तोड़ चुके थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा ने बताया कि शवों को परिवार की मंशा के अनुसार, पंचनामा भरकर पीड़ित पक्षों के सुपुर्द कर दिया गया है। गांव में देर शाम तक मातम पसरा रहा।

**परिवार का इकलौता चिराग बुझा :** कपिल अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। उसकी मौत की खबर सुनते ही पिता सुरेंद्र यादव बेसुध हो गए। बदहवास पिता बस यही दोहरा रहे थे कि अब उनके बुढ़ापे का सहारा न रहा।



न्यूज ब्रीफ

## पूर्वोत्तर रेलवे के कई स्टेशनों पर स्वास्थ्य शिविर आज से

**गोरखपुर, अमृत विचार।** ललित नारायण मिश्र रेलव चिकित्सालय गोरखपुर के तत्वावधान में 20 अप्रैल से 22 मई तक हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर हॉस्पिटल एवं शोध संस्थान गोरखपुर के चिकित्सकों द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन किया जायेगा जिसमें रेलवे कर्मचारियों, यात्रियों एवं आसपास के समुदाय के लिये निवारक स्वास्थ्य जाँच, कैंसर जागरूकता तथा बुनियादी चिकित्सा परामर्श दिया जायेगा। स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन तीन चरणों में आयोजित किया जायेगा जिसमें उच्च, मध्यम एवं निम्न प्राथमिकता का समायोजन है। प्रथम चरण तीन सप्ताह, द्वितीय चरण दो सप्ताह एवं तृतीय चरण एक सप्ताह का होगा। कैम्प में मोबाइल चिकित्सा वैन के माध्यम से पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर चिकित्सा परामर्श, कैंसर की जाँच, दवा एवं पैम्फलेट वितरण, जागरूकता सत्र इत्यादि का आयोजन किया जायेगा।

## एआरटीओ ने वर्कशॉप संचालकों संग की बैठक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद में तेज गति मॉडिफाइड साइलेंसर हूटर हॉर्न सड़कों पर दिखाई दिया तो उनके प्रति कठोर कार्रवाई की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए एआरटीओ संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में गैराज तथा वर्कशॉप संचालकों के साथ बैठक की गई। जिसमें यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि ऐसा करते पाए जाने पर उन एजेंसी के ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जनपद के ज्यादातर मोटर एजेंसी के मैनेजर उपस्थिति रहे।

# पूर्वांचल में आड़ू की खेती के खुले नए रास्ते

## अयोध्या जनपद स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रहा प्रयोग

कुमारगंज अयोध्या।

**अमृत विचार :** आड़ू को जहां पहाड़ी इलाकों की ठंडी जलवायु का फल माना जाता रहा है, वहीं बदलती कृषि तकनीक और वैज्ञानिक शोध इस धारणा को बदलने लगे हैं। अयोध्या जनपद स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रहे प्रयोगों ने यह साबित करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं।

आड़ू की खेती अब मैदानी क्षेत्रों, खासकर पूर्वांचल में भी सफलतापूर्वक की जा सकती है। कुमारगंज स्थित कृषि विश्व विद्यालय के उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के प्रक्षेत्र में वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे शोध से उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं। यहां वर्ष 2023 में हिमाचल प्रदेश और पंजाब से आड़ू की विभिन्न प्रजातियों के पौधे मंगवाकर रोपित किए गए थे। आश्चर्यजनक रूप से इन पौधों में दूसरे ही वर्ष फल आना शुरू हो गया और वर्तमान समय में फल पकने की अवस्था में हैं।इस शोध का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ.भानु प्रताप कर रहे हैं,जबकि डॉ. निरंजन सिंह सक्रिय रूप से प्रजातियों के अनुकूलन और विकास पर कार्य कर रहे हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि अयोध्या सहित पूर्वांचल की जलवायु पूरी तरह अनुपयुक्त नहीं है, बल्कि सही किस्मों के चयन और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से यहां आड़ू की व्यावसायिक खेती संभव है। डॉ. निरंजन सिंह के अनुसार, अगले दो वर्षों में किसानों के लिए उन्नत प्रजातियां और वैज्ञानिक खेती की तकनीक विकसित कर दी जाएगी, जिससे वे इस फसल से बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकेंगे। इससे क्षेत्र के किसानों के लिए आय के नए स्रोत खुलेंगे और पारंपरिक फसलों पर निर्भरता भी कम होगी। पोषण के दृष्टिकोण से भी आड़ू बेहद लाभकारी फल है। इसमें विटामिन सी, ए, ई, के और बी कॉम्प्लेक्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं।


कृषि विवि में छात्रों को शोध के बारे में जानकारी देते अध्यापक। अमृत विचार

# बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 1000 मीटर में डाली नींव


राम मंदिर परिसर के पश्चिम दिशा में बन रही बाउंड्रीवाल। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर के 3 .5 किलोमीटर लंबी बाउंड्री वॉल का निर्माण सितंबर माह तक पूरा करने का लक्ष्य है। पहले चरण में मंदिर के उत्तरी दिशा में लगभग तीन सौ मीटर लंबी दीवार को पूरा करने के बाद पश्चिम दिशा में 1000 मीटर में पाईलिंग ( गहरी नींव ) कर बाउंड्री वॉल निर्माण शुरू कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय के उपक्रम इंजीनियरिंग इंडिया लिमिटेड के द्वारा राम मंदिर परिसर के 70 एकड़ के बाउंड्री वॉल को सुरक्षा के लिए 14 फीट ऊंची और लगभग 3 .5 किलोमीटर लंबी बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है। राम मंदिर ट्रस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य गोपाल जी राव ने कहा कि दीवार को बनाए जाने का कार्य तेज कर दिया गया हैं। एक हजार मीटर लंबे क्षेत्र में जमीन के अंदर पाईलिंग कर लिया गया हैं। आने वाले 6 माह में निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

## 22 से चलेगी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन

संवाददाता गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05064/05063 गोमती नगर-कोलकाता-गोमती नगर वाया गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी गोमती नगर से 22 एवं 29 अप्रैल, 2026 दिन बुधवार को तथा कोलकाता से 23 एवं 30 अप्रैल, 2026 दिन बृहस्पतिवार को 02 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 05064 गोमती नगर-कोलकाता ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 22 एवं 29 अप्रैल, 2026 दिन बुधवार को गोमती नगर से 08.40 बजे प्रस्थान कर गोंडा से 10.37 बजे, बस्ती से 12.05 बजे, गोरखपुर से 13.45 बजे, कप्तानगंज से 14.55 बजे, पडरौना से 15.32 बजे, तमकुही रोड से 16.27 बजे, थावे से 18.40 बजे, दिघवा दुबौली से 19.42 बजे, मशरख से 20.15 बजे, मढ़ौरा से 20.50 बजे, हाजीपुर से 23.15 बजे, दूसरे दिन शाहपुर पटोरी से 00.12 बजे, बरौनी से 01.55 बजे, झाझा से 04.45 बजे, जसीडीह से 05.30 बजे, मधुपुर से 05.57 बजे, चित्तरंजन से 06.50 बजे, आसनसोल से 07.55 बजे, दुर्गापुर से 08.42 बजे, बर्द्धमान से 10.15 बजे, बैण्डेल से 11.20 बजे तथा नैहाटी से 12.02 बजे छूटकर कोलकाता 13.10 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05063 कोलकाता-गोमती नगर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 23 एवं 30 अप्रैल, 2026 दिन बृहस्पतिवार को कोलकाता से 15.20 बजे प्रस्थान करेगी।

## बंगाल व दिल्ली की नृत्यांगनाओं ने की श्रीराम स्तुति

**अयोध्या, अमृत विचार :** बंगाल तथा दिल्ली से आईं 81 नृत्यांगनाओं ने रविवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर की यज्ञशाला में श्रीरामलला की स्तुति और आराधना की। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही विभिन्न क्षेत्रों से भक्तों का जत्था पहुंच रहा है। इसी क्रम में नैतालिम डांस अकादमी पूर्व वर्धमान, बंगाल और दिल्ली से आई मातृशक्तियों ने नृत्य के माध्यम से श्रीराम की आराधना की।


कार्यक्रम में प्रस्तुति देती नृत्यांगना। अमृत विचार

# बढ़नी में जल्द शुरू होगा सीएचसी का निर्माण

- ओरल हेल्थ कैंप एवं जन स्वास्थ्य शिविर का महिलाओं व अन्य रोगियों ने उठाया लाभ

संवाददाता बढ़नी, सिद्धार्थनगर


फीता काटते मुख्य अतिथि विनय वर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत पीएचसी बढ़नी पर 'ओरल हेल्थ कैंप एवं जन स्वास्थ्य शिविर' का आयोजन किया गया। जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। मुख्यातिथि रहे क्षेत्रीय विधायक विनय वर्मा ने रिबन काटकर कैंप का उदघाटन व निरीक्षण किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी परिसर में आयोजित फ्री हेल्थ चेकअप कैंप के मुख्यातिथि विनय वर्मा, विधायक का सीएमओ, एमओआईसी ने पूरी टीम के साथ स्वागत किया। घोषित समय से काफी लेट से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे विधायक ने रिबन काटकर 'ओरल हेल्थ कैंप एवं जन स्वास्थ्य शिविर' का औपचारिक उदघाटन किया। विधायक ने विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया और दवाओं की उपलब्धता देखी। विधायक ने कहा 30 बेड के अस्पताल के बाद 20 बेड बच्चों के लिए भी बढ़ेगा। सीएमओ डॉ. रजत कुमार चौरसिया ने विधायक के सहयोग का जिक्र करते हुए 30 बेड की सीएचसी की मंजूरी मिल जाने की पुष्टि की। कैंप में स्त्री रोग विशेषज्ञ,दंत रोग एवं सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।कार्यक्रम की व्यवस्थित बनाने में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविनाश चौधरी, डॉ. एके आजाद, डॉ. आशीष अग्रहरि, समीर सिंह रहे।


सोमनाथ स्वाभिमान पर्व तीर्थयात्रा को रवाना करते अधिकारी। अमृत विचार

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व तीर्थयात्रा शुरू

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** संस्कृति विभाग उप्र शासन के तत्वावधान में जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद सिद्धार्थनगर द्वारा रविवार को जनपद से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व तीर्थ यात्रा का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी/नोडल अधिकारी मिथिलेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में विभिन्न वर्गों के 10 तीर्थयात्रियों को लेकर बस को हरी झण्डी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया गया। वहीं बस को हरी झण्डी प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सिद्धार्थनगर नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी तथा नोडल अधिकारी मिथिलेश कुमार मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से दिखाकर रवाना किया गया। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की आध्यात्मिक यात्राएं समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं समन्वय में नोडल अधिकारी के सहायक के रूप में सिद्धार्थ शंकर का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा सतीश रस्तोगी, पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर केपी त्रिपाठी, हर्षवर्धन नाथ गौतम, गिरीश चन्द्र मिश्र, पंकज श्रीवास्तव, राजेश जायसवाल, कमलेश कुमार गुप्ता, संतराम सुधार चौधरी, रमेश चन्द आदि मौजूद रहे।

## शिवलिंग स्थापना को धूमधाम से निकाली गयी कलशयात्रा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उसका बाजार क्षेत्र के कृष्णा नगर वार्ड में शिवलिंग स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मंदिर स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पंडित अश्वनी कुमार शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश यात्रा का शुभारंभ कराया। मुख्य यज्ञमान ओमकार पाण्डेय सहित अन्य श्रद्धालु कलश लेकर क्षेत्र के नौखनिया घाट जहा कूड़ा, बूढ़ी राप्ती और राप्ती नदियों का संगम है वहा गाजे बाजे के साथ पहुंचे। संगम स्थल पर पहुंच कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भर कर सभी श्रद्धालु मंदिर स्थल पर पहुंचे। कलश यात्रा कस्बा के विभिन्न वार्डों से भ्रमण करते हुए पूजा स्थल पर पहुंची। इस दौरान धार्मिक जय करे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा में प्रदीप पाण्डेय, सनद पाण्डेय, हरिशंकर सिंह, मुन्नू दुबे, अतुल दुबे, मदन, रोहित त्रिपाठी, गुंजन पाण्डेय, राजनाथ सिंह, अंब्रीश दूबे, चन्दन पाण्डेय, दिपेंद्र पाण्डेय, सूरज पाण्डेय, पंकज चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम के जीवन से लें शिक्षा

कार्यक्रम

संवाददाता सिद्धार्थनगर



भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग।

**अमृत विचार।** भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में परशुराम का प्राकट्य अक्षय तृतीया के अवसर पर हुआ था। इनकी शक्ति अक्षय थी। आठ चिरंजीवियों में होने के कारण वे अमर हैं। सृष्टि के अंत तक वे धरती पर विराजमान रहेंगे। उक्त जानकारी नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने इटवा कस्बे के जेकेजे होटल में आयोजित परशुराम जयंती के अवसर पर दी। उन्होंने बताया कि परशुराम ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र हैं। ये भगवान शिव के अनन्य भक्त और शिष्य भी हैं। इनकी भक्ति और योग्यता से प्रसन्न होकर भोलेनाथ ने इन्हें अपना परशु प्रदान किया था। हमेशा परशु धारण करने के कारण ही ये परशुराम के नाम से विख्यात हैं। भगवान श्रीकृष्ण को परशुराम ने सुदर्शन चक्र गुरु सांदीपनि के आश्रम में वापस दिया था। समाज के अन्य लोगों ने भी परशुराम के बारे में जानकारी दी। कहा गया कि अपने बच्चों को अच्छा संस्कार जरूर दें। इस मौके पर आयोजक कन्हैया पांडेय एवं बीरेंद्र दुबे ठाकुर प्रसाद तिवारी, राजेन्द्र दुबे, मार्कण्डेय पांडेय, जयवर्धन तिवारी, सुधीर तिवारी, बड़कू पांडेय, बाल विनोद त्रिपाठी, बृजेश पाठक, मुन्ना पांडेय, व्यास पांडेय, सुधीर पाठक आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धापूर्वक मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकासखण्ड जोगिया अन्तर्गत रविवार को विधानसभा शोहरतगढ़ प्रत्याशी अनिल चौधरी अपना दल ( एस) शिक्षक मंच ने पकड़ी बाजार में स्थित अपने पेट्रोल पम्प से सटे कैम्प कार्यालय पर भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनायी। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जयन्ती हर वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया को मनायी जाती है। यह दिन भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष कर धर्म की रक्षा की थी। उनका जीवन समाज को यह प्रेरणा देता है कि अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना चाहिए।

## रामनगरी में मां सरयू आरती करने वाले पुजारियों के लिए नया ड्रेस कोड लागू

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** रामनगरी में मां सरयू की आरती को और आकर्षक और व्यवस्थित बनाने के लिए अब नया ड्रेस कोड लागू किया गया है। सरयू नदी तट पर होने वाली आरती में पुजारी सप्ताह के सातों दिन अलग-अलग रंगों के वस्त्र धारण करेंगे। इस पहल का उद्देश्य आरती को भक्ति के साथ-साथ सौंदर्य और सांस्कृतिक अनुभव से जोड़ना है। सरयू आरती की नई व्यवस्था के तहत रविवार को सफेद, सोमवार और शुक्रवार को लाल, मंगलवार को भगवा, बुधवार को हरा, बृहस्पतिवार को पीला और शनिवार को नीले रंग के वस्त्र पहने जाएंगे। हर रंग का अपना धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व बताया गया है। सरयू आरती संस्था के अध्यक्ष महंत शशिकांत दास ने बताया कि इस बदलाव से आरती का स्वरूप और भव्य होगा। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए यह पहल आकर्षण का केंद्र बनेगी।

## लापरवाहीः अमरनाथ यात्री का बदल दिया ब्लड ग्रुप

**अयोध्या, अमृत विचारः** जिला अस्पताल की आईपीएचएल से एक और गड़बड़ी का मामला सामने आया है। यहां अमरनाथ यात्री के ब्लड सैंपल की जांच में ही ग्रुप ही बदल दिया गया। अश्वनीपुरम निवासी अनुज श्रीवास्तव ने बताया कि वह गत वर्ष अमरनाथ यात्रा के दौरान जिला अस्पताल में मेडिकल कराने पहुंचे थे। उस दौरान ब्लड ग्रुप ए पॉजीटिव बताया था। साथ ही सात जीएम ब्लड होने की रिपोर्ट दी थी। इसके दूसरे दिन निजी लैब में जांच कराने पर शरीर में हीमोग्लोबिन 14 जीएम की रिपोर्ट मिली थी। इस वर्ष भी अमरनाथ यात्रा पर जाने से पहले मेडिकल कराने जिला अस्पताल पहुंचा था। जांच कराई तो ब्लड ग्रुप ओ पॉजीटिव बता दिया, जबकि उनका ब्लड ग्रुप ए पॉजीटिव है। उन्होंने बताया वह इस संबंध में उच्चाधिकारियों से शिकायत करेंगे। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि अभी हमारे पास ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है। मामले की जांच कराई जाएगी।

## धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नगर पंचायत उसका बाजार अंतर्गत स्थित श्री कृष्णा द स्कूल सरदार पटेल नगर उसका राजा में रविवार को अक्षय तृतीया पर्व एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिक्षाविद उजागिर पाण्डेय एवं स्कूल के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय ने दिव्य ज्योति प्रज्ज्वलित कर एवं भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण करके किया गया। अक्षय तृतीया पर्व भगवान परशुराम को धूप, दीप, नैवेद्य, वस्त्र, मिष्ठान, पुष्प, आम्र पल्लव अर्पित करके सुख, शांति, आरोग्य की कामना की गयी। स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक सुभाष यादव, सतेंद्र पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, मुस्कान सहित राम मिलन मौर्या, रिशु पाण्डेय ने भी भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर लक्ष्मी, दीपाली, आंचल, ज्योति, प्रतिभा, धीरज आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल–अयोध्या।

पताः–बड़ा रमना, रीडगंज, अयोध्या।

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक– 38 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा पत्रा0 / पत्रावली सं0–746 / अनु0 सहायक / 2026–27 / दिनांक– 04.04.2026

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल अयोध्या के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में मार्ग निर्माण कार्य हेतु ए, बी एवं सी0 श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान पृथक से सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा।

1.कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (रू0में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य अथवा निविदा फीस जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतृ सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| त्वरित आर्थिक विकास योजना –विधान सभा क्षेत्र बीकापुर | | | | | | |
| 1 | अयोध्या | ग्राम महोली में मुख्य मार्ग से आबादी के अन्दर होते हुये बाढ़ सहायता केन्द्र तक सी0सी0 रोड निर्माण–सोहावल | 59.07 | 118200 | 2354.00 | 08 month |
| त्वरित आर्थिक विकास योजना –विधान सभा क्षेत्र मिल्कीपुर | | | | | | |
| 2 | अयोध्या | विकास खण्ड हरिंग्टनगंज के रामपुर जोहन पूरे जियन तिवारी का पुरवा में मथुरा तिवारी के घर तक नवनिर्माण कार्य। | 51.93 | 103900 | 2354.00 | 08 month |
| 3 | अयोध्या | विकास खण्ड मिल्कीपुर में चमनगंज मंजनाई सं0मा0 से राम अंजोर चक्रवर्ती के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 34.91 | 69900 | 2354.00 | 08 month |
| 4 | अयोध्या | विकास खण्ड हरिंग्टनगंज में मलेथू खुर्द में हनुमान भूज के घर से चिताईतारा राजकीय नलकूप तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 36.85 | 73700 | 2354.00 | 08 month |

2 वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः– 22.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे।
3 बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारंभ करने की तिथि एवं समयः– 22.04.2026 को दोपहरः 12.00 बजे।
4 प्रि बिड मीटिंग की तिथि एवं समयः– 23.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे।
5 ई–निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि / समयः– 22.04.2026को दोपहर 12:00 बजे से।
6 ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समयः– 21.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
7 ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 21.05.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8 टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
9 निविदा आन–लाईन वैब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10 निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भॉति पढ़ लें।

(के0के0मिश्रा)
अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
परिमण्डल–अयोध्या।
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

UP - 250058 दिनांकः 17/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

# रेलवे ने कबाड़ से कमाए 6813 करोड़



**नई दिल्ली, अमृत विचार।** भारतीय रेलवे, यात्रियों के टिकट के किराए बढ़ाए बिना, कबाड़ से कमाई और किराए के अलावा दूसरे तरीकों से होने वाली आय में लगातार बढ़ोतरी करके, अपनी आर्थिक मज़बूती बढ़ा रहा है और साथ ही यात्रियों के अनुभव को भी बेहतर बना रहा है। बेकार पड़ी चीज़ों से कमाई करके और किराए के अलावा आय के नए-नए तरीके अपनाकर, रेलवे यह पक्का कर रहा है कि स्टेशनों पर मिलने वाली सुविधाओं, साफ़-सफ़ाई, डिजिटल सेवाओं और यात्रियों के लिए अन्य सुविधाओं में सुधार आर्थिक रूप से टिकाऊ तरीके से हो। यह संतुलित तरीका, चीज़ों के सही इस्तेमाल, ग्राहकों पर केंद्रित निवेश और पर्यावरण के अनुकूल तरीकों पर रेलवे के रणनीतिक फोकस को दिखाता है, जिससे रेलवे की यात्रियों को ज़्यादा आरामदायक, यात्रा का अनुभव देने की प्रतिबद्धता और मज़बूत होती है। भारतीय रेलवे ने कबाड़ को ठिकाने लगाने के मामले में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है और वित्त वर्ष 2025-26 में प्रदर्शन किया है। 6000 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले, रेलवे ने 6813.86 करोड़ का कबाड़ बेचा जो तय लक्ष्य से काफ़ी ज्यादा है। यह उपलब्धि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के शानदार प्रदर्शन को आगे बढ़ाती है, जिसमें भारतीय रेलवे ने 5400 करोड़ के अपने लक्ष्य को पार करते हुए 6641.78 करोड़ का कबाड़ बेचा था। कबाड़ से कमाई में यह लगातार तेज़ी और कबाड़ को ठिकाने लगाने के पारदर्शी तरीकों के प्रति भारतीय रेलवे के केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाती है। बेकार पड़ी चीज़ों को व्यवस्थित तरीके से हटाकर यह संगठन अच्छी कमाई कर रहा है। यार्ड और वर्कशॉप में खाली जगह भी बना रहा है। यह पहल रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देकर और कबाड़ के जमाव को कम करके, पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
पहले मेरा नाम MOHAMMAD IZHAR ASHRAFI था। अब मैंने अपना नाम बदलकर MOHD IZHAR ASHRAFI रख लिया है अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **MOHD IZHAR ASHRAFI S/O-GULAM HUSAIN ASHRAFI ADD- PATEL NAGAR IKAUNA DIST-SHRAWASTI (U.P).**

सूचना
पहले मेरा नाम MOHAMMAD KHALID QADRI था अब मैंने बदलकर अपना नाम MO KHALID QUADRI रख लिया है भविष्य में मुझे MO KHALID QUADRI के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O AHAMAD QUADRI R/O 7/39 K,10 MALL AVENUE, NEAR DARGAH MIYAN MAZAR RAZA NAGAR HUSSAINGANJ, LUCKNOW**

सूचना
पहले मेरा नाम RIJAVAN था, जिसे बदलकर अब MO RIZWAN रख लिया है। अब मुझे नये नाम से जाना व पहचाना जाये। MO RIZWAN S/O MOHAMMAD ISMAIL ADD-319 PURESHADI RAJA FATTEPUR, DISTT-C S M NAGAR, PIN-227405

सूचना
सूचित किया जाता है कि मैं MAJID से अपना नाम बदल कर ABDUL MAJEED रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वा पहचाना जाए पुत्र ABDUL RAHEEM निवासी चाइतोला गिर्द नबाब गंज गोंडा का रहने वाला हूं।

सूचना
मैने अपना नाम और पता नजराना सिद्दीकी पत्नी कफील सिद्दीकी – जेरकिला छिबरामऊ कन्नौज – उत्तर प्रदेश– 209721 से बदलकर नजराना बेगम – पत्नी कफील अहमद, निवासी 4/5 मोहल्ला जेरकिला छिबरामऊ कन्नौज उ0प्र0 209721 कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए

सूचना
मैंने अपना नाम काफिल अहमद से बदलकर कफील अहमद रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **कफील अहमद / कफील अहमद पुत्र जुम्मन सिद्दीकी – निवासी –मोहल्ला जेरकिला छिबरामऊ, कन्नौज, उत्तर प्रदेश –209721**

## वर्ल्ड ब्रीफ

### झारखंड : बेटी से छेड़छाड़ करने वाले की पीटकर हत्या

रांची। झारखंड के रांची जिले में एक व्यक्ति ने अपनी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि यह वारदात 21 मार्च को सिकिदरी पुलिस थाना क्षेत्र के हरतु गांव में हुई थी। उन्होंने बताया कि मृतक के बेटे ने 22 मार्च को इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया, आरोपी को अपराध कबूल करने के बाद रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने पुलिस को बताया कि व्यक्ति ने उसकी 14 वर्षीय बेटी के साथ छेड़छाड़ की थी। जब उसकी बेटी ने उसे यह बताया तो उसने गुस्से में आकर लाठी से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी।

### हैदराबाद में उत्पीड़न से तंग इंजीनियरिंग के छात्र ने आत्महत्या की

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में एक छात्र ने उस निजी कॉलेज के एक अधिकारी द्वारा उत्पीड़न किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली, जहां वह पढ़ता था। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को हुई जब बीटेक के तीसरे वर्ष के छात्र ने हयातनगर पुलिस थाना क्षेत्र में स्थित अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसने बताया कि छात्र के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए कॉलेज अधिकारी पर आरोप लगाया है कि उसने 17 अप्रैल को कम उपस्थिति का हवाला देते हुए उनके बेटे से हॉल टिकट जारी करने के लिए 5,000 रुपये मांगे और साथ ही जब उसके बेटे ने अपनी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में बताया तो उसे सभी के सामने अपमानित किया।

### राजस्थान में 150 फुट गहरी खाई में गिरी बस दो की मौत, 30 घायल

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर के पुष्कर घाटी में एक निजी बस असंतुलित होकर करीब 150 फुट गहरी खाई में गिरने से दो महिलाओं की मौत हो जबकि करीब 30 लोग घायल हो गये। पीसांगन के निकटवर्ती ग्राम में पारिवारिक समारोह में शिरकत करने के लिए एक ही कुटुंब परिवार की करीब 35 महिलाएं और बच्चे निजी बस से रवाना हुए। दोपहर में पुष्कर घाटी में पहुंचते ही अचानक बस असंतुलित होकर सड़क के दूसरी ओर खाई में लुढ़क गई और पलट कर तेजी से कंटीली झाड़ियों से टकराते हुए गिर गई।

# किसी लोकसभा क्षेत्र में 37 लाख से ज्यादा मतदाता, कहीं बस 58 हजार

## लोकसभा क्षेत्रों के युक्तिकरण के लिए गृह मंत्रालय की ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों पर नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या को युक्तिसंगत बनाने पर जोर दिया है। उनका कहना है कि अधिक मतदाताओं वाली सीट से निर्वाचित सांसद उनकी आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकते।

शाह ने विपक्ष से 2029 में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने वाले विधेयक को पारित करने का समर्थन करने का आग्रह करते हुए शुक्रवार को संसद के निचले सदन में कहा था कि परिसीमन प्रक्रिया प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या को तर्कसंगत बनाने के लिए आवश्यक है, क्योंकि यह ''एक व्यक्ति, एक मत'' के विचार को उसकी सच्ची भावना में लागू करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने तेलंगाना के मलकाजगिरि का उदाहरण देते हुए कहा था कि इस लोकसभा सीट पर 20 लाख से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं और ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों के सांसद इतने मतदाताओं की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकते।

महिला आरक्षण संशोधन विधेयक में प्रस्तावित बदलावों को लेकर सरकार द्वारा जारी किए गए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की एक सूची के अनुसार, महिला आरक्षण को लागू करने के लिए परिसीमन आवश्यक है। हालांकि, यह विधेयक शुक्रवार को पारित नहीं हो सका। लोकसभा में सीट की संख्या का निर्धारण 1976 में किया गया और 1971 की 54 करोड़ की आबादी के आधार पर सीट की संख्या 550 निर्धारित की गई। हालांकि, अब देश की आबादी 140 करोड़ से अधिक हो गई है। प्रश्नोत्तरी सूची में कहा गया, लोकसभा में सीट की संख्या बढ़ाकर 850 करना अहम है। इससे संसद में लोगों का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सकेगा।




### लक्षद्वीप में मतदाता संख्या सिर्फ 58,000

इसके विपरीत, लक्षद्वीप में लगभग 58,000 मतदाता हैं। दमन और दीव में मतदाताओं की संख्या 1.34 लाख है, जबकि लद्दाख में यह संख्या करीब 1.90 लाख है। दादरा और नागर हवेली में लगभग 2.83 लाख मतदाता हैं और अंडमान और निकोबार में 3.15 लाख मतदाता हैं। परिसीमन का अभिप्राय है लोकसभा क्षेत्र की सीमा का पुनर्निर्धारण करना। लोकसभा क्षेत्र का पुनर्निर्धारण हो जाने पर विधानसभा क्षेत्रों का भी आकार बदल जाता है। एक लोकसभा सीट के अंतर्गत कम से कम पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं।

### मलकाजगिरि में सर्वाधिक 37.80 लाख मतदाता

निर्वाचन आयोग के 2024 के लोकसभा चुनावों के आंकड़ों के अनुसार, पश्चिमी दिल्ली सहित पांच निर्वाचन क्षेत्र हैं जिनमें से प्रत्येक में 20 लाख से अधिक मतदाता हैं। वास्तव में, दो सीट पर 30 लाख से अधिक मतदाता हैं। ये पांच निर्वाचन क्षेत्र चार राज्यों में अवस्थित हैं। एक अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद यह आंकड़ा बदल गया होगा। लोकसभा की पांच ऐसी सीटें हैं, जहां मतदाताओं की संख्या 58,000 से लेकर 5.98 लाख के बीच है। मतदाताओं की संख्या के आधार पर सबसे बड़े निर्वाचन क्षेत्रों की सूची में तेलंगाना की मलकाजगिरि सीट शामिल है, जहां 37.80 लाख मतदाता पंजीकृत हैं। उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद सीट पर 29.48 लाख मतदाता और गौतम बुद्ध नगर सीट पर 26.81 लाख मतदाता हैं।

### खेड़ा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने से इन्कार

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी की अदालत ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी पर कई पासपोर्ट और विदेश में संपत्ति होने के आरोपों को लेकर दायर एक मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने के अनुरोध वाली असम पुलिस की याचिका खारिज कर दी है।

- **कोर्ट ने कहा- पुलिस के बताए आधार सिर्फ अटकलबाजी**

कामरूप मेट्रो के सीजेएम ने यह आदेश 7 अप्रैल को सुनाया था जिसकी प्रति रविवार को साझा की गई। सीजेएम ने कहा, पुलिस के बताए गए आधार पूरी तरह अटकलों पर आधारित हैं और रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री से मेल नहीं खाते। इसके अलावा, चूंकि यह मामला संज्ञेय है और अपराध गैरजमानती है, इसलिए पुलिस को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार जांच के उद्देश्य से जरूरी समझे जाने पर गिरफ्तारी करने का अधिकार पहले से ही प्राप्त है।

# हिमाचल में छह माह के लिए शीर्ष अधिकारियों का 30% वेतन रोका गया

**शिमला, एजेंसी**

- **राज्य सरकार ने अपनी वित्तीय स्थिति के कारण लिया फैसला कहा- ये कदम अस्थायी**

वित्तीय संसाधनों के कुशल प्रबंधन के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन का एक हिस्सा छह महीने के लिए रोक दिया गया है। वित्त विभाग की ओर से रविवार को इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की।

अधिसूचना के अनुसार यह रोक मई 2026 से प्रभावी होगी और यह कदम अस्थायी है। इसके तहत मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों, पुलिस महानिदेशक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक के वेतन का तीस प्रतिशत हिस्सा रोका गया है। सचिवों, विभाग प्रमुखों, पुलिस महानिरीक्षकों, पुलिस उप महानिरीक्षकों, पुलिस अधीक्षकों, एसपी स्तर तक के पुलिस अधिकारियों, मुख्य वन संरक्षकों, वन संरक्षकों और जिला वन अधिकारी स्तर के वन अधिकारियों के वेतन का बीस प्रतिशत हिस्सा रोका गया है।

अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि वित्तीय संसाधनों के कुशल प्रबंधन के लिए सामूहिक प्रयास के रूप में अपनाया जा रहा है। इसे कटौती के रूप में नहीं माना जाएगा और राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति के आधार पर इसे बाद में जारी किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 21 मार्च को बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों के वेतन के एक हिस्से को रोके जाने की घोषणा की थी।

## कोरबा में सीएसईबी राखड़ बांध फूटा, जेसीबी चालक की मौत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवागांव कला में स्थित सीएसईबी के राखड़ (ऐश) बांध के फूटने से एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें मलबे में दबकर जेसीबी चालक की मौत हो गई। तेज बहाव में फंसे तीन मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना उस समय हुई जब जेसीबी चालक समेत चार मजदूर राखड़ डेम में मरम्मत कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान अचानक बांध फूट गया, जिससे राखड़ और मलबे का तेज बहाव आ गया। इसमें जेसीबी मशीन बह गई और चालक मलबे में दब गया। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर तीन मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मलबे में दबे जेसीबी चालक की मौत हो गई।

## कानपुर में पिता ने जुड़वां बेटियों का गला घोंटा, फिर चापड़ से काट डाला

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार :** पत्नी पर शक के चलते नौबस्ता में के-ब्लाक किदवई नगर में शनिवार देर रात पिता ने अपनी 11 वर्षीय जुड़वां बेटियों का गला घोटने के बाद चापड़ से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद हत्यारोपी पिता शवों के साथ बैठा रहा। करीब डेढ़ घंटे बाद खुद पुलिस को फोन करके वारदात की सूचना दी और हत्या कबूल की। सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ डीसीपी साउथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दूसरा कमरा खुलवाया तो हत्यारोपी की पत्नी व बेटा अंदर सोते मिले। बेटियों की हत्या का पता चलने पर मां चीख पड़ी। पुलिस जांच में सामने आया कि वारदात रात करीब एक से तीन बजे के बीच हुई है। भोर पहर 4.32 बजे हत्या की खबर पुलिस को मिली। पुलिस ने जांच की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। मूलरूप से बिहार के गया निवासी शशि रंजन मिश्रा चंडीगढ़ की वन रेमेडीज कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव है। नौबस्ता में के-ब्लाक किदवईनगर स्थित त्रिमूर्ति अपार्टमेंट फेज-टू में किराये पर रहता है। शशि रंजन ने सिलीगुड़ी कलीमनगर की रहने वाली रेशमा से 2014 में मंदिर में प्रेम विवाह किया था। रेशमा स्वरूपनगर स्थित पार्लर में काम करती थी, जहां दोनों की मुलाकात हुई थी। शशि की दोनों 11 वर्षीय जुड़वां बेटियां रिद्धि व सिद्धि मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा पांच की छात्राएं थीं। बेटा रुद्रव यूकेजी का छात्र है। पुलिस के अनुसार आरोपी शशि ने पुलिस पूछताछ में कबूल किया कि शनिवार रात सभी ने साथ में खाना खाया। इसके बाद उसने दोनों बेटियों का गला दबाकर बेहोश किया। फिर जमीन पर लिटाकर चापड़ से गला काटा व हथौड़े से वार किया।




भीषण गर्मी के बीच कोलकाता में पानी के साथ मस्ती करते बच्चे।

### देश भर में भीषण गर्मी कई हिस्सों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस

मध्य अप्रैल में ही देश के कई हिस्सों में लोग भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव 44 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। राज्य के कई इलाकों लू का अलर्ट जारी किया गया है। झारखंड में भी 44 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंचने की संभावना के चलते येलो अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान में भी प्रचंड गर्मी पड़ रही है। कोटा में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है। इसके अलावा देश के कई हिस्सों में पेयजल की कमी से भी लोगों को जूझना पड़ रहा है। दिल्ली और मध्यप्रदेश में रविवार को पेयजल संकट के चलते विरोध प्रदर्शन किया।

## लश्कर का खरगोश फर्जी पासपोर्ट से सऊदी भागा

**श्रीनगर/नई दिल्ली, एजेंसी**

- **एजेंसियों ने प्रत्यर्पण कर भारत लाने के शुरू किए प्रयास**

लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी उमेर हारिस उर्फ 'खरगोश' सज्जाद नाम से जारी जाली पासपोर्ट का इस्तेमाल करके देश छोड़ने के बाद संभवतः सऊदी अरब पहुंच गया है। सज्जाद के बारे में दावा किया गया है कि वह राजस्थान का निवासी है। एलईटी के इस अंतर-राज्यीय आतंकी मॉड्यूल की जांच का नेतृत्व कर रही श्रीनगर पुलिस ने केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के साथ यह जानकारी साझा की है।

अधिकारियों ने बताया कि इस महीने की शुरूआत में जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा दर्ज किया गया मामला संभवतः एनआईए को सौंपा जाएगा। साथ ही, संबंधित राज्य पुलिस बलों को भी जानकारी दी गई है ताकि तुरंत कार्रवाई हो सके और खामियों को दूर किया जा सके। पहले की रिपोर्टों में कहा गया था कि हारिस कराची का रहने वाला है लेकिन अब सामने आया है कि वह पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा का निवासी है। अधिकारियों ने कहा कि वह लश्कर-ए-तैयबा में इसलिए शामिल हुआ ताकि वह पुलिस कार्रवाई से बच सके क्योंकि उसके खिलाफ कराची में आगजनी के कई मामले लंबित थे।

### तेजी से ठिकाने बदलने के कारण नाम पड़ा खरगोश

हारिस को खरगोश उपनाम इसलिए मिला क्योंकि वह बहुत तेजी से जगह बदलकर सुरक्षा एजेंसियों की पकड़ से बच निकलता था। पता चला कि हारिस कश्मीर घाटी में घुसपैठ के बाद बांदीपोरा और श्रीनगर के अलग-अलग स्थानों पर रहा। उसने लश्कर के एक आतंकी की बेटी के साथ सज्जाद के झूठे नाम से जयपुर में शादी भी की। इस शादी के दस्तावेजों का इस्तेमाल उसने भारतीय पासपोर्ट के आवेदन में भी किया।

### पुलिस सत्यापन के बाद भी मिला फर्जी पासपोर्ट

इस आतंकी मॉड्यूल के खुलासे ने कई खामियों को उजागर किया है। सवाल उठ रहे हैं कि राजस्थान में पुलिस सत्यापन प्रणाली के बावजूद पासपोर्ट कैसे जारी हो गया। अधिकारियों के अनुसार, यह आतंकवादी बाद में इंडोनेशिया चला गया, जहां से उसने 2024-25 में एक और फर्जी यात्रा दस्तावेज का उपयोग करके सऊदी अरब में कहीं शरण ली। अब उसे सऊदी अरब से प्रत्यर्पित कराने और भारत लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पहलगाम हमले की बरसी पर कश्मीर में कड़ी सुरक्षा

**श्रीनगर।** कश्मीर के पहलगाम में गत वर्ष 22 अप्रैल को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के हमले की पहली बरसी के मद्देनजर घाटी के पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस हमले में लश्कर के आतंकवादियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

- **पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लागू किए गए कई नए उपाय**

अधिकारियों ने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियों को पहलगाम आतंकी हमले की बरसी की पूर्व संध्या पर, विशेष रूप से पर्यटन स्थलों के आसपास, किसी भी संभावित विध्वंसक गतिविधि के प्रति सतर्क रहने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि एक पुख्ता सुरक्षा योजना तैयार करने के लिए जमीनी स्तर पर प्रारंभिक बैठकें आयोजित की गईं, जबकि वरिष्ठ अधिकारियों ने हाल ही में इन व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पहलगाम की बैसरन घाटी में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के नृशंस हमले के कारण जम्मू कश्मीर में पर्यटन थमा और अधिकारियों को करीब 50 पर्यटन स्थलों को बंद करना पड़ा और सुरक्षा ऑडिट के बाद उनमें से कुछ को चरणबद्ध तरीके से फिर से खोला गया।

आतंकी हमले के करीब एक साल बाद बैसरन घाटी फिर पर्यटकों से गुलजार हैं और यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। पहलगाम रिजॉर्ट में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कई नए उपाय लागू किए गए हैं। इनमें सेवा प्रदाताओं और विक्रेताओं और पोनीवालों का आगंतुकों से संपर्क करने से पहले पूर्व सत्यापन भी शामिल है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# घुसपैठियों के लिए उन्हीं की सरकार बनाना चाहती हैं ममता बनर्जी : मोदी

**झाड़ग्राम (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को राज्य की पहचान बचाने की लड़ाई बताया। उन्होंने राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर ऐसी राजनीति करने का रविवार को आरोप लगाया जो मूल निवासियों के बजाय 'घुसपैठियों' का समर्थन करती है।

मोदी ने आदिवासी बहुल झाड़ग्राम जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों के लिए, घुसपैठियों की सरकार' बनाना चाहती है। उन्होंने मतदाताओं से इसे सत्ता से हटाने को एकजुट होने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव इस भूमि की समृद्ध विरासत को बचाने के लिए है... यह बंगाल की पहचान को बचाने के लिए है। आज बंगाल को अपनी पहचान खोने का डर है। आरोप लगाया कि तृणमूल जिस रास्ते पर चल रही है वह बहुत खतरनाक है। तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों की सरकार'बनाना चाहती है। एक ऐसी सरकार जो बंगाल की जनता के धर्म, भाषा और रीति-रिवाजों के बजाय केवल घुसपैठियों के धर्म, भाषा और रीति-रिवाजों की रक्षा करेगी। मोदी ने दावा किया कि ऐसी सरकार के लिए सबसे बड़ी बाधा पश्चिम बंगाल के आम लोग होंगे। उस सरकार के लिए, अगर कोई शत्रु है, तो वे यहीं बैठे भाई-बहन होंगे, जो घुसपैठियों के शत्रु होंगे।

- **कहा- बंगाल की पहचान बचाने की लड़ाई है यह चुनाव**




पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में जनसभा में अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

## मंदिर के ऊपर 'दीपम' जलाया जाएगा: राजनाथ सिंह



**चेन्नई, एजेंसी।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर अवैध रेत खनन और गिरती कानून-व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनते ही तिरुपरनकुंद्रम मंदिर के ऊपर दीपम जलाया जाएगा। तेनकासी जिले के वासुदेवनल्लूर (आरक्षित) और राधापुरम निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपाउम्मीदवारों अनंतन अय्यानाथन और बालकृष्णन के समर्थन में रोड शो करते हुए श्री सिंह ने कहा कि अदालत के आदेशों के अनुसार वहां दीपम निश्चित रूप से जलाया जाएगा। गौरतलब है कि मद्रास उच्च न्यायालय ने तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित पत्थर के खंभे (दीपथून) पर कार्तिकेय दीपम जलाने की अनुमति दी थी।

## ममता ने कांग्रेस के साथ साजिश रचकर महिलाओं से किया विश्वासघात : नबीन

**बलूरघाट (प. बंगाल), एजेंसी।** भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के आरक्षण के कार्यान्वयन में आई बाधा के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस जैसी विपक्षी पार्टियों को जिम्मेदार ठहराया। बलूरघाट में भाजपा उम्मीदवार बिद्युत रॉय के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि बंगाल से घुसपैठियों को बाहर निकालने, जनसांख्यिकीय परिवर्तन को रोकने और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से हटाना आवश्यक हो गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि महिला होने के बावजूद, ममता बनर्जी ने कांग्रेस जैसी पार्टियों के साथ मिलकर बंगाल की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया ताकि लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक पारित न हो सके। भाजपा अध्यक्ष ने राज्य की महिला मतदाताओं से तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाने का आह्वान करते हुए दावा किया कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है।

## निर्वाचन आयोग ने की 11 हजार गैर कानूनी सोशल मीडिया पोस्ट के खिलाफ कार्रवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि उसने पांच विधानसभा चुनाव के लिए जारी प्रक्रिया से संबंधित करीब 11,000 'गैरकानूनी' सोशल मीडिया पोस्ट और अन्य सामग्री के खिलाफ कार्रवाई की है। असम, केरल और पुडुचेरी विधानसभा के लिए पहले ही मतदान हो चुका है जबकि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव इस महीने के अंत में चुनाव होंगे। निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देश में कहा है कि सोशल मीडिया पर कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा सृजित या हेरफेर की गई किसी भी भ्रामक या गैरकानूनी सामग्री की जानकारी मिलते ही तीन घंटे के भीतर कार्रवाई की जानी चाहिए। राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और अभियान प्रतिनिधियों को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि प्रचार के लिए उपयोग की जाने वाली किसी भी कृत्रिम रूप से निर्मित या एआई-जनित सामग्री को स्पष्ट रूप से एआई-जनित, 'डिजिटल रूप से उन्नयन किया गया' या 'कृत्रिम सामग्री' के रूप में लेबल किया जाए, साथ ही मूल संस्था का खुलासा भी किया जाए, ताकि पारदर्शिता और मतदाताओं का विश्वास बना रहे।

# राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रहे प्रधानमंत्री : ममता

**तारकेश्वर(प.बंगाल), एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी ने हुगली जिले के तारकेश्वर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक के संबंध में राष्ट्र को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए अवैध तरीके से प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री पर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने (भाजपा ने) कल सरकारी तंत्र का दुरुपयोग राजनीतिक प्रचार के लिए किया।

हम इसकी निंदा करते हैं और निर्वाचन आयोग में शिकायत कराएंगे। वर्ष 2029 से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने संबंधी विधेयक के संसद के निचले सदन में पारित नहीं होने के बाद प्रधानमंत्री ने शनिवार को राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को चेतावनी दी कि भारत की महिलाएं उन्हें भ्रूण हत्या के पाप के लिए कड़ी सजा देंगी। बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री को जनता को जवाब देना होगा कि आप अपनी पार्टी के लिए अवैध प्रचार कर रहे हैं।



पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

## टीवीके ने एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार को दिया समर्थन

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय ने अपनी पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) के उम्मीदवार एम. अरुण कुमार का एडापडी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन रद्द होने के बाद ऐलान करते हुए कहा कि उनकी पार्टी इस सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के. प्रेमकुमार का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि मैं एडापडी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। प्रेमकुमार बतौर एक निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। हममें से ही एक हैं और पहले हमारे फैन क्लब में काम कर चुके हैं। श्री विजय ने मतदाताओं से अपील की कि वे इस विधानसभा क्षेत्र में श्री प्रेमकुमार को उनकी पार्टी टीवीके के उम्मीदवार के तौर पर ही देखें।

## निर्वाचन आयोग ने जोड़े सात लाख नए मतदाता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में लगभग सात लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग ने हालांकि नए जोड़े वोटरों आयु या अन्य जानकारी साझा नहीं की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इन नए मतदाताओं में से लगभग 3.22 लाख मतदाता पहले चरण में वोट करेंगे, जबकि शेष लगभग 3.88 लाख वोटर दूसरे चरण में मताधिकार का प्रयोग करेंगे।



आपके जीवन में सबसे महत्त्वपूर्ण दो दिन होते हैं, एक तो वह दिन जिस दिन आप पैदा होते हैं और दूसरा वह दिन जब आपको पता चलता है कि आपका जन्म क्यों हुआ है।

**-मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक**

## होर्मुज में हमला

पश्चिम एशिया के उथल-पुथल भरे परिदृश्य में भारतीय जहाजों पर ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड की गोलाबारी जटिल भू-राजनीतिक संकेत है। होर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से विश्व की लगभग एक-तिहाई तेल आपूर्ति गुजरती है, उस क्षेत्र में कोई भी टकराव वैश्विक संकट में बदल सकता है। ऐसे में भारतीय ध्वज वाले जहाजों को निशाना बनाना एक गंभीर सैन्य घटना है। जिन जहाजों ने ईरान द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया, अनुमति ली और जिनकी पहचान स्पष्ट थी, उन्हें निशाना बनाना ईरान की उस आक्रामक समुद्री नीति का हिस्सा हो सकता है, जिसका 'रणनीतिक संदेश' यह है कि वह अपने प्रभाव क्षेत्र में हर आवाजाही पर नियंत्रण रखता है, परंतु यह रणनीति जोखिमपूर्ण है, क्योंकि इससे तटस्थ या मित्र देशों का भरोसा भी डगमगाता है।

सवाल यह है कि ईरान, जिसने पहले भारतीय जहाजों को सुरक्षित मार्ग देने का आश्वासन दिया था, अचानक आक्रामक क्यों हुआ? इसके कई संभावित कारण हैं। पहला, क्षेत्रीय युद्ध का दबाव— इजराइल-ईरान तनाव और अमेरिकी सैन्य उपस्थिति ने ईरान को अधिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों बना दिया है। दूसरा, 'संदेश की राजनीति', ईरान अपने विरोधियों के साथ-साथ तटस्थ देशों को भी यह संकेत देना चाहता है कि क्षेत्र में उसकी शर्तें सर्वोपरि हैं। तीसरा, भारत का संतुलनकारी रुख- भारत के अमेरिका और खाड़ी देशों के साथ बढ़ते सामरिक संबंध ईरान को असहज कर सकते हैं, भले ही भारत ने कभी खुलकर विरोध नहीं किया हो। भारत को 'मित्र देशों' की सूची में रखने के बावजूद उसके प्रति ऐसा रुख दर्शाता है कि युद्धकालीन समीकरण स्थायी नहीं होते। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में मित्रता अक्सर हितों से संचालित होती है, न कि भावनाओं से। यही कारण है कि भारतीय विरोध दर्ज कराने के बावजूद तेहरान की ओर से तत्काल खेद या स्पष्टीकरण नहीं आया। यह भी संभव है कि ऐसे हमले स्थानीय कमांड स्तर पर हुए हों, परंतु इतनी बड़ी संख्या में भारतीय जहाजों को निशाना बनाना संकेत देता है कि यह नीति-स्तर की स्वीकृति के बिना संभव नहीं। सरकार के सामने दुविधा है, क्या वह इसे युद्ध की 'सामान्य घटना' मानकर नजरअंदाज कर दे या कूटनीति की अपनी दिशा बदले? नजरअंदाज करना खतरनाक होगा, क्योंकि इससे भारतीय समुद्री हितों की सुरक्षा कमजोर पड़ेगी। वहीं, अत्यधिक आक्रामक प्रतिक्रिया भी भारत की संतुलनकारी विदेश नीति को नुकसान पहुंचा सकती है। फिलहाल भारत को कूटनीतिक दबाव बनाते हुए तेहरान से स्पष्टीकरण और सुरक्षा आश्वासन की मांग करने के साथ बहुपक्षीय मंचों पर इस मुद्दे को उठाना चाहिए।

हमने पहले भी अपने व्यापारिक जहाजों को भारतीय नौसेना का एस्कॉर्ट दिया है, इसे फिर करना चाहिए। इन सबके साथ अमेरिका, खाड़ी देशों और ईरान के बीच रणनीतिक संतुलन बनाए रखते हुए अपने हितों की रक्षा का प्रयास करना चाहिए। वैसे भी पश्चिम एशिया का संघर्ष अब बहुस्तरीय उलझाव बन चुका है, जहां हर देश अपने हितों के अनुसार चाल चल रहा है। पाकिस्तान में संभावित वार्ता इस जटिलता से तुरंत निजात नहीं दिलाने वाली, सो भारत को संयम और दृढ़ता दोनों का संतुलन साधना होगा।

# भारत के जहाज पर ईरानी गोलीबारी का दुस्साहस





नवीन गुप्ता

बरेली

अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता जल्द होने वाली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात के संकेत दिए हैं, लेकिन ईरान के राष्ट्रपति अब भी अपनी जिद पर कायम हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के बाद दोबारा बंद करना और भारतीय जहाजों पर फायरिंग इस बात का संकेत है कि ईरान न सिर्फ अमेरिका और उसके दोस्तों से अपने रिश्ते खराब करना चाहता है, बल्कि अब वह तटस्थ देशों से भी उलझने को तैयार है, हालांकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी नौसेना की फायरिंग पर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। भारत ने ईरान को इस तरह की कार्रवाई पर परिणाम भुगतने के संकेत दिए हैं।

ईरान और अमेरिका के बीच पहले दौर की शांति वार्ता के नाकाम होने के बाद यह लगा था कि युद्ध पुनः भड़क सकता है, लेकिन घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पड़ रहे दबाव के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किसी तरह की कार्रवाई न करने के संकेत दिए, हालांकि वे अब भी अपनी बात पर कायम हैं, लेकिन बीच-बीच में उनके द्वारा ईरान को भड़काने वाले बयान भी दिए जा रहे हैं। इस वजह से ईरान खफा है और उसने ट्रंप को चिढ़ाने के लिए ही होर्मुज को पुनः बंद कर दिया, जबकि इजरायल और हिजबुल्ला के बीच युद्ध विराम के बाद ही होर्मुज को ईरान ने खोल दिया था।

खुद उसके विदेश मंत्री ने इसकी घोषणा की थी और जहाजों की आवाजाही भी शुरू हो गई थी, लेकिन यह होर्मुज खोलने का आदेश बहुत दिनों तक नहीं चला। बमुश्किल 24 घंटे में ही ईरान अपनी बातों से पलट गया और इसका ठीकरा उसने ट्रंप पर फोड़ दिया। ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान अपने परमाणु बम बनाने के कार्यक्रम से पीछे हट जाएगा और संवर्धित यूरेनियम उसे सौंप देगा। इस दावे से ही ईरान के विदेश मंत्री चिढ़ गए और उन्होंने होर्मुज को न सिर्फ बंद करा दिया, बल्कि उनकी नौसेना ने भारतीय जहाजों पर फायरिंग का दुस्साहस भी कर दिया, हालांकि भारतीय चालक दल को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। रणनीतिकार मानते हैं कि ईरान ने यह कार्रवाई पाकिस्तान के उकसावे की वजह से की है, अन्यथा भारतीय क्रूड ऑयल टैंकर 'जग अर्णव' और 'सनमार हेराल्ड' पर ईरानी नौसेना फायरिंग नहीं करती।

भारत ने साफ कर दिया है कि इस तरह की कार्रवाई बर्दाश्त नहीं करेगा। अगर ऐसे कदम दोहराए गए, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। कहा जा रहा है कि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स वहां होर्मुज में भारत से भी टैक्स वसूलना चाहता है, लेकिन भारत किसी भी हालत में टैक्स देने को तैयार नहीं है। इससे भी रिवोल्यूशनरी गार्ड चिढ़े हुए हैं, हालांकि भारत के सख्त रुख से अब ईरान परेशान है और सफाई दे रहा है। उधर, भारत को उम्मीद है कि ईरान और अमेरिका की बीच दूसरे दौर की वार्ता के बाद पूर्ण रूप से युद्ध विराम होगा और शांति आएगी। इसके बाद हालात सुधरेंगे तब तक वह ईरान को भी अपने सख्त रुख से भारतीय जहाजों की बेरोकटोक आवाजाही के लिए मना लेगा।

उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दूसरे दौर की वार्ता की पुष्टि कर दी है। यह वार्ता पुनः इस्लामाबाद में होगी। पाकिस्तान का दावा है कि इस बार अपनी-अपनी शर्तों पर दोनों देश झुकेंगे और पूर्ण रूप से युद्ध विराम हो जाएगा, हालांकि विदेशी मामलों के जानकार ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है कि ट्रंप बिना यूरेनियम पर कब्जा किए किसी भी स्थिति में वार्ता को सफल नहीं मानेंगे। ईरान भी यूरेनियम उन्हें नहीं देगा।

ऐसे में पूर्ण रूप से युद्ध विराम होना मुश्किल है। ट्रंप को भी पता है कि ईरान उनकी इस शर्त को तो कभी नहीं मानेगा और होर्मुज में टैक्स वसूलने, विदेशों में फ्रीज ईरान की संपत्तियों को मुक्त करने की मांग को ट्रंप कभी स्वीकार नहीं करेंगे। यदि वे ऐसा करते हैं, तो उनकी हार मानी जाएगी और यह स्थिति उनके लिए ठीक नहीं होगी, इसीलिए ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर यह धमकी दी है। अगर बातचीत विफल होती है, तो ईरान के साथ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी और उनके बुनियादी ढांचे पर हमले करते हुए सब कुछ तबाह कर दिया जाएगा।

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा 'मेरे प्रतिनिधि इस्लामाबाद पाकिस्तान जा रहे हैं। वे कल शाम वहां बातचीत के लिए पहुंचेंगे। हम एक बहुत ही निष्पक्ष और उचित डील का प्रस्ताव दे रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि वे (ईरानी) इसे स्वीकार करेंगे। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो अमेरिकी सेना ईरान के सभी पॉवर प्लांटों को तबाह करेगी। उनकी इस पोस्ट को ईरान ने उकसावे की कार्रवाई माना है। वैसे अमेरिकी नौसेना ने होर्मुज स्ट्रेट को घेर रखा है। वहां से ईरान के जहाज भी नहीं निकल पा रहे हैं।

अगर ईरान अपने तेलों का निर्यात नहीं कर पाएगा, तो उसकी अर्थव्यवस्था और खराब होगी। ऐसी स्थिति में वहां जनता सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होगी और फिर ट्रंप जो चाहते हैं, उनकी मंशा पूरी हो जाएगी। ईरान को भी पता है कि यदि वह समझौता नहीं हुआ, तो उसके यहां भुखमरी की स्थिति आ जाएगी, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था पहले से ही चरमाराई हुई है। ईरानी संसद के स्पीकार मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने भी माना है कि युद्ध विराम समझौते का लेकर चल रही वार्ता में प्रगति हुई है। दूसरे दौर की वार्ता को लेकर चल रही कवायद पर पूरी दुनिया की निगाह टिकी हुई है। अब देखना यह है कि क्या परिणाम आते हैं।

> ईरान न सिर्फ अमेरिका और उसके दोस्तों से अपने रिश्ते खराब कर रहा है, बल्कि अब वह तटस्थ देशों से भी उलझ रहा है। हालांकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी नौसेना की फायरिंग पर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है।

**आमने**



विपक्ष ने इस बिल को हराकर महिलाओं के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाई है। इसका 'पाप' उन्हें आने वाले चुनावों में भुगतना पड़ेगा। बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को होने वाले मतदान और चार मई को आने वाले नतीजे ही अब तय करेंगे कि बंगाल की जनता ने किसके दावों पर भरोसा किया है।

**-नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

मोदी सरकार महिला आरक्षण को एक 'ढाल' की तरह इस्तेमाल कर रही है, जबकि उनका असली मकसद परिसीमन के जरिए उन राज्यों में सीटें बढ़ाना है, जहां भाजपा का दबदबा है। 2023 में बिल पास होने के बाद तीन साल तक इंतजार क्यों किया गया? यह डॉ. अंबेडकर के संविधान के साथ छेड़छाड़ है।

**-ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल



**सामने**

# 2023 में पास महिला आरक्षण बिल कब होगा लागू



सौरभ वार्ष्णेय

वरिष्ठ पत्रकार

महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में समान भागीदारी देने के उद्देश्य से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण कानून) भारतीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक कदम माना गया, लेकिन यह सवाल स्वाभाविक है कि जब यह कानून संसद से पारित हो चुका है, तो इसका असर अभी तक ज़मीनी स्तर पर क्यों नहीं दिख रहा? दरअसल इस अधिनियम के लागू होने में देरी का कारण इसकी संरचना और उससे जुड़ी शर्तें हैं। देश की संसद में 31वां संशोधन बिल लोकसभा में गिर गया, जो कि बहुत ही निराशाजनक है। संसद के विशेष सत्र में लंबी चली बहस में मतभेदों के सुर के आलावा आपसी राजनीति के आलावा कुछ समझ नहीं आया।

सरकार को इस संशोधन बिल को पास करवाने के लिए दो-तिहाई वोटों की जरूरत थी, लेकिन पक्ष में सिर्फ 298 वोट पड़े। विरोध में 230 वोट पड़े, जो दो तिहाई से बहुत कम है। इस बिल को पास करवाने की नरेंद्र मोदी सरकार की हर कोशिश नाकाम साबित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अंतरआत्मा की आवाज सुनने वाली अपील भी कुछ खास असर नहीं दिखा पाई। अब सवाल यह है कि अब नहीं तो महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण कब मिलेगा?

सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पास होकर उसका नोटिफिकेशन हो चुका है, लेकिन जब अभी तक इसे लागू ही नहीं किया गया तो संशोधन बिल लाने की क्या जरूरत पड़ी। महिलाओं के लिए कोटा 2034 से पहले संभव हो पाएगा या फिर बीच की कोई और राह अभी भी निकल सकती है? ये कह पाना मुश्किल है कि बिल अब कब लागू हो पाएगा? जबकि यह अब कानून बन चुका है।

मान लीजिए कि सरकार और विपक्ष के बीच आने वाले समय में बिल पर कोई सहमति बन जाती है फिर भी महिला आरक्षण 2034 के लोकसभा चुनाव के पहले लागू होना मुश्किल लगता है। 2023 के मूल कानून के हिसाब से संसद के दोनों सदनों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तभी लागू होना था, जब अगली जनगणना पूरी हो जाए। अभी जनगणना चल रही है। इसे पूरा होने में वक्त लगेगा। इसके बाद सीटों का डिलिमिटेशन यानी कि नया बंटवारा भी होगा, जबकि नए बिलों के हिसाब से महिला आरक्षण को 2029 तक लागू होना था। इसके लिए सीटों का बंटवारा 2011 की जनगणना के आधार किया जाना था, लेकिन ये हो नहीं सका।

केंद्र सरकार 31वें संशोधन बिल में दक्षिणी राज्यों की सीटें बढ़ाने जैसे कुछ बदलाव कर सकती है। मतलब यह कि 2011 के बजाय 2027 की जनगणना को आधार बनाया जाए। इसके बाद बिल को नए सिरे से पेश किया जाए। सहमति बनाने के लिए विपक्ष के सुझाव लिए जाएं। कई विश्लेषकों का कहना है कि ओबीसी महिलाओं के लिए अलग उप-कोटा देने से पहले पूरे ओबीसी समुदाय के लिए ही राजनीतिक आरक्षण को संविधान में शामिल करना होगा। फिलहाल ओबीसी आरक्षण शिक्षा और नौकरी तक सीमित है, विधायिकाओं में नहीं।

महिलाओं के बिल के पिछले प्रयास (1996, 1997, 1998, 2008-2010) ओबीसी उप-कोटा की मांगों की वजह से ही अटकते रहे। यही पुरानी खाई 2023-26 की बहस में भी दिखाई दी। बीजेपी ने ओबीसी वोट बैंक में बड़ा विस्तार किया है। विश्लेषकों का तर्क है कि अगर वह अभी ओबीसी राजनीतिक आरक्षण का दरवाज़ा खोलती है, तो सीट शेयर, 50 प्रतिशत कैप और आंतरिक उप-वर्गीकरण पर बड़े विवाद खड़े हो सकते हैं, जिसे वह टालना चाहती है।

विपक्ष लगातार ओबीसी महिलाओं के अलग कोटे की मांग कर रहा है। वह आरोप लगा रहा है कि बीजेपी महिला आरक्षण का क्रेडिट तो लेना चाहती है, लेकिन ओबीसी महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक हिस्सेदारी देने से बच रही है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण पर फैसलों में कहा है कि कुल आरक्षण 50 प्रतिशत से ज़्यादा नहीं दिया जा सकता और ओबीसी कोटा के लिए समकालीन, भरोसेमंद तथ्यात्मक डेटा ज़रूरी है। यही तर्क राष्ट्रीय स्तर पर भी उठेगा। संसद चाहे तो संविधान में संशोधन कर लोकसभा-विधानसभाओं में ओबीसी वर्ग के लिए राजनीतिक आरक्षण और उसमें से ओबीसी महिलाओं का उप-कोटा तय कर सकती है। भले ही नई जातिगत जनगणना पूरी नहीं हुई हो।

संविधान किसी विशेष डेटा स्रोत को अनिवार्य नहीं ठहराता, लेकिन किस जाति समूह को कितना हिस्सा मिलेगा, इसका आधार तय करने के लिए ठोस, नए और राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य जातिगत आंकड़े जरूरी होंगे, वरना अदालतों में इसे मनमाना मानकर चुनौती दी जा सकती है। अब आगे महिलाओं को ही मुखर होकर आगे आना होगा। इन पार्टियों को समझाना पड़ेगा कि आधी आबादी को संसद से क्यों वचिंत रखना चाहते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पास होकर उसका नोटिफिकेशन हो चुका है। सवाल उठ रहा है कि जब इसे अभी लागू ही नहीं किया, तो संशोधन बिल लाने की जरूरत क्यों पड़ी?

**प्रसंगवश**

## देश में प्राथमिक शिक्षा की रीढ़ हैं सरकारी स्कूल

शिक्षा वह शक्तिशाली हथियार है, जिससे आप दुनिया को बदल सकते हैं- दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मण्डेला का यह कथन शिक्षा के महत्त्व को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। भारत में शिक्षा का विस्तार सरकारी स्कूलों से ही संभव हुआ है। सरकारी विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय आदि न केवल शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि वे सामाजिक समानता, राष्ट्रीय एकता, विश्व बंधुत्व, समावेशी विकास तथा नैतिकता के मजबूत स्तंभ भी रहे हैं। आज भी देश के अधिकतर नीति निर्माता, शीर्षस्थ पदों में विराजित राजनेता, शिक्षक, कवि, लेखक, विचारक आदि सरकारी विद्यालयों से ही पठित हैं। वास्तव में सरकारी विद्यालय हमारे देश का गौरव हैं।



डॉ. हेमंत जोशी

शिक्षक

भारत के शिक्षा मंत्रालय के अनुसार देश में लगभग 14 लाख से अधिक स्कूल हैं, जिनमें से अधिकांश सरकारी विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में करोड़ों विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि आज भी भारत में शिक्षा की रीढ़ सरकारी विद्यालय ही हैं। सरकारी विद्यालयों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समाज के हर वर्ग के लिए खुले होते हैं, वहां किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होता, क्योंकि यहां अमीर-गरीब, शहर-गांव, सभी बच्चे एक साथ बैठकर शिक्षा प्राप्त करते हैं तथा शिक्षणेत्तर गतिविधियों में प्रतिभाग भी करते हैं, जिससे छात्रों में सामाजिक समरसता और समानता की भावना विकसित होती है, क्योंकि सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास में समरसता, समानता और मानवीय संवेदना की भावना दृढ़ होना जरूरी है।

सरकारी विद्यालय अपने छात्रों को मूल्यों तथा प्राणी मात्र की मूल जीवन संजीवनी के साथ जोड़ने का सतत् प्रयास करते हुए राष्ट्रीय हितों के साथ जोड़ते हैं, जो केवल एक औपचारिकता मात्र नहीं, अपितु भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों को विद्यालय स्तर से ही तैयार करना है और जिससे छात्रों में जागरूकता आती भी रही है। निजी विद्यालयों की तुलना में सरकारी विद्यालय शिक्षा को अधिक लोकतांत्रिक बनाते हैं।

सरकार द्वारा संचालित होने के कारण इन विद्यालयों में शिक्षा लगभग निःशुल्क होती है। इसके अतिरिक्त छात्रों को कई योजनाओं का लाभ भी मिलता है, जो विकासशील देश में जरूरी रहा है। उदाहरण के लिए- मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाता है, जिससे न केवल उनकी उपस्थिति बढ़ती है बल्कि इससे विगत कई वर्षों में कुपोषण भी कम होता आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस योजना से देश के 10 करोड़ से अधिक बच्चे लाभान्वित होते हैं। इसके साथ ही निःशुल्क पुस्तकें, गणवेश और विभिन्न छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाती हैं।

यह कहना गलत होगा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर निम्न है। आज अनेक सरकारी विद्यालयों में प्रशिक्षित और योग्य शिक्षक कार्यरत हैं। कई राज्यों में सरकारी विद्यालयों के छात्र बोर्ड परीक्षाओं में निजी विद्यालयों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और सरकारी सेवाओं में भी इन्हीं छात्रों की उपस्थिति अधिकतर दिखाई दे रही है। उदाहरण के रूप में केरल और दिल्ली के सरकारी विद्यालयों ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम और भौतिक संसाधन देशभर में एक मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। अन्य राज्य भी इसका अनुकरण कर रहे हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

**सोशल फोरम**

## कहानी सिल्वेस्टर की

1000 ऑडिशन में 'बदसूरत' कहकर रिजेक्ट किया गया एक लड़का बीवी की प्रेग्नेंसी के खर्च के लिए अपना सबसे प्यारा कुत्ता बेचने को मजबूर हुआ। वही इंसान आगे चलकर बना दुनिया का नंबर वन एक्शन हीरो! यह कहानी है सिल्वेस्टर स्टेलोन की। एक ऐसी प्रेरणा, जो बताती है कि हालात चाहे कितने भी खराब क्यों न हों, अगर हौसला मजबूत हो तो किस्मत बदलते देर नहीं लगती।



कैलाश गोयल

कारोबारी

6 जुलाई 1946 को न्यूयॉर्क के हेल्स किचन में जन्मे स्टेलोन का जीवन शुरुआत से ही आसान नहीं था। जन्म के समय हुई मेडिकल गलती की वजह से उनके चेहरे का एक हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया। उनकी आवाज लड़खड़ाती थी और चेहरा अलग दिखता था। इसी वजह से बचपन में उन्हें मज़ाक का सामना करना पड़ा। माता-पिता के अलगाव ने उनकी जिंदगी को और मुश्किल बना दिया। कई बार उन्हें अनाथालय जैसी परिस्थितियों में भी रहना पड़ा।

स्टेलोन ने एक्टर बनने का सपना देखा, लेकिन उनका लुक और आवाज उनके रास्ते की सबसे बड़ी बाधा बन गई।1000 से ज्यादा ऑडिशन दिए और हर बार रिजेक्ट हुए। कास्टिंग डायरेक्टर्स हंसकर बाहर कर देते थे। हालात इतने खराब हो गए कि उन्हें कई रातें बस स्टेशन पर सोकर बितानी पड़ीं।

एक वक्त ऐसा आया जब उनकी पत्नी प्रेग्नेंट थीं और घर में खाने तक के पैसे नहीं थे। मजबूरी में उन्होंने अपने सबसे प्यारे बुलमास्टिफ डॉग 'बटकस' को सिर्फ 40 डॉलर में बेच दिया। यह उनके जीवन का सबसे दर्दनाक फैसला था।

1975 में मुहम्मद अली और चक वेपनर के बीच हुए मुकाबले ने उनकी जिंदगी बदल दी। इस मैच से प्रेरित होकर स्टेलोन ने सिर्फ तीन दिनों में फिल्म रॉकी की स्क्रिप्ट लिख डाली। स्टूडियो को स्क्रिप्ट पसंद आई, तो उन्होंने 3,60,000 डॉलर देने की पेशकश की। स्टेलोन ने साफ मना कर दिया। आखिरकार कम बजट में फिल्म बनी और 1976 में रिलीज हुई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 225 मिलियन डॉलर से ज्यादा कमाई की और तीन ऑस्कर अवॉर्ड जीते। स्टेलोन को बेस्ट एक्टर और स्क्रीनप्ले के लिए नॉमिनेशन मिला। 'रॉकी' हॉलीवुड की सबसे आइकॉनिक फिल्मों में शामिल हो गई। कामयाबी मिलते ही स्टेलोन ने सबसे पहले अपने कुत्ते 'बटकस' को वापस खरीदा।

**-फेसबुक वॉल से**

**सामयिकी**

## कच्चा माल आयात पर टिका जेनरिक दवाओं का निर्यात

भारत आज वैश्विक स्तर पर सस्ती दवाओं के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक बन चुका है। 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में उसकी पहचान केवल एक उपमा नहीं, बल्कि उसकी उत्पादन क्षमता, निर्यात विस्तार और वैश्विक जनस्वास्थ्य में उसके योगदान का सशक्त प्रमाण है। वर्ष 2025-26 तक भारतीय औषधि बाजार 50 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर चुका है और वैश्विक जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति में उसका योगदान 20 प्रतिशत से अधिक है।

अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी भारतीय कंपनियां लगभग 40 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करती हैं, जबकि अफ्रीका और दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्रों में जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता में भारत की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। यह उपलब्धि 1970 के दशक में पेटेंट कानूनों में हुए परिवर्तन का परिणाम है, जब भारत ने प्रक्रिया पेटेंट प्रणाली को अपनाकर घरेलू उद्योग को सशक्त किया और सस्ती दवाओं के उत्पादन का मार्ग प्रशस्त किया।



डॉ. प्रियंका सौरभ

शिक्षिका

इस चमकदार उपलब्धि के पीछे एक गहरा विरोधाभास भी छिपा हुआ है। भारत जहां एक ओर तैयार दवाओं का प्रमुख निर्यातक है, वहीं दूसरी ओर उनके निर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल और सक्रिय औषधीय संघटकों के लिए भारी मात्रा में आयात पर निर्भर है। अनुमानतः भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 60 से 70 प्रतिशत सक्रिय औषधीय संघटक विदेशों से आयात करता है, जिसमें प्रमुख हिस्सा चीन से आता है। पेनिसिलिन जी, क्लैवुलैनिक अम्ल और पैरासिटामोल जैसे महत्वपूर्ण संघटकों के मामले में यह निर्भरता 80 प्रतिशत से भी अधिक है। यह स्थिति केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है।

कोविड-19 महामारी ने इस निर्भरता की वास्तविकता को स्पष्ट रूप से उजागर कर दिया। चीन में लॉकडाउन के कारण आपूर्ति बाधित होते ही भारत में दवा उत्पादन प्रभावित हुआ। अनेक औषधि निर्माण इकाइयों को उत्पादन घटाना पड़ा और कुछ को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। इससे यह स्पष्ट हो गया कि कच्चे माल की आपूर्ति में व्यवधान भारत की औषधि उत्पादन क्षमता को तुरंत प्रभावित कर सकता है। इस अनुभव ने आत्मनिर्भरता की आवश्यकता को और अधिक प्रासंगिक बना दिया।

इसी संदर्भ में सरकार ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के माध्यम से लगभग 16,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की, जिसका उद्देश्य घरेलू स्तर पर सक्रिय औषधीय संघटकों के उत्पादन को बढ़ावा देना है। यद्यपि इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है, फिर भी अनेक संरचनात्मक समस्याएं अब भी बनी हुई हैं। उच्च उत्पादन लागत, तकनीकी सीमाएं तथा कठोर पर्यावरणीय नियमों के कारण कई उत्पादन इकाइयां बंद हो चुकी हैं, जिससे घरेलू उत्पादन क्षमता सीमित हो गई है।

नियामक ढांचे की कमजोरी भी इस क्षेत्र की एक प्रमुख चुनौती है। केंद्रीय और राज्य स्तर पर औषधि नियंत्रण संस्थाओं में संसाधनों और प्रशिक्षित मानव बल की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। गुणवत्ता नियंत्रण में खामियों के कारण कई भारतीय औषधि निर्माण इकाइयों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आलोचना का सामना करना पड़ा है। कुछ मामलों में विदेशी नियामक संस्थाओं द्वारा आयात प्रतिबंध भी लगाए गए हैं, जिनका कारण निर्माण प्रक्रियाओं में त्रुटियां और गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन रहा है। इससे भारत की वैश्विक साख प्रभावित होती है और निर्यात संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

मौसम बदलते ही फैशन का मिजाज भी बदल जाता है और इसी के साथ बदलती हैं हमारी स्टाइल चॉइसेज। आज की महिलाएं चाहे टीनएज हों, यंग प्रोफेशनल्स या मिड एज, हर मौसम के अनुसार अपने वॉर्डरोब को अपडेट रखना पसंद करती हैं। खासकर गर्मियों में स्टाइलिश दिखते हुए कंफर्टेबल रहना थोड़ा मुश्किल जरूर होता है, लेकिन सही फैब्रिक, प्रिंट और कलर चुनकर इस चुनौती को आसानी से पार किया जा सकता है।

# तपती धूप में भी दिखें कूल और स्टाइलिश





## फैब्रिक पर दें ध्यान

गर्मियों के मौसम में सबसे पहले ध्यान देना चाहिए फैब्रिक पर। हल्के, सॉफ्ट और ब्रीदेबल कपड़े जैसे कॉटन, लिनन, रेयॉन और मलमल इस सीजन के लिए बेस्ट माने जाते हैं। ये न केवल पसीना सोखते हैं, बल्कि शरीर को ठंडा भी रखते हैं। इसके साथ ही इन फैब्रिक्स में आने वाले प्रिंट्स आपके लुक को और भी आकर्षक बना देते हैं।

## स्टाइल को दें मॉडर्न टच

जहां तक प्रिंट्स की बात है, फ्लोरल प्रिंट्स हर साल समर फैशन का हिस्सा बने रहते हैं। छोटे-छोटे फूलों से लेकर बड़े-बड़े बोल्ड फ्लोरल पैटर्न तक, ये हर तरह के आउटफिट में खूबसूरती जोड़ते हैं। फ्लोरल प्रिंट्स न केवल फ्रेश और कूल लुक देते हैं, बल्कि दिन के समय आउटिंग, ब्रंच या कैजुअल मीटअप के लिए एकदम परफेक्ट रहते हैं। इसके अलावा, इस सीजन में चेक्स, स्ट्राइप्स और ज्योमेट्रिक प्रिंट्स भी काफी ट्रेंड में हैं, जो आपके स्टाइल को एक मॉडर्न टच देते हैं।





## सही कलर का चुनाव

कलर्स किसी भी आउटफिट की जान होते हैं। गर्मियों में हल्के और सॉफ्ट कलर्स पहनना सबसे अच्छा रहता है। सफेद (व्हाइट) रंग इस मौसम का सबसे पसंदीदा रंग माना जाता है, क्योंकि यह गर्मी को कम महसूस कराता है और एक क्लासी लुक देता है। व्हाइट मैक्सी ड्रेस, चिकनकारी सूट, अनारकली या शर्ट-ट्राउजर सेट हर रूप में शानदार लगता है। व्हाइट के अलावा पेस्टल शेड्स जैसे बेबी ब्लू, लैवेंडर, पिंक, मिंट ग्रीन और पीच भी इस सीजन में काफी ट्रेंड में हैं। ये रंग आंखों को सुकून देते हैं और एक फ्रेश लुक प्रदान करते हैं। खासतौर पर लैवेंडर और सी ग्रीन जैसे कलर्स पिछले कुछ समय से फैशन में अपनी खास जगह बनाए हुए हैं। इसके साथ ही कोरल और पीच जैसे सॉफ्ट वॉर्म टोन भी समर आउटफिट्स में चार चांद लगा देते हैं। अगर आप अपने समर लुक को और बेहतर बनाना चाहती हैं, तो हल्के एक्सेसरीज जैसे स्ट्रॉ हैट, सनग्लासेस, स्लिंग बैग और मिनिमल ज्वेलरी का इस्तेमाल जरूर करें। सही फुटवियर जैसे फ्लैट्स, सैंडल या एस्पैड्रिल्स आपके पूरे लुक को कंप्लीट कर देते हैं। इस तरह, सही फैब्रिक, ट्रेंडी प्रिंट्स और सॉफ्ट कलर्स के साथ आप गर्मियों में भी स्टाइलिश और कंफर्टेबल दोनों रह सकती हैं।

## कंफर्ट और स्टाइल का कांबो

अगर आप कुछ नया ट्राय करना चाहती हैं, तो टाई-डाई प्रिंट्स, ब्लॉक प्रिंट्स और इंडो-वेस्टर्न फ्यूजन स्टाइल्स भी इस बार खूब पसंद किए जा रहे हैं। खासतौर पर हैंडब्लॉक प्रिंटेड कुर्ते, स्कर्ट्स और को-ऑर्ड सेट्स युवतियों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। इसके अलावा, शर्ट ड्रेस, रैप ड्रेस और कफ्तान स्टाइल आउटफिट्स भी गर्मियों में कंफर्ट और स्टाइल का बेहतरीन मेल पेश करते हैं।

## ड्रेस की लंबाई और फिटिंग

ड्रेस की लंबाई और फिटिंग भी बहुत मायने रखते हैं। समर सीजन में मैक्सी ड्रेसेस, मिडी ड्रेसेस और शॉर्ट ड्रेसेस काफी पसंद की जाती हैं। ये न सिर्फ पहनने में आसान होती हैं, बल्कि हर बॉडी टाइप पर अच्छी भी लगती हैं। अगर आप प्लस साइज हैं, तो छोटे और मीडियम प्रिंट्स आपके लिए ज्यादा फ्लैटरिंग रहेंगे। वहीं स्लिम फिगर वाली महिलाएं बड़े और एक्सपेरिमेंटल प्रिंट्स भी आसानी से कैरी कर सकती हैं।

---

**जिंदगी का सफर**

# सुरों की वह शक्ति जो इतिहास बन गई

भारतीय संगीत आकाश का वह अनमोल सितारा सदा के लिए मौन हो गया है, जिसकी स्वर-लहरियों ने सात दशकों तक हर पीढ़ी की धड़कनों को एक नई ताल दी। 12 अप्रैल को 92 वर्ष की आयु में आशा भोंसले का निधन केवल एक महान गायिका का जाना नहीं, बल्कि उस अद्वितीय 'अदा', 'नजाकत' और 'स्वैग' का अवसान है, जिसने साड़ी की गरिमा में भी भारतीय पॉप और कैबरे संगीत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई। 800 से अधिक फिल्मों में 12,000 से ज्यादा गीतों को अपनी आवाज देकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने वाली आशा जी का जीवन केवल सुरों की साधना भर नहीं था, बल्कि यह संघर्ष, आत्मविश्वास और निरंतर आत्म-नवाचार की अद्भुत गाथा भी था।



योगेश कुमार गोयल
लेखक







8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के एक प्रतिष्ठित संगीत परिवार में जन्मी आशा भोंसले का जीवन आरंभ से ही सुरों से जुड़ा था, किंतु नियति ने उनके बचपन को सहज नहीं रहने दिया। पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर से शास्त्रीय संगीत की प्रारंभिक शिक्षा मिली, परंतु महज 9 वर्ष की आयु में पिता के निधन ने उनके जीवन से संरक्षण का साया छीन लिया। परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था और बड़ी बहन लता मंगेशकर ने घर की जिम्मेदारी संभाली। ऐसे कठिन समय में आशा जी ने भी कम उम्र में ही संघर्ष को अपना साथी बना लिया। पार्श्व गायन की दुनिया में उनका सफर किसी सरल राह पर नहीं चला। उस दौर में लता मंगेशकर का वर्चस्व था और बड़े संगीतकारों की पहली पसंद वही थी। आशा भोंसले के संगीत सफर में वास्तविक परिवर्तन तब आया, जब उनकी मुलाकात संगीतकार ओ.पी. नैयर से हुई। नैयर साहब ने उस समय की परंपरा को चुनौती देते हुए लता मंगेशकर के बिना संगीत रचना का निर्णय लिया और उन्हें आशा की आवाज में वह अनोखी 'शरारत', 'चंचलता' और 'कशिश' दिखाई दी, जिसकी वे तलाश कर रहे थे। 1957 की फिल्म नया दौर का गीत 'उड़े जब जब जुल्फें तेरी' आशा जी के करियर का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ, जिसने उन्हें मुख्यधारा की नायिकाओं की आवाज बना दिया। वहीं 1956 की सी.आई.डी. में 'लेके पहला पहला प्यार' गीत में शमशाद बेगम की स्थिरता और आशा की चुलबुली अदाओं का अद्भुत संगम श्रोताओं के दिलों में बस गया। यही वह दौर था, जब आशा जी ने अपनी ऐसी गायिका की एक अलग पहचान गढ़ी, जिसकी आवाज में 'बोल्डनेस', 'वेस्टर्न वाइब' और अद्वितीय ऊर्जा का सम्मोहन था।

1970 का दशक हिंदी सिनेमा में संगीतात्मक प्रयोगों का स्वर्णिम काल था और इसी दौर में आशा भोंसले को मिला उनका सबसे सशक्त रचनात्मक साथी 'आर.डी. बर्मन', जिन्हें प्यार से 'पंचम' कहा जाता है। इस अद्वितीय जोड़ी ने न केवल गीतों को नया रूप दिया, बल्कि संगीत की परंपरागत सीमाओं को भी तोड़ डाला। 'पिया तू अब तो आजा' और 'दम मारो दम' जैसे गीतों ने आशा जी को 'कैबरे क्वीन' के रूप में स्थापित कर दिया। उनकी आवाज में जो मादकता, ऊर्जा और आधुनिकता थी, उसने भारतीय संगीत में पश्चिमी प्रभाव को एक नया आयाम दिया। हालांकि 'दम मारो दम' को लेकर उस समय काफी विवाद हुआ। इसे 'अश्लील' कहकर आलोचना झेलनी पड़ी, यहां तक कि ऑल इंडिया रेडियो ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया और दूरदर्शन ने फिल्म से इसे हटा दिया। फिर भी, आशा जी की आवाज ने इस गीत को अमर बना दिया। दिलचस्प यह है कि जहां एक ओर वे कैबरे और पॉप की पहचान बन रही थी, वहीं 'इजाजत' के 'मेरा कुछ सामान' में उन्होंने गहन भावनाओं की ऐसी अभिव्यक्ति दी, जो उनकी असाधारण बहुमुखी प्रतिभा को सिद्ध करती है।


1980 के दशक तक आशा भोंसले को प्रायः चुलबुले, चंचल और आधुनिक गीतों की आवाज के रूप में देखा जाने लगा था, लेकिन इसी धारणा को तोड़ते हुए संगीतकार खय्याम ने उन्हें फिल्म 'उमराव जान' (1981) के लिए चुना। यह एक ऐसा निर्णय था, जिसने इतिहास रच दिया। खय्याम साहब की शर्त भी उतनी ही असाधारण थी, 'आशा, मुझे इन गीतों में तुम्हारी जानी-पहचानी आवाज नहीं चाहिए।' उन्होंने उनसे अपनी आवाज का स्केल लगभग डेढ़ सुर नीचे लाकर गाने को कहा ताकि गजलों में नजाकत और गहराई उतर सके। परिणाम अद्भुत था। 'दिल चीज क्या है' और 'इन आंखों की मस्ती के' जैसे गीतों में आशा जी ने ऐसी संजीदगी, दर्द और अदब का संसार रचा कि हर श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठा। यह केवल गायन नहीं, बल्कि भावनाओं की सूक्ष्म अभिव्यक्ति थी। इसी फिल्म ने यह सिद्ध कर दिया कि उनकी प्रतिभा किसी एक शैली तक सीमित नहीं है और इसके लिए उन्हें अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

संगीत के साथ-साथ उन्हें पाक-कला में भी गहरी रुचि थी और वे एक उत्कृष्ट शेफ के रूप में जानी जाती थीं। उनकी इसी रुचि ने 'आशाज' नाम से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रेस्टोरेंट श्रृंखला को जन्म दिया, जो दुनिया के 10 से अधिक देशों में भारतीय स्वाद का परचम लहरा रही है। सम्मानों की दृष्टि से भी उनका सफर उतना ही गौरवशाली रहा। उन्हें वर्ष 2008 में पद्म विभूषण, 2000 में भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादासाहेब फाल्के पुरस्कार और 7 फिल्मफेयर पुरस्कारों से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त, सबसे अधिक गीत रिकॉर्ड करने वाली कलाकार के रूप में उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है, जो उनकी अथाह साधना और समर्पण का प्रमाण है। उनके करियर के विभिन्न पड़ाव भी उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाते हैं। आशा भोंसले अपनी मधुर मुस्कान और अमिट उपस्थिति के साथ हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेंगी। अलविदा, सुरों की अमर जादूगरनी!

---

# आर के नारायण के उपन्यास पर बनी कालजयी फिल्म 'गाइड'

**फ्लैश बैक**




नवकेतन बैनर के तले बनी देव आनंद की फिल्म 'गाइड' 6 दिसंबर 1965 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बने 61 साल हो गए हैं। इस फिल्म को भारतीय हिंदी सिनेमा के इतिहास में कल्ट क्लासिक होने का गौरव प्राप्त है। फिल्म में देव आनंद ने राजू नाम के गाइड की भूमिका निभाई थी, जो रोजी (वहिदा रहमान) के प्रति आकर्षित होता है और उसे डांसर बनने के लिए प्रेरित करता है। प्रेम, लालच, पतन और अंततः आत्मज्ञान को दर्शाती यह फिल्म भारतीय रिश्तो के बदलते उतार-चढ़ाव को दिखती है। फिल्म में किशोर साहू, लीला चिटनिस, अनवर हुसैन, गजानन जागीरदार, प्रेम सागर, कृष्ण धवन और उल्लास आदि ने भी विभिन्न भूमिकाएं निभाई हैं।

फिल्म राजू गाइड की कहानी है, जिसकी मुलाकात मार्को और उसकी पत्नी रोजी से होती है। मार्को द्वारा अपेक्षित होने पर राजू रोजी को सहारा देता है और रोजी को नृत्य के प्रति जुनून को पहचानकर उसे प्रसिद्ध नृत्यांगना बनाने में मदद करता है। दोनों के बीच प्यार हो जाता है और समय के साथ दोनों अमीर भी हो जाते हैं, लेकिन राजू के मन में लालच और असुरक्षा की भावना आ जाती है। वह रोजी के जाली दस्तखत कर अपराध करता है और जेल चला जाता है। जेल से छूटने के बाद एक मंदिर में शरण लेता है। गांव वाले उसे साधु समझ लेते हैं। जब गांव में सूखा पड़ता है, तो राजू गांव के लिए उपवास रखता है और अंत में अपने निःस्वार्थ त्याग के माध्यम से जीवन से मुक्ति पा जाता है।



दीपक नौगांई
लेखक, हल्द्वानी

यह फिल्म 'मालगुडी डेज' वाले लेखक आरके नारायण के उपन्यास 'गाइड' पर आधारित थी। आरके नारायण एक जाने-माने लेखक थे और उनकी एक किताब दुनियाभर में तारीफें बटोर रही थी। एक बार किसी ने देव साहब को यह किताब पढ़ने को दी। उन्हें इसकी कहानी अच्छी लगी और उन्होंने इस पर फिल्म बनाने का निर्णय लिया। हालांकि मूल उपन्यास और फिल्म की कहानी में कुछ अंतर भी है। फिल्म में राजू रोजी का प्यार पाने के लिए जतन करता है, लेकिन फिल्म में रोजी पहले से ही अपनी शादी से दुखी है। देव आनंद ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में इस फिल्म को बनाने का निर्णय लिया। देव आनंद ने फिल्म के निर्देशन का जिम्मा पहले अपने भाई चेतन आनंद को दिया था। चेतन वहीदा रहमान की जगह फिल्म में लीला नायडू को लेना चाहते थे, क्योंकि वह अच्छी डांसर थी, लेकिन देव साहब इसके लिए तैयार नहीं हुए। फिल्म के शूटिंग के दौरान भी देव आनंद और चेतन आनंद के बीच कुछ मतभेद उभर आए। नतीजन चेतन आनंद ने फिल्म ही छोड़ दी और वह अपनी फिल्म 'हकीकत' बनाने में जुट गए। उसके बाद फिल्म को निर्देशित करने की जिम्मेदारी देव आनंद ने अपने दूसरे भाई विजय आनंद ( गोल्डी) को दी। फिल्म ने सफलता के नए प्रतिमान स्थापित किए। पहली बार गाइड में एंटी हीरो की भूमिका की झलक देव आनंद के चरित्र में दिखाई देती है।

फिल्म के गाने लिखने की भी अलग कहानी है। पहले गाने लिखने के लिए हसरत जयपुरी को साइन किया गया था, लेकिन उनके लिखे एक गाने की लाइन देव आनंद को पसंद नहीं आई। उसे बदलने को कहा गया परंतु हसरत ने ऐसा करने से इनकार कर दिया और फिल्म ही छोड़ दी। इसके बाद शैलेंद्र को फिल्म में लिया गया, जिन्होंने फिल्म के सारे गीत लिखे। देव आनंद और वहीदा रहमान पर फिल्माए गीत। 'आज फिर जीने की तमन्ना है' क्लासिक बन गया और सुपरहिट गीतों में शामिल हुआ। फिल्म में गीतों को लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार ,मन्ना डे और एसडी बर्मन ने अपनी आवाजें दी है। फिल्म गाइड बॉक्स ऑफिस का सुपरहिट रही और आज भी बहुत पसंद की जाती है। कई फिल्म फेयर पुरस्कार इस फिल्म को प्राप्त हुए, जिसमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, अभिनेत्री, निर्देशक, लेखक और छायाकार शामिल हैं।

### निफा ग्रुप 10 देशों में कारोबार का विस्तार करेगी

**कोलकाता।** कोलकाता की कंपनी निफा ग्रुप ने अपने कृषि उपकरण कारोबार के विस्तार के लिए 'वनहॉर्न' नाम से नया ब्रांड शुरू किया है। कंपनी भारत के 20 राज्यों के साथ अमेरिका सहित 10 देशों में कारोबार बढ़ाएगी। कंपनी के चेयरमैन महेश चंद्र शाह ने कहा कि कृषि क्षेत्र में मशीनों का उपयोग और उद्यमिता दोनों को बढ़ना जरूरी है।

# एलपीजी में 20 प्रतिशत डीएमई मिलाने से हर साल बचेंगे 34,200 करोड़ रुपये

## रसोई गैस के आयात में आ सकती है प्रति वर्ष 63 लाख टन की कमी, बचेगी विदेशी मुद्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कोयला गैसीकरण से उत्पादित 20 प्रतिशत डाइमिथाइल ईथर (डीएमई) को रसोई गैस (एलपीजी) के साथ मिलाने से एलपीजी आयात में सालाना लगभग 63 लाख टन की कमी आ सकती है। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार इससे प्रति वर्ष लगभग 34,200 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत होगी।

कोयला गैसीकरण की प्रक्रिया में कोयले को सिनगैस में बदला जाता है, जिसे बाद में डीएमई में बदल दिया जाता है। डीएमई एक स्वच्छ जलने वाला ईंधन है, जो आयातित एलपीजी के स्वदेशी विकल्प के रूप में इस्तेमाल होता है। पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने के बाद से भारत को एलपीजी आपूर्ति में आने वाली बाधाओं के मद्देनजर यह रिपोर्ट काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ईवाई-पार्थेनन और घरेलू कोयला गैसीकरण कंपनी न्यू एरा क्लीनटेक सॉल्यूशन लिमिटेड की 'ऊर्जा और रासायनिक सुरक्षा के लिए कोयला गैसीकरण' शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार,कोयला गैसीकरण से उत्पादित डीएमई, एलपीजी आयात को आंशिक रूप से प्रतिस्थापित कर सकता है।



● न्यू एरा क्लीनटेक सॉल्यूशन ने जारी की 'ऊर्जा और रासायनिक सुरक्षा के लिए कोयला गैसीकरण' पर रिपोर्ट

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि 20 प्रतिशत मिश्रण से सालाना लगभग 63 लाख टन एलपीजी आयात कम हो सकता है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) पहले ही भारत में 20 प्रतिशत तक डीएमई-एलपीजी मिश्रण की अनुमति देने वाले मानकों को अधिसूचित कर चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, डीएमई स्वच्छ ईंधन के एक विकल्प के रूप में उभर रहा है।

अभी भारत में पायलट स्तर पर ही डीएमई उत्पादन किया जा रहा है। न्यू एरा क्लीनटेक के प्रबंध निदेशक बालासाहेब दराडे ने कहा कि निवेश को आकर्षित करने और घरेलू डीएमई उत्पादन बढ़ाने के लिए एक स्पष्ट मिश्रण नीति महत्वपूर्ण होगी।

### मार्च में 13 प्रतिशत घटी एलपीजी की खपत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी आपूर्ति दिक्कतों की वजह से भारत में एलपीजी की खपत में मार्च में 13 प्रतिशत की गिरावट आई है। इससे घरों की रसोई और वाणिज्यिक ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्धता पर असर पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। मार्च में एलपीजी की खपत 23 .79 लाख टन रही है, जो पिछले साल की इसी अवधि के आंकड़े 27 .29 लाख टन से 12 .8 प्रतिशत कम है। भारत अपनी एलपीजी जरूरत का 60 प्रतिशत आयात से पूरा करता है। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक, मार्च में घरेलू को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति 8 .1 प्रतिशत घटकर 22 .19 लाख टन रह गई, जबकि गैर-घरेलू उपयोगकर्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में 48 प्रतिशत की कमी आई।

### सिनगैस क्या है और कैसे बनती है

सिनगैस, जिसका पूरा नाम सिंथेसिस गैस है, एक उपयोगी गैस मिश्रण होता है जिसमें मुख्यत: कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) और हाइड्रोजन (H) शामिल होते हैं। यह ऊर्जा उत्पादन और रसायन बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। सिनगैस आमतौर पर कोयला, प्राकृतिक गैस, बायोमास (जैसे लकड़ी या कृषि अवशेष) या कचरे से बनाई जाती है। इसे बनाने की प्रक्रिया को गैसीकरण (Gasification) कहा जाता है। इस प्रक्रिया में इन पदार्थों को बहुत उच्च तापमान (700–1500C) पर सीमित ऑक्सीजन या भाप की उपस्थिति में गर्म किया जाता है। इससे ठोस या तरल ईंधन गैस में बदल जाता है और CO व H का मिश्रण बनता है। इस गैस का उपयोग बिजली बनाने, ईंधन (जैसे मेथनॉल, डीज़ल) तैयार करने और उर्वरक उद्योग में किया जाता है। इस तरह सिनगैस ऊर्जा और उद्योग के लिए एक बहुपयोगी संसाधन है।

# प. एशिया तनाव, तेल कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करने में अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे प्रमुख भूमिका निभाएंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री गतिविधियां भी बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा कि अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर खास नजर बनी रहेगी, क्योंकि इसका सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा पर पड़ता है।

सबसे बड़े निजीबैंक एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को जनवरी- मार्च तिमाही के परिणामों की घोषणा की। एचडीएफसी बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 8.04 प्रतिशत बढ़कर 20,350.76 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, बैंक ने पश्चिम



एशिया में जारी तनाव के कारण छोटे कारोबारियों के लिए निकट भविष्य में जोखिम की चेतावनी भी दी।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बड़ी संख्या में कंपनियों के तिमाही नतीजे बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 943.29 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़ा, और एनएसई का निफ्टी 302.95 अंक या 1.25 प्रतिशत चढ़ा। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि निवेशकों का ध्यान अमेरिका-ईरान वार्ता की दिशा पर रहेगा। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार स्थिरता या और कमी शेयर बाजार के लिए सकारात्मक साबित हो सकती है।

## बिजनेस ब्रीफ

### एफपीआई ने अप्रैल में पूंजी बाजार से निकाले 58,403 करोड़ रुपये

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल में अब तक भारतीय पूंजी बाजार से कुल 58,403 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। शुद्ध निकासी, बाजार में लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर होता है। यह लगातार दूसरा महीना है जब एफपीआई बाजार में बिकवाल दिख रहे हैं। इससे पहले मार्च में उन्होंने रिकॉर्ड 1,26,991 करोड़ रुपये की निकासी की थी। केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा (सीडीएसएल) के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने अप्रैल में अब तक इक्विटी में 43,419 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। डेट और हाइब्रिड उपकरणों में भी उनका निवेश नकारात्मक रहा है, लेकिन म्यूचुअल फंड में उन्होंने शुद्ध रूप से पैसा लगाया है।

### आईटीसी का प्रोटीन प्रोडक्ट्स पर जोर

**बेंगलुरु।** विविध कारोबार क्षेत्र में कार्यरत कंपनी आईटीसी लिमिटेड के खाद्य प्रभाग के मुख्य कार्यकारी और कार्यकारी निदेशक हेमंत मलिक ने कहा है कि कंपनी स्वास्थ्य और पोषण के तेजी से बढ़ते क्षेत्र में अपनी मौजूदगी मजबूत करने के लिए प्रोटीन युक्त खाद्य उत्पादों पर जोर बढ़ा रही है। मलिक ने कहा कि कंपनी ने अलग-अलग श्रेणियों में प्रोटीन युक्त नए और खास उत्पाद पेश किए हैं। इन उत्पादों को तैयार करने में उपभोक्ताओं की पसंद, नवाचार और बेहतर स्रोत व्यवस्था का उपयोग किया गया है, जिससे स्वास्थ्य क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई जा सके।

### अदाणी की इकाई ने बनाईं तीन कंपनियां

**नई दिल्ली।** अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की अनुषंगी की अनुषंगी इकाई ने तीन पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनियों का गठन किया है जो हवाई अड्डा शहर विस्तार रणनीति के तहत होटल और रियल एस्टेट विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी। अदाणी एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड, जो कंपनी की इकाई है, ने अदाणी नवी मुंबई एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड, अदाणी गुवाहाटी एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड और अदाणी अहमदाबाद एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड बनाई हैं। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि नई इकाइयां निर्माण समेत रियल एस्टेट गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेंगी। साथ ही एकीकृत रेस्तरां, बैंक्वेट और कारोबारी केंद्र वाले होटल भी बनाएंगी।

### एरिक्सन इंडिया का राजस्व 29 % बढ़ा

**नई दिल्ली।** स्वीडन की दूरसंचार उपकरण निर्माता कंपनी एरिक्सन ने जनवरी-मार्च तिमाही में स्थिर मुद्रा आधार पर लगभग 29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 4,228 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया है। कंपनी द्वारा जारी वित्तीय आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

# लेंसकार्ट ने विवाद के बाद मांगी माफी, कार्यस्थल पर धार्मिक प्रतीकों की अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चश्मों की खुदरा कंपनी लेंसकार्ट ने एक कथित आंतरिक ग्रूमिंग दस्तावेज को लेकर सोशल मीडिया पर हुए विरोध के बाद माफी मांगी है। इसके अलावा कंपनी ने नया 'इन-स्टोर स्टाइल गाइड' जारी किया है, जिसमें कर्मचारियों को कार्यस्थल पर धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीक पहनने की अनुमति दी गई है।

कंपनी ने 'एक्स' पर जारी बयान में कहा कि ग्राहकों और समुदाय की चिंताओं को दूर करने के लिए वह अपने दिशानिर्देशों को सार्वजनिक और पारदर्शी बना रही है। नई नीति में टीम के सदस्यों द्वारा आस्था से जुड़े सभी प्रतीकों जैसे बिंदी, तिलक, सिंदूर, कलावा, मंगलसूत्र, कड़ा, हिजाब और पगड़ी को स्वीकार किया गया है। कंपनी ने कहा कि यदि हमारे कार्यस्थल से जुड़े किसी भी संचार से किसी को ठेस पहुंची हो या ऐसा महसूस हुआ हो कि उनकी आस्था का यहां स्वागत नहीं है, तो हमें गहरा खेद है। यह लेंसकार्ट




की पहचान नहीं है और न ही कभी होगी। यह विवाद तब सामने आया जब एक कथित कर्मचारी ग्रूमिंग नीति का दस्तावेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें बिंदी और तिलक जैसे कुछ धार्मिक प्रतीकों पर प्रतिबंध होने का दावा किया गया था। इस पर सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने नाराजगी जताई और बहिष्कार की मांग की।

कंपनी के संस्थापक पीयूष बंसल ने पहले स्पष्ट किया था कि वायरल दस्तावेज 'पुराना संस्करण' है और कंपनी की वर्तमान नीति को नहीं दर्शाता। यह दस्तावेज हमारी मौजूदा दिशानिर्देशों को प्रतिबिंबित नहीं करता। हमारी नीति में किसी भी धार्मिक अभिव्यक्ति, जैसे बिंदी और तिलक, पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

### सप्ताह भर में 1.87 लाख करोड़ रुपये बढ़ी शीर्ष 8 कंपनियों की पूंजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले सप्ताह छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों के बावजूद शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच संसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का कुल बाजार पूंजीकरण 1,87,497.45 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही।

पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 943.29 अंक या 1.21 % बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 302.95 अंक या 1.25 % की तेजी हुई। शीर्ष 10 कंपनियों में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन सबसे अधिक 58,831.52 करोड़ रुपये बढ़कर 11,25,125.21 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम का मूल्यांकन 27,608.62 करोड़ रुपये बढ़कर 5,32,691.31 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# भारत-अमेरिका में द्विपक्षीय व्यापार समझौता वार्ता का पहला चरण आज से

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर तीन दिन की वार्ता के लिए भारत के लगभग एक दर्जन अधिकारी 20 अप्रैल को वाशिंगटन पहुंचेंगे।

एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि चूंकि अमेरिका में शुल्क ढांचा बदल गया है, इसलिए दोनों पक्ष उस समझौते पर फिर से विचार कर सकते हैं, जिसका मसौदा सात फरवरी को जारी किया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर लगाए गए व्यापक शुल्क के खिलाफ अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों



पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। अधिकारी ने कहा कि बैठक 20-22 अप्रैल तक वाशिंगटन डीसी में होगी। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। सीमा शुल्क और विदेश मंत्रालय के अधिकारी भी भारतीय दल का हिस्सा हैं।

इसके अलावा, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) द्वारा शुरू की गई जांच पर भी इन तीन दिवसीय विचार-विमर्श में चर्चा हो सकती है। भारत ने व्यापार कानून की धारा 301 के तहत इन जांच में लगाए गए आरोपों को कड़ाई से खारिज कर दिया है और जांच को समाप्त करने का अनुरोध किया है। पुराने ढांचे के अनुसार अमेरिका भारत पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमत हुआ था।

उसने रूसी तेल खरीदने के लिए भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क को हटा दिया था और बाकी 25 प्रतिशत को समझौते के तहत घटाकर 18 प्रतिशत करना था। हालांकि, इसके बाद 20 फरवरी को अमेरिकी शीर्ष अदालत ने ट्रंप के जवाबी शुल्क के खिलाफ फैसला सुनाया।

### सैमसंग ने कहा-प्रगति के लिए नवोन्वेषण और शिक्षा जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग का मानना है कि भारत में नवोन्वेषण और शिक्षा प्रगति को सक्षम बनाने के साथ-साथ समावेशन के लिए उत्प्रेरक का काम करते हैं। कंपनी के दक्षिण-पश्चिम एशिया के कॉरपोरेट उपाध्यक्ष एस पी चुन ने यह बात कही है।

कंपनी ने वर्ष 2025-26 के लिए अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत फंड को बढ़ाकर 193.89 करोड़ रुपये कर दिया है, जो 2024-25 में 144.48 करोड़ रुपये थी। सैमसंग इंडिया के 'सिटीजनशिप' कार्यक्रम से अब तक 15 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं। चुन ने बयान में कहा कि भारत में तीन दशक पूरे होने के साथ हम नवोन्मेषण और शिक्षा को प्रगति और समावेशन के लिए उत्प्रेरक मानते हैं।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 2,500 कारीगरों को मिला एआई प्रशिक्षण

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने रविवार को कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत शिल्पकारों और कारीगरों सहित 2,500 से अधिक लाभार्थियों को उनकी आजीविका और व्यावसायिक क्षमता में सुधार के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का प्रशिक्षण दिया गया है।

एक बयान के अनुसार यह पहल 'सामाजिक भलाई के लिए एआई' के विजन के अनुरूप है, जिस पर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान जोर दिया था और जो दिल्ली घोषणापत्र में भी झलकता है। भारत सरकार के मंत्रालयों में यह अपनी तरह का पहला प्रयास है, जिसका मकसद जमीनी स्तर के कारीगरों को तेजी से विकसित हो रहे एआई परिवेश से जोड़ना है। मंत्रालय का लक्ष्य पारंपरिक शिल्प कौशल में एआई को शामिल करके जमीनी स्तर के उद्यमियों के लिए डिजिटल अंतर को कम करना, उत्पाद के मूल्य और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना, कारीगरों को नए बाजारों तक पहुंच प्रदान करना और समावेशी आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देना है। प्रतिभागियों को चैटजीपीटी, इंडस और गूगल जैमिनी जैसे प्रमुख एआई मंचों से परिचित कराया गया।

# फैकल्टी की कमी दूर करने को शुरू हुआ आईआईएफआर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत में वैश्विक स्तर की नेतृत्व वाली प्रतिभाओं की तलाश के बीच विश्वस्तरीय फैकल्टी यानी शिक्षकों की कमी को दूर करने के उद्देश्य से एक नए संस्थान की स्थापना की गई है। यह संस्थान आइवी लीग स्तर के शिक्षाविदों और अंतरराष्ट्रीय शोध साझेदारियों को राष्ट्रीय राजधानी में एक 'कैंपस' में लाने की योजना पर काम करेगा।

इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के पूर्व डीन राजेंद्र श्रीवास्तव की अगुवाई वाला इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर फैकल्टी एंड रिसर्च (आईआईएफआर) संस्थान नयी दिल्ली स्थित भारतीय विद्या भवन परिसर में स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य फैकल्टी की कमी के अंतराल को पाटना, उद्योग से संपर्क तथा अनुप्रयुक्त शोध में



मौजूद कमियों को दूर करना है। संस्थान की शुरुआत के अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्तित्व विकास की आधारशिला है और शिक्षकों की गुणवत्ता में सुधार अत्यावश्यक है।

उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक नेतृत्व प्रतिभा तैयार कर रहा है, लेकिन उन्हें प्रशिक्षित करने वाले शिक्षकों को कौन तैयार करेगा? उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य ऐसे 'प्रैकाडेमिक्स' तैयार करना है, जो शैक्षणिक दक्षता और औद्योगिक अनुभव का समन्वय रखते हों।

### पेंशन क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेश निवेश की सीमा बढ़ा सकती है सरकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार पेंशन क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को बढ़ाकर 100 प्रतिशत तक करने पर विचार कर रही है और इस संबंध में विधेयक संसद के अगले सत्र में पेश किया जा सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह कदम बीमा क्षेत्र के अनुरूप होगा, जहां पहले ही 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी जा चुकी है। पिछले वर्ष संसद ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने वाले विधेयक को मंजूरी दी थी। सूत्रों के अनुसार, पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) अधिनियम, 2013 में संशोधन कर पेंशन क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव मानसून या शीतकालीन सत्र में लाया जा सकता है। फिलहाल पेंशन कोष में एफडीआई की सीमा 49 प्रतिशत है।

# युद्ध के कारण बीयर उद्योग गंभीर संकट में : यूबीएल

**बेंगलुरु, एजेंसी**

यूनाइटेड ब्रूअरीज लिमिटेड (यूबीएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक विवेक गुप्ता ने कहा है कि युद्ध के कारण कच्चे माल की बढ़ती लागत, आपूर्ति की कमी और राज्य सरकारों द्वारा लगाए गए मूल्य निर्धारण प्रतिबंधों के बीच भारतीय बीयर उद्योग गंभीर संकट का सामना कर रहा है।

श्री गुप्ता ने सरकार से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि पर्याप्त नियामकीय समर्थन नहीं मिलने से उद्योग की वृद्धि और नवाचार पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण कच्चे माल, बोतल और अन्य कच्चे माल की लागत बढ़ गई है, जबकि कंपनियां बिना सरकारी अनुमति के कीमत नहीं बढ़ा सकती हैं। गुप्ता ने बताया



कि बीयर उद्योग पर इसका असर अन्य उद्योगों की तुलना में अधिक पड़ा है। रुपये की कमजोरी, निर्यात में गिरावट और आपूर्ति की कमी से स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि बीयर की कीमतें मुख्य रूप से राज्यों की आबकारी नीतियों के तहत नियंत्रित होती हैं और लगभग 75 प्रतिशत कारोबार सरकारी नियमों के अधीन है।

गुप्ता ने सरकार से अनुरोध किया कि कंपनियों को उपभोक्ताओं पर बोझ डाले बिना सरकार को अपने बिक्री मूल्य में लगभग 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की अनुमति दी जाए।

**प्रस्ताव**

सीआईआई ने जारी की 'भूमि मिशन : भारत में औद्योगिक भूमि प्रबंधन में सुधार का ढांचा' रिपोर्ट

# जीएसटी की तर्ज पर औद्योगिक भूमि परिषद बने

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने राष्ट्रीय मानक तय करने, राज्यों में भूमि संबंधी नियमों में सामंजस्य बिठाने, कार्यान्वयन की निगरानी करने और विवाद समाधान निकाय के रूप में काम करने के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) ढांचे की तर्ज पर राष्ट्रीय औद्योगिक भूमि परिषद (एनआईएलसी) की स्थापना का प्रस्ताव दिया है।

यह सिफारिश 'सीआईआई भूमि मिशनः भारत में औद्योगिक भूमि प्रबंधन में सुधार का ढांचा' नामक रिपोर्ट का हिस्सा है। यह रिपोर्ट



टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक और सीआईआई के पूर्व अध्यक्ष टी वी नरेंद्रन की अगुवाई में तैयार की गई है। रिपोर्ट भारत के औद्योगिक भूमि परिवेश में संरचनात्मक और प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर करने का खाका तैयार करती है।

रिपोर्ट की एक प्रमुख सिफारिश एकीकृत, जीआईएस-सक्षम राष्ट्रीय औद्योगिक भूमि बैंक बनाना है, जो भूमि की उपलब्धता, क्षेत्रवार स्थिति, उपयोगिताओं, पर्यावरणीय बाधाओं और स्पष्ट मालिकाना हक पर ताजा जानकारी प्रदान करेगा।

सीआईआई ने स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क में राज्यों के बीच बड़े अंतर की ओर भी ध्यान आकर्षित किया है। उद्योग मंडल के अनुसार, इससे परियोजना की लागत काफी बढ़ जाती है और निवेश के फैसले प्रभावित होते हैं। इसलिए, रिपोर्ट में औद्योगिक भूमि के लिए एक समान राष्ट्रीय स्तर पर निर्देशित स्टाम्प शुल्क अपनाने की सिफारिश की गई है।

● सीआईआई के पूर्व अध्यक्ष टी वी नरेंद्रन की अगुवाई में तैयार की गई रिपोर्ट

● राष्ट्रीय स्तर पर एक समान निर्देशित स्टाम्प शुल्क अपनाने की सिफारिश

सीआईआई ने कहा कि विनिर्माण, बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा और लॉजिस्टिक के लिए औद्योगिक भूमि एक मूल आधार है। हालांकि, राज्यों में इस समय हालात नियामकीय जटिलताओं, अस्पष्ट भूमि स्वामित्व और आवंटित भूखंडों के कम उपयोग जैसी चुनौतियों से भरे है। नरेंद्रन ने कहा कि औद्योगिक भूमि के आवंटन के बाद भी कब्जे के मुद्दों और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण परियोजनाएं अटक जाती हैं।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि भारत की विनिर्माण महत्वाकांक्षाएं तब तक पूरी नहीं हो सकतीं, जब तक कि औद्योगिक भूमि निवेश के लिए तैयार न हो जाए और व्यवस्था पारदर्शी न हो जाए।

# भारत का बैंकिंग क्षेत्र मजबूत, जनवरी-जून में 11-13 प्रतिशत ऋण वृद्धि की संभावना

● फिक्की और आईबीए बैंक सर्वे की रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद भारत का बैंकिंग क्षेत्र जुझारू या मजबूत बना हुआ है और ज्यादातर बैंकरों ने जनवरी-जून, 2026 के दौरान गैर-खाद्य ऋण में 11-13 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है। रविवार को जारी फिक्की-आईबीए बैंक सर्वेक्षण में यह बात कही गई।

यह सकारात्मक रुझान सुधरते बही-खाते, स्थिर आर्थिक गतिविधियों, खुदरा और एमएसएमई ऋण की मजबूत गति और निजी पूंजीगत व्यय में सुधार के शुरुआती संकेतों पर आधारित है। इसके विपरीत, औद्योगिक ऋण वृद्धि की रफ्तार मध्यम रहने की उम्मीद है, जो क्रमिक सुधार को दर्शाती है।

बुनियादी ढांचे के विकास, विनिर्माण क्षेत्रों और सरकार की अगुवाई वाले पूंजीगत व्यय से निवेश




गतिविधियां स्थिर रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, सावधि ऋण की मांग मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे, रियल एस्टेट, वाहन, दवा, डेटा सेंटर और रक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों से आने की संभावना है।

फिक्की ने बताया कि ज्यादातर उत्तरदाताओं को उम्मीद है कि आने वाले महीनों में मौद्रिक नीति का रुख काफी हद तक स्थिर रहेगा। बैंकों का मानना है कि वर्तमान नीतिगत ढांचा वृद्धि और मुद्रास्फीति के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए उपयुक्त है।



> हमें कभी ऐसा नहीं लगा कि हम कुछ रन कम रह गए हैं। हमने कुछ शानदार कैच पकड़े, बेहतरीन क्षेत्ररक्षण से रन बचाए। हमने 175 रनों को 190 रनों जैसा महसूस कराया, जो कि आप कर सकते हैं।
> –दिनेश कार्तिक, बेंगलुरु के बल्लेबाजी कोच

# स्टेडियम

लखनऊ, सोमवार ,20 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

गुजरात टाइटंस बनाम मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

## ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–283 रन
- शुभमन गिल गुजरात–251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–247 रन


## पर्पल कैप



- अंशुल कंबोज चेन्नई – 13 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ– 11 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 11 विकेट

# प्रियांश-कोनोली की तूफानी पारियों से पंजाब ने सत्र का सर्वोच्च स्कोर बनाकर जीता मैच

## आईपीएल-2026 : लखनऊ सुपर जाएंट्स को 54 रनों से किया परास्त



प्रियांश आर्य।

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

पंजाब किंग्स ने प्रियांश आर्य (93 रन) और कूपर कोनोली (87 रन) के अर्धशतकों के दम पर रविवार को यहां आईपीएल में लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 54 रन की आसान जीत दर्ज कर अपना विजय अभियान जारी रखा। पंजाब किंग्स छह मैच में से पांच जीत से 11 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। एलएसजी की यह लगातार तीसरी हार है।

वैभव सूर्यवंशी के साथ देश की सबसे रोमांचक टी-20 बल्लेबाजी प्रतिभाओं से एक सलामी बल्लेबाज प्रियांश और कोनोली के बीच दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी से पंजाब किंग्स ने सात विकेट पर 254 रन का सत्र का सर्वोच्च स्कोर खड़ा किया। जवाब में एलएसजी की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 200 रन ही बना सकी जिसमें कप्तान ऋषभ पंत ने 43 रन, ऐडन मारक्रम ने 42 रन, मिचेल मार्श ने 40 रन और आयुष बडोनी ने 35 रन बनाए। पंजाब किंग्स के लिए मार्को यानसेन ने 37 रन देकर दो विकेट झटके जबकि अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशाक और युजवेंद्र चहल को एक-एक विकेट मिला।

पंजाब किंग्स भले ही जीत गई हो लेकिन उसके क्षेत्ररक्षकों का प्रदर्शन काफी खराब रहा, जिन्होंने मैच के दौरान काफी कैच छोड़े। दिल्ली के 24 साल के खिलाड़ी प्रियांश ने अपनी पारी के दौरान नौ छक्के और चार चौके लगाए जबकि ऑस्ट्रेलिया के कोनोली की 46 गेंद की पारी में आठ चौके और सात छक्के जड़े थे। इन दोनों के बीच 80 गेंद की साझेदारी में 16 छक्के (नौ प्रियांश ने लगाए) और 12 चौके जड़े थे। मार्कस स्टोइनिस ने पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले 29 रन का योगदान दिया। पंजाब किंग्स का पावरप्ले में एक विकेट पर 63 रन का स्कोर अच्छा था, लेकिन सातवें से 11वें ओवर के बीच का मध्य चरण और भी बेहतर रहा जिसमें 66 रन बने।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलएसजी ने बडोनी को पारी का आगाज करने के लिए भेजा जो अर्शदीप के सामने जूझते नजर आए। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर तीसरे ओवर में मार्श का कैच लपकने से चूक गए जिसे अर्शदीप के दूसरे ओवर में 17 रन बने। मार्श और बडोनी ने रन जुटाना जारी रखते हुए बार्टलेट के ओवर में 15 रन जोड़े। लेकिन जल्द ही विशाक ने बडोनी को आउट कर 61 रन की भागीदारी का अंत किया। पंत ने सातवें ओवर में यानसेन पर लगातार दो छक्के जमाकर बड़ी पारी खेलने की उम्मीद जगाई। 11 ओवर के बाद टीम का स्कोर एक विकेट पर 109 रन था। मार्श अगले ओवर में चहल की गेंद को उठाने की कोशिश में बार्टलेट को आसान कैच थमा बैठे। पंत ने इसी ओवर में चहल पर लांग ऑन पर लगातार दो छक्के लगाकर दबाव कम करने का प्रयास किया। 13वें ओवर में अर्शदीप की गेंद पर आउट हो गए। पंजाब किंग्स के गेंदबाजों ने दबाव बना दिया जिससे एलएसजी की टीम रन जुटाने के लिए जूझती रही।

### पंजाब किंग्स

**254/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का मार्श बो सिद्धार्थ | 93 |
| प्रभसिमरन सिंह का मार्श बो शमी | 00 |
| कूपर कोनोली का सिद्धार्थ बो प्रिंस | 87 |
| श्रेयस अय्यर का शमी बो मोहसिन | 05 |
| मार्कस स्टोइनिस रन आउट | 29 |
| नेहाल वढेरा का पूरन बो सिद्धार्थ | 13 |
| शशांक सिंह का मारक्रम बो प्रिंस | 17 |
| मार्को यानसेन नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1-3, 2-185, 3-187, 4-193, 5-208, 6-252, 7-254

**गेंदबाजी** : शमी 4-0-56-1, मोहसिन 4-0-43-1, प्रिंस 4-0-25-2, बडोनी 1-0-14-0, आवेश 3-0-46-0, सिद्धार्थ 3-0-35-2, मारक्रम 1-0-32-0

### लखनऊ सुपर जाएंट्स

**200/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| मिचेल मार्श का बार्टलेट बो चहल | 40 |
| आयुष बडोनी का बार्टलेट बो विशाक | 35 |
| ऋषभ पंत का प्रभसिमरन बो अर्शदीप | 43 |
| निकोलस पूरन का अय्यर बो यानसेन | 09 |
| ऐडन मार्करम का स्टोइनिस बो यानसेन | 42 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 21 |
| हिम्मत सिंह नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1-61, 2-109, 3-128, 4-139, 5-199

**गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-41-1, बार्टलेट 4-0-54-0, यानसेन 4-0-37-2, विशाक 4-0-30-1, चहल 4-0-36-1

## मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का अनुबंध एक साल और बढ़ाया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अजीत अगरकर सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष बने रहेंगे क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2027 एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक और साल का अनुबंध देने का फैसला किया है। अगरकर की अध्यक्षता में अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच चुनी गई भारतीय टीम चार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची और इसमें से तीन में टीम ने खिताब जीता। भारत इस दौरान दो टी20 विश्व कप और एक बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में सफल रहा और यह पहले से ही लगभग तय था कि उनका अनुबंध चौथे साल के लिए बढ़ाया जाएगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने पीटीआई को बताया अगरकर ने सेवा विस्तार नहीं मांगा था। एक चयनकर्ता जूनियर या सीनियर चयन समिति में चार साल तक और दोनों समितियों में मिलाकर कुल पांच साल तक काम कर सकता है इसलिए अजीत को नया अनुबंध दिया गया है, उसमें विस्तार नहीं किया गया। अगरकर के करीबी सूत्रों ने हमेशा यही कहा कि वह खुद अनुबंध बढ़वाने की मांग करने की जगह फैसला करने वालों को अपनी समिति के प्रदर्शन का आकलन करने देना अधिक पसंद करते हैं।

## प्रियांश-कोनोली के बीच साझेदारी शानदार रही : अय्यर

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने लखनऊ सुपर जाएंट्स पर मिली जीत के बाद कहा कि प्रियांश आर्य और कूपर कोनोली के बीच दूसरे विकेट की भागीदारी शानदार रही। दोनों के बीच भागीदारी शानदार रही, कुछ शॉट तो होश उड़ा देने वाले थे। तेज गेंदबाजों को बैक-फुट पर जाकर सीधे शॉट मारना। बीच के ओवरों में दोनों ने जिस तरह का संयम दिखाया, वह जबरदस्त था। मैं कूपर और आर्य से बात कर रहा था, मैंने कहा कि चलो देखते हैं कि सबसे ज्यादा छक्के कौन मारता है। सुनने में शायद अजीब लगे। लेकिन उम्मीद है कि इससे हम सबको खुशी मिलेगी। मेरा मानना है कि जब आप खिलाड़ियों को अपनी मर्जी से खेलने देते हैं तो वे अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 0.599 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.566 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.310 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.018 |
| 7. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -1.173 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |
| 10. | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -1.076 |

## हाईलाइट

### द, अफ्रीका को 2-0 की बढ़त, भारतीय महिलाएं फिर हारीं

**डरबन।** क्लो ट्रायोन (22 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के कमाल के बाद कप्तान लौरा वोल्वार्ट (54) और सुने लुस (57) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी के बूते दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज के दूसरे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को यहां भारत को 17 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराया। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के आक्रामक 57 रन के बावजूद भारतीय टीम 147 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने 17.1 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाकर सीरीज में 2-0 की बढ़त कायम कर ली। वोल्वार्ट ने 34 गेंदों की पारी में सात चौके और एक छक्का, जबकि लुस ने 46 गेंदों की पारी में छह चौके और एक छक्का जड़ा। दोनों ने महज 73 गेंदों में 106 रन की साझेदारी कर टीम की एकतरफा जीत सुनिश्चित की। भारतीय क्षेत्ररक्षण काफी खराब रहा और टीम ने कई आसान कैच टपकाए।

### सीएसके को झटका म्हात्रे का मौजूद सत्र में खेलना संदिग्ध

**हैदराबाद।** युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे का चोटिल होने के कारण आईपीएल के मौजूदा सत्र में आगे खेलना संदिग्ध है जो चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए करारा झटका है। सीएसके के सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान 18 वर्षीय म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इस मैच में इंपैक्ट प्लेयर के रूप में खेलने वाले म्हात्रे काफी असहज नजर आ रहे थे और उसके बाद वह लंबे समय तक क्रीज पर नहीं टिक पाए। सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, उसकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है। अभी मुझे नहीं पता कि चोट कितनी गंभीर है। हम कल या परसों उसका स्कैन करवाएंगे।

# मुंबई को एक और झटका देना चाहेगा गुजरात

**अहमदाबाद, एजेंसी**

पिछले तीन मैच में जीत हासिल करके आत्मविश्वास से भारी गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां होने वाले आईपीएल के मैच में लगातार हार से दबाव में चल रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। पिछले कुछ सप्ताह में इन दोनों टीमों का प्रदर्शन बिल्कुल विपरीत रहा है।

गुजरात टाइटंस ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की थी, लेकिन उसके बाद उसने लगातार तीन मैच जीत कर लय हासिल कर ली है और वह तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। गुजरात टाइटंस ने अपनी समस्याओं के बावजूद जीत हासिल करने के तरीके खोज लिए हैं। उसकी बल्लेबाजी अभी भी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर काफी हद तक निर्भर है, जिसमें कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर ही अधिकतर रन बनाने का जिम्मा संभालते हैं। ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाज अभी तक विश्वसनीय प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। गेंदबाजी की बात करें तो गुजरात के गेंदबाजों ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मोहम्मद सिराज और कागिसो रबाडा कई बार महंगे साबित हुए हैं, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है।


अभ्यास सत्र के दौरान गुजरात जाइंट्स के प्रसिद्ध कृष्णा। एजेंसी

### लगातार हार से दबाव में मुंबई इंडियंस

मुंबई ने अपने पहले मैच में जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद से उसका प्रदर्शन खराब होता चला गया है। उसे लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है और उनकी हार का अंतर बहुत बड़ा रहा है, जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। पांच बार की चैंपियन टीम मुंबई पर खराब प्रदर्शन के कारण काफी दबाव है और उसे अगर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो अब हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। उसकी टीम पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इसके अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अनियमित प्रदर्शन और गेंदबाजी आक्रमण में धार की कमी ने उसे बुरी तरह प्रभावित किया है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा मुंबई इंडियंस के मध्यक्रम के मुख्य आधार रहे हैं लेकिन यह दोनों ही अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

### टीम

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा, आर साई किशोर, इशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, जयंत यादव, कुलवंत खेजरोलिया।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मो. इज़हार, रघु शर्मा।

# नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर खोला जीत का खाता


जुझारू पारी के दौरान शॉट लगाते रिंकू सिंह।

**कोलकाता, एजेंसी**

वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी के जादू के बाद रिंकू सिंह के जुझारू अर्धशतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां विषम परिस्थितियों से उबरते हुए राजस्थान रॉयल्स चार विकेट से हराकर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला।

रॉयल्स के 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स की टीम 14वें ओवर में 85 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन रिंकू (नाबाद 53 रन, 34 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और अनकूल रॉय (नाबाद 29, 16 गेंद, दो छक्के, एक चौका) के बीच सातवें विकेट की 37 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 19.4 ओवर में छह विकेट पर 161 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही।

सात मैच में पहली जीत दर्ज करने के बाद नाइट राइडर्स की टीम तीन अंक के साथ 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गई है। लगातार दूसरी हार के बाद रॉयल्स की टीम छह मैच में आठ अंक के तीसरे स्थान पर है। सलामी बल्लेबाजों वैभव सूर्यवंशी (46 रन, 28 गेंद, छह चौके, दो छक्के) और यशस्वी जायसवाल (39 रन, 29 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के बीच पहले विकेट के लिए 8.4 ओवर में 81 रन की साझेदारी के बावजूद रॉयल्स की टीम नौ विकेट पर 155 रन ही बना सकी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में पांच रन के स्कोर तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों टिम सीफर्ट और कप्तान अजिंक्य रहाणे के विकेट गंवा दिए जो खाता खोलने में भी नाकाम रहे। जोफ्रा आर्चर ने पारी की पहली ही गेंद पर सीफर्ट को बोल्ड किया जबकि अगले ओवर में नांद्रे बर्गर ने रहाणे को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया।

### राजस्थान रॉयल्स

**155/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का रहाणे बो नारायण | 39 |
| वैभव सूर्यवंशी का रमनदीप बो चक्रवर्ती | 46 |
| ध्रुव जुरेल स्टं सीफर्ट बो चक्रवर्ती | 05 |
| रियान पराग बो चक्रवर्ती | 12 |
| शिमरोन हेटमायर का रघुवंशी बो त्यागी | 15 |
| डोनोवन फरेरा कैच एवं बो नारायण | 07 |
| रविंद्र जडेजा का ग्रीन बो त्यागी | 09 |
| जोफ्रा आर्चर रन आउट | 08 |
| रवि बिश्नोई का सीफर्ट को त्यागी | 00 |
| ब्रिजेश शर्मा नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 13, **विकेट पतन** : 1-81, 2-97, 3-99, 4-117, 5-124, 6-144, 7-146, 8-146, 9-155

**गेंदबाजी** : अरोड़ा 4-0-37-0, त्यागी 4-0-22-3, ग्रीन 2-0-27-0, नारायण 4-0-26-2, चक्रवर्ती 4-0-14-3, रमनदीप 2-0-26-0

### कोलकाता नाइट राडर्स

**161/6** (19. 4 ओवर)

| | |
|---|---|
| टिम सीफर्ट बो आर्चर | 00 |
| अजिंक्य रहाणे का जुरेल बो बर्गर | 00 |
| अंगकृष रघुवंशी पगबधा बो जडेजा | 10 |
| कैमरन ग्रीन स्टं जुरेल बो बिश्नोई | 27 |
| रोवमैन पावेल का फरेरा बो जडेजा | 23 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 53 |
| रमनदीप सिंह बो यश | 10 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 29 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1-0, 2-5, 3-37, 4-52, 5-70, 6-85

**गेंदबाजी** : आर्चर 4-0-35-1, बर्गर 2-0-20-1, बिश्नोई 4-0-41-1, यश 4-0-25-1, जडेजा 3-0-8-2, ब्रिजेश 1.4-0-21-0

**53** रनों की नाबाद पारी रिंकू सिंह ने 34 गेंदों पर खेली, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं

## सफलता

### पेनाल्टी शूटआउट तक खिंचे फाइनल में एटलेटिको को 4-3 से हराया

# रियल सोसिडाड ने कोपा डेल रे का खिताब जीता

**सेविले (स्पेन), एजेंसी**

रियल सोसिडाड ने पेनल्टी शूटआउट में एटलेटिको मैड्रिड को हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद 2-2 से बराबरी पर था जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया।

सोसिडाड के गोलकीपर उनाई मैरेरो ने अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियन अल्वारेज़ के शॉट को बचाया। इसके बाद पाब्लो मारिन ने अंतिम किक को गोल में बदला जिससे सोसिडाड ने शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। अमेरिका के पेलेग्रिनो माटाराज़ो के सोसिडाड का कोच बनने के बाद स्पेन के क्लब की यह पहली जीत है। माटाराजो ने कहा यह अविश्वसनीय सफर रहा है।


खिताब के साथ जश्न मनाते रियल सोसिडाड के खिलाड़ी।

### एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में विसेल कोबे से टकराएगा अल अहली

**जेद्दा।** सऊदी अरब का क्लब अल अहली चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सोमवार को जापान के विसेल कोबे से भिड़ेगा। एशिया के इस प्रमुख क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में जापान की माचिदा ज़ेलविया का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल अहली से होगा। पिछले साल मई में पहली बार खिताब जीतने वाले अल अहली ने क्वार्टर फाइनल में यहां मलेशिया के जोहोर दारुल ताज़िम को 2-1 से हराया। जेद्दा टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण की मेजबानी कर रहा है। अली मजराशी ने 19वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जिससे जोहोर को बढ़त मिल गई। अल अहली के इस डिफेंडर को जल्द ही लाल कार्ड दिखाया गया।

### मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने रैपिड्स को हराया

**कॉमर्स सिटी (अमेरिका)।** लियोनेल मेसी ने विश्व कप से पहले अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में कोलोराडो रैपिड्स के खिलाफ दो गोल किए जिससे उनकी टीम ने यह मैच 3-2 से जीतकर अपना अजेय अभियान सात मैच तक पहुंचा दिया। इंटर मियामी की गुइलेर्मो होयोस के अंतरिम कोच बनने के बाद यह पहली जीत थी। मेसी ने 13वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर स्कोरिंग की शुरुआत की और 79वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। इंटर मियामी की तरफ से एक अन्य गोल जर्मन बर्तेरामे ने किया।